CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम: 14°C

लखनऊ, रविवार 9 नवम्बर 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 4 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 | 17 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**उप्र में 50 लाख से ज्यादा मतदाताओं का नाम एक से अधिक मतदान केंद्रों पर होने की आशंका** पेज 2



**भारत ने 2-1 से जीती सीरीज, अभिषेक बने प्लेयर ऑफ द सीरीज** खेल टाइम्स



**तुर्की की अदालत ने जारी किया नेतन्याहू का गिरफ्तारी वारंट** पेज 11



**अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक** बॉलीवुड

## अविवाहित बेटी पिता से गुजारा-भत्ता नहीं ले सकती: केरल हाईकोर्ट

**तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने कहा ईसाई धर्म मानने वाली अविवाहित बेटी अपने पिता से गुजारा-भत्ता लेने का दावा नहीं कर सकती। अदालत ने स्पष्ट किया कि क्रिश्चियन पर्सनल लॉ में इसके लिए कोई प्रावधान नहीं है। जबकि मुस्लिम पर्सनल लॉ और हिंदू दत्तक एवं भरण-पोषण अधिनियम (एचएएमए) में ऐसा हक मौजूद है। केरल हाईकोर्ट के जस्टिस डा. कौसर एडप्पागथ की बेंच ने 29 अक्टूबर की एक याचिका पर सुनवाई की, जिसमें 65 वर्षीय ईसाई व्यक्ति ने फैमिली कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें उसे अलग रह रही पत्नी को हर महीने 20,000 रुपये और 27 साल की अविवाहित बेटी को 10,000 रुपये भरण-पोषण देने का निर्देश दिया गया था। याचिकाकर्ता का कहना था कि उसकी बेटी याचिका दायर होने के समय बालिग थी, इसलिए वह भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं है। साथ ही उसने कहा कि उसकी पत्नी उसे छोड़कर अलग रहती है और आर्थिक रूप से सक्षम है।

# प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सिस्टम 300 साल पुराना

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा: इससे प्रॉपर्टी खरीदना सदमे जैसा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने जमीन की रजिस्ट्री और जमीन के मालिकाना के ढांचे में बुनियादी सुधार की जरूरत बताई है। कोर्ट ने कहा कि ब्रिटिश राज के समय के कानूनों पर टिके मौजूदा ढांचे ने भ्रम, अकुशलता और बड़े स्तर पर मुकदमे पैदा किए हैं।

जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस जायमाल्या बागची की बेंच ने सुझाव दिया कि ये समस्याएं खत्म करने के लिए सरकार ब्लॉकचेन जैसी टेक्नोलॉजी इस्तेमाल करने पर विचार करे। साथ ही, विधि आयोग को इस पर विस्तृत अध्ययन करने को कहा। आयोग से केंद्र, राज्य सरकारों, विशेषज्ञों और अन्य संबंधित पक्षों से रायशुमारी करके रिपोर्ट सौंपने को कहा गया है। प्रॉपर्टी खरीदने-बेचने का सिस्टम तीन सौ साल पुराने कानूनों से संचालित है। ये अलग दौर में बने थे। लेकिन, आज भी रीढ़ बने हुए हैं। इन कानूनों ने स्वामित्व और रजिस्ट्रेशन के बीच असमानता बना रखी है। कोर्ट ने बिहार रजिस्ट्रेशन रूल्स, 2008 का नियम 19 रद्द करते हुए ये टिप्पणियां कीं। कोर्ट ने कहा जमीन रजिस्ट्रेशन का पुराना तरीका संपत्ति खरीदने-बेचने को मुश्किल और उलझा हुआ बनाता है। संपत्ति खरीदना कभी आसान नहीं, बल्कि सदमे जैसा है। दीवानी मामलों में करीब 66 फीसदी विवाद संपत्ति से जुड़े हैं।

**हमें नए ढंग से सोचना होगा, विकल्प तलाशने होंगे**



### अकोला दंगा: सीजेआई के पास जाएगा मामला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अकोला दंगा मामले में महाराष्ट्र सरकार की याचिका पर स्प्लिट वर्डिक्ट (मतभेद वाला फैसला) सुनाया। सरकार ने याचिका में विशेष जांच दल (एसआईटी) में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के पुलिस अधिकारियों को शामिल करने के निर्देश की समीक्षा मांगी थी। सरकार ने याचिका में कहा था कि पुलिस को धार्मिक आधार पर बांटना राज्य की धर्मनिरपेक्ष नीतियों के खिलाफ है। पुलिसवाले का कोई धर्म नहीं होता।

# रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव हैं वंदे भारत ट्रेनें: मोदी



**पीएम ने वाराणसी से देशभर में चार नई वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक विकास के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती पर बल देते हुए कहा कि वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं।

श्री मोदी ने शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से देश भर में चार नई वंदेभारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि दुनिया भर के विकसित देशों में, आर्थिक विकास का बहुत बड़ा कारण वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर रहा है। जिन भी देशों में बड़ी प्रगति, बड़ा विकास हुआ है, उनके आगे बढ़ने के पीछे बहुत बड़ी शक्ति वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की है। उन्होंने कहा कि आज भारत भी बहुत तेज गति से विकास के रास्ते पर चल रहा है। इसी कड़ी में, आज देश के अलग-अलग हिस्सों में नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत हो रही है। काशी से खजुराहो वंदेभारत के अलावा, फिरोजपुर-दिल्ली वंदेभारत, लखनऊ- सहारनपुर वंदेभारत और एर्नाकुलम-बेंगलुरु वंदेभारत, इसको भी हरी झंडी दिखाई गई है। इन चार नई ट्रेनों के साथ ही, अब देश में एक सौ साठ से ज्यादा नई वंदे भारत ट्रेनों का संचालन होने लगा है।

## कुपवाड़ा में सेना ने दो आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दो अज्ञात आतंकवादियों को मार गिराया है। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि सतर्क सैनिकों ने शुक्रवार देर रात नियंत्रण रेखा के पास संदिग्ध गतिविधि देखी और घुसपैठियों को चुनौती दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। घुसपैठियों ने अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

# संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सत्र में केवल 15 बैठकें होंगी**

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र एक दिसम्बर से शुरू होकर 19 दिसम्बर तक चलेगा और इस अपेक्षाकृत संक्षिप्त सत्र के दौरान केवल 15 बैठकें होंगी। संसदीय कार्य मंत्री किरन रिजिजू ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में शीतकालीन सत्र की घोषणा करते हुए इसके रचनात्मक और सार्थक रहने की उम्मीद जताई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एक दिसम्बर से 19 दिसम्बर तक संसद का शीतकालीन सत्र बुलाने के सरकार के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हम एक रचनात्मक और सार्थक सत्र की आशा करते हैं, जो हमारे लोकतंत्र को मजबूत करेगा और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करेगा। बिहार विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद हो रहे इस सत्र पर चुनाव परिणामों का स्पष्ट असर दिखाई देगा और जहां सरकार निर्धारित विधायी एजेन्डे को पूरा करने की भरपूर कोशिश करेगी वहीं विपक्ष विभिन्न मुद्दों पर सरकार को घेरेगा। इस संक्षिप्त सत्र में सरकार विभिन्न समितियों के पास लंबित तीन महत्वपूर्ण विधेयकों संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक 2025, संघ राज्य क्षेत्र सरकार (संशोधन) विधेयक 2025 और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025 को पारित कराना चाहेगी। इसके अलावा अन्य विधेयकों को पारित कराने के लिए भी सरकार विपक्ष को विश्वास में लेने की कोशिश करेगी।






## संक्षिप्त समाचार

### विकास-विश्वास की नई गाथा लिखने को तैयार है बिहार: योगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को बिहार में दो चुनावी सभाओं को संबोधित करने से पहले कहा है कि बिहार की तपोभूमि विकास और विश्वास की नई गाथा लिखने को तैयार है। मुख्यमंत्री योगी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शनिवार को लिखा है कि बिहार भारत की आत्मा का स्वर है। यहां आकर भारत की आत्मा से साक्षात्कार की अनुभूति होती है। योगी ने कहा कि आज सत्याग्रही भूमि पूर्वी चंपारण और तपोभूमि गया जी की विकासप्रिय जनता-जनार्दन से संवाद करूंगा। उन्होंने कहा है कि बिहार की जनता एक बार फिर भाजपा-एनडीए सरकार के साथ विकास और विश्वास की नई कहानी लिखने को तैयार है। गौरतलब है कि बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर घमासान तेज हो गया है।

### एक मंच पर दो नेता जंगलराज रिटर्न्स 2.0: केशव मौर्य

**लखनऊ।** बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान वार-पलटवार के बीच उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने राजद नेता तेजस्वी यादव और कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर निशाना साधा है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जब ये दोनों नेता एक साथ एक मंच पर दिखते हैं, तो जंगलराज रिटर्न्स 2.0 दिखाई देता है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट किया और महागठबंधन पर तीखा हमला किया। डिप्टी सीएम ने लिखा कि जब श्री तेजस्वी यादव और श्री राहुल गांधी एक साथ मंच साझा करते हैं, तो यह दृश्य किसी चुनावी गठबंधन से अधिक जंगलराज रिटर्न्स 2.0 की पटकथा जैसा लगता है।

# मैं निहत्था और बिहार में जंगलराज

## चुनाव में न जाने पर आजम खांन ने व्यक्त की दिल की पीड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामपुर।** समाजवादी पार्टी की ओर से स्टार प्रचारक घोषित होने के बाद भी सपा के दिग्गज नेता आजम खान बिहार चुनाव में नहीं गए। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए अपने चिर परिचित अंदाज में इसकी वजह भी बताई और कहा कि वहां जंगल राज है और मैं निहत्था। ऐसे में वह जंगल में कैसे जा सकते हैं।

उन्होंने जस्टिस लोया का उदाहरण दिया और कहा कि इस जंगल में तो जज भी सुरक्षित नहीं है। आजम खान ने पीएम मोदी और बिहार के सीएम नीतीश कुमार पर भी हमला बोला और कहा कि जो लोग 20 साल सत्ता में हैं, फिर भी जंगलराज की बात कर रहे हैं, उन्हें डूब मरना चाहिए। एक मीडिया एजेंसी से बात करते हुए आजम खान ने रामपुर से एक विधायक पर करारा प्रहार किय और कहा कि उनके पूर्वज हथियार बेचते थे। 50 साल पहले उनके पूर्वजों को रामपुर मेड पिस्टल से भरे बक्से के साथ ट्रेन में पकड़ा गया था। बावजूद इसके वह कई बार विधायक बने और केंद्र से जेड श्रेणी सिक्योरिटी भी पा लिए। उन्होंने कहा कि वह तो इन लोगों से भी गए गुजरे हैं। इसी के साथ उन्होंने व्यंग्य कसते हुए कहा कि हम तो मुर्गी चोर, बकरी चोर, शराब की दुकान लूटने वाले और किताब चोर हैं। आजम खान ने वाई श्रेणी सिक्योरिटी वापस करने पर बयान दिया और कहा कि उन्हें आज तक सुरक्षा देने संबंधी कोई भी लिखित आदेश नहीं मिला है। चूंकि सिक्योरिटी उन्हें हवा में मिली थी, इसलिए उन्होंने हवा में ही उसे वापस भी कर दी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज तक न तो कोई कान्स्टेबल मिला, न ही किसी दरोगा का नाम बताया गया, लेकिन अखबारों में इस संबंध में खबर जरूर पढ़ने को मिली। उन्होंने कहा कि लोग एक बार गांव का प्रधान भी बन जाते हैं तो उनकी कोठियां खड़ी हो जा रही हैं, लेकिन वह नेता प्रतिपक्ष रहने के बाद भी अपने लिए एक कोठरी नहीं बना सके।

# यूपी में 50 लाख से ज्यादा मतदाताओं के नाम एक से अधिक मतदान केंद्र पर होने की आशंका

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ उप्र चुनाव आयोग से जुड़े एक अफसर ने दी जानकारी

**लखनऊ।** उप्र में 2026 के पंचायत चुनावों के लिए 12 करोड़ मतदाताओं वाली मतदाता सूची का पुनरीक्षण राज्य चुनाव आयोग के लिए टेढ़ी खीर साबित हो रहा है।

आयोग से जुड़े सूत्रों का कहना है कि अधिकारियों को संदेह है कि राज्य में 50 लाख से ज्यादा मतदाता ऐसे हैं जिनके नाम एक से ज्यादा मतदान केंद्रों पर हैं। आयोग से जुड़े एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, अब तक राज्य निर्वाचन आयोग ने 12 लाख से ज्यादा नकली मतदाताओं की पहचान कर ली है और 1.63 लाख नाम पंचायत मतदाता सूची से हटा दिए गए हैं। पंचायत चुनावों के लिए, बूथ स्तर के अधिकारी (बीएलओ) वर्तमान में अपने-अपने क्षेत्रों में मतदाता सूचियों की जांच कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग का लक्ष्य 15 जनवरी 2026 तक मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया पूरी करके अंतिम सूची प्रकाशित करना है।

राज्य में पंचायत चुनाव अप्रैल और जुलाई 2026 के बीच होने की संभावना है। कई मामलों में एक ही नाम दो से ज्यादा मतदान केंद्रों पर दर्ज पाए गए, जिसके कारण आयोग ने मतदाता सूची को दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया है। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की सीमा पर रहने वाले और शहरी क्षेत्रों में नए घर बनवाने वाले मतदाताओं पर ध्यान दिया जा रहा है। उप्र राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक ऑनलाइन बैठक की और उन्हें मतदाता सूची पुनरीक्षण की सभी तैयारियां पूरी करने को कहा। एसईसी ने विभिन्न पदों के उम्मीदवारों के लिए अधिकतम व्यय सीमा भी तय कर दी है। जिला पंचायत अध्यक्ष पद के उम्मीदवार अधिकतम 7 लाख खर्च कर सकते हैं। ग्राम पंचायत सदस्यों के लिए अधिकतम सीमा 10,000 है। ग्राम पंचायत प्रधान पद का प्रत्याशी चुनाव के दौरान 1,25,000 तक खर्च कर सकता है, जबकि क्षेत्र पंचायत सदस्य पद का प्रत्याशी1 लाख तक खर्च कर सकता है। जिला पंचायत सदस्य पद का उम्मीदवार 2.5 लाख तक और क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष पद का उम्मीदवार 3.5 लाख तक खर्च कर सकता है।

## प्रियंका गांधी ने मोदी और चुनाव आयोग पर किया तीखा हमला

# पीएम बोल रहे झूठ, करवा रहे वोटों की चोरी

कटिहार, वार्ता



■ पीएम मोदी को कट्टा, गोली, फिरौती और रंगदारी, देना होगा जवाब

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक जुबानी जंग जारी है। पीएम मोदी अपनी जनसभाओं में लगातार विपक्ष पर जंगलराज का आरोप लगाते हुए निशाना साध रहे हैं।

अब कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर पलटवार किया है। इस दौरान प्रियंका ने चुनाव आयोग को भी लपेटा है। उन्होंने पीएम मोदी और चुनाव आयोग पर बेहद तीखा हमला किया है। प्रियंका गांधी ने कटिहार जिले में एक जनसभा में कहा कि अब नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के पद की गरिमा को भी बरकरार नहीं रख पा रहे हैं। पीएम मोदी अपनी जनसभाओं में कट्टा, गोली, फिरौती और रंगदारी जैसी बातें करते हैं। असल में इनके पास कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए अपनी भाषा का स्तर इतना नीचे गिरा चुके हैं। प्रियंका गांधी ने लोगों से पूछते हुए कहा कि अब आप ही बताइए कोई इतना नीचे कैसे गिर सकता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को देश की जनता पहचान गई है। अब जनता मोदी के झूठ से गुमराह नहीं हो रही है, इसीलिए पीएम मोदी चुनाव जीतने के लिए अब वोट चोरी पर उतर आए हैं। प्रियंका गांधी ने पीएम मोदी पर हमला करते हुए चुनाव आयोग को भी घेरा है। उन्होंने पीएम मोदी चुनाव आयोग के तीन लोगों के साथ मिलकर वोट चोरी कर रहे हैं। इनके नाम ज्ञानेश कुमार, विवेक जोशी और एस. एस. संधू हैं। यही तीन लोग पीएम मोदी के साथ वोट चोरी कर रहे हैं। ये सभी चुनाव आयोग के सबसे ऊंचे अधिकारी हैं।

ये लोग देश के संविधान और लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं और वोट चोरी में सरकार का साथ दे रहे हैं। प्रियंका गांधी ने कहा कि चुनाव आयोग के तीनों अधिकारी जनता का अधिकार छीन रहे हैं। उन्होंने जनसभा मौजूद लोगों से कहा कि इनके नाम याद कर लीजिए, इन्हें पद के पीछे छिपने मत दीजिए। यहीं तीनों अधिकारी हैं जो लोग लोकतंत्र और संविधान के साथ विश्वासघात कर रहे हैं, उन्हें देश भूलेगा नहीं। इन सभी को आने वाले समय में जवाब देना पड़ेगा। प्रियंका गांधी ने संविधान ने जनता को वोट डालने की शक्ति दी है, जिससे सरकार बनाने का निर्णय आप लेते हैं, लेकिन जब बीजेपी को पता चला कि जनता खिलाफ हो रही है, तो उसने आपके अधिकारों को कमजोर करने के लिए 'वोट चोरी' करनी शुरू कर दी।

### सरकार के पास संसद में करने को काम नहीं, बुला रही है छोटे सत्र : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि संसद का शीतकालीन सत्र एक से 20 दिसम्बर तक बुलाया गया है, लेकिन सत्र देर से बुलाने और इसमें महज 15 बैठकों के आयोजन से स्पष्ट हो जाता है कि सरकार के पास संसद में कराने के लिए कोई काम नहीं बचा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि ससंसद का शीतकालीन सत्र एक दिसंबर से 19 दिसंबर तक होगा। इसमें असामान्य रूप से देरी के साथ ही काम के दिनों में कटौती की गई है। यह सिर्फ 15 कार्य दिवस का होगा। क्या संदेश दिया जा रहा है? उन्होंने कहा कि सरकार की इस घोषणा में स्पष्ट संदेश है कि उसके पास काम नहीं है। शीतकालीन सत्र को लेकर सरकार की घोषणा पर उन्होंने आगे लिखा कि स्पष्ट रूप से सरकार के पास संसद कार्यवाही के दौरान करने के लिए कोई काम नहीं बचा है।

# उत्तराखंड का बना दिया है भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ राज्य के गठन की नींव नेता जी ने रखी थी

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से जूझते उत्तराखंड को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बना दिया गया है।

नौ नवम्बर को उत्तराखंड राज्य की स्थापना दिवस पर अपने संदेश में उन्होंने पर्वतीय राज्य के लोगों की सुख-समृद्धि की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी उत्तराखंडवासियों के हितों तथा विकास के लिए प्रतिबद्ध है और वह उनके सुख दुख में हमेशा साथ है। उन्होंने कहा कि इसके गठन की नींव नेताजी मुलायम सिंह यादव ने डाली थी। जनमत संग्रह कराकर अलग राज्य के रूप में उप्र के दोनों सदनों में उत्तराखंड राज्य के निर्माण का प्रस्ताव पास कराकर केन्द्र सरकार को भेजा था मगर 25 सालों में उत्तराखंड की जनता को आकांक्षाओं के अनुरूप अपेक्षित परिणाम नहीं मिले। श्री यादव ने कहा कि पर्यावरण का ख्याल किए बगैर विकास के नाम पर अंधाधुंध जंगल कटान और अवैध खनन से उत्तराखंड भारी वर्षा, बादलों के फटने के अलावा भूस्खलन की समस्याओं से लगातार जूझ रहा है। जनधन की भारी क्षति हो रही है। बेरोजगारी चरम पर है। सीमावर्ती 1796 गांव मानव विहीन हो गए। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गई है। शिक्षा की दशा बदहाल है। उद्योग धंधों का अभाव है।



सेंसेक्स 84556.40
निफ्टी 25891.40



सोना रु. 125770
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 155000
प्रति किलो



# डिजिटल सेवाओं को बेहतर बना रहा डिजीलॉकर

■ नागरिकों और मंत्रालयों व विभागों को जोड़ने में बन रहा है ट्रस्ट लेयर: एस कृष्णन

**नई दिल्ली।** पहचान पत्र, प्रमाण-पत्र और जरूरी सूचनाओं को डिजिटल रूप में सुरक्षित रखने की डिजलॉकर सुविधा पर राजधानी में हुए एक सम्मेलन में कागजरहित कामकाज, समावेशी शिक्षा और सुरक्षित डिजिटल सेवाओं को सुविधाजनक बनाने में इस की परिवर्तनकारी भूमिका को रेखांकित किया गया।

सम्मेलन में कहा गया है कि डिजीलॉकर ने डिजिटल व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ाने में बड़ा योगदान किया है और यह देश में डिजिटल ट्रस्ट क्रांति में महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। 'डिजीलॉकर-सभी के लिए पेपरलेस एक्सेस को सक्षम बनाना' विषय पर भारत मंडपम में आयोजित सम्मेलन में डिजीलॉकर को बढ़ावा देने में उल्लेखनीय योगदान करने वाले राज्यों को सम्मानित भी किया गया। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मंत्रालय के नेशनल ई-गवर्नेंस डिविजन (नेजीडी) द्वारा आयोजित इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य इस बात पर चर्चा करना और यह दर्शाना था कि डिजीलॉकर कैसे एक साधारण सुरक्षित दस्तावेज भंडारण सुविधा और दक्षता की आधारशिला के रूप में विकसित हो रहा है।

मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने राष्ट्रीय डिजीलॉकर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए कहा कि डिजीलॉकर नागरिकों, मंत्रालयों और विभागों को जोड़ने वाली ट्रस्ट लेयर (विश्वास की परत) के रूप में काम करता है , जो सुरक्षित, इंटरऑपरेबल और जवाबदेह डिजिटल गवर्नेंस को सक्षम बनाता है। डिजिटल कनेक्टिविटी (सम्पर्क सुविधा) से क्षमता बढ़ी है, सर्विस डिलीवरी से आत्मनिर्भरता आ रही और अब डिजिटलीकरण से भरोसा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा विजन ऐसा भविष्य है जहां हर डिजिटल संपर्क भरोसेमंद हो, हर नागरिक सशक्त हो, और हर संस्थान जवाबदेह हो। इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अपर सचिव अभिषेक सिंह ने टेक्नोलॉजी-आधारित गवर्नेंस में भारत की यात्रा को 'डिजिटल ट्रस्ट क्रांति' बताया। उन्होंने लाखों लोगों के लिए गवर्नेंस सिस्टम में विश्वास बनाने में डिजीलॉकर की महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। नेजीडी के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंद कुमारम ने डिजीलॉकर के सुरक्षित डॉक्यूमेंट स्टोरेज प्लेटफॉर्म से डिजिटल इंडिया के मुख्य स्तंभ के रूप में विकसित होने की जानकारी दी। वित्त विभाग में प्रधान सचिव (एएंडटी) डा. ऋचा बागला ने महाराष्ट्र में पेंशन और ट्रेजरी सिस्टम के साथ डिजिलॉकर के इंटीग्रेशन पर प्रस्तुति दी। असम के प्रधान सचिव (आईटी) केएस गोपीनाथ ने राज्य में सेवा सेतु पोर्टल के माध्यम से 500 से ज्यादा सेवाओं में डिजिलॉकर के समन्वय पर प्रस्तुति दी।

### जी-20 शिखर बैठक: कांग्रेस ने पीएम पर कसा तंज

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने जी-20 शिखर बैठक में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के शामिल नहीं होने की खबर के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि अब इस बैठक में प्रधानमंत्री के जाने की संभावना है। जी-20 देशों की शिखर बैठक 22 तथा 23 नवम्बर को दक्षिण अफ्रीका में हो रही है। माना जा रहा है कि अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका के बीच चल रही अनबन के मद्देनजर ट्रम्प इस बैठक में शामिल नहीं हो रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने मोदी के बैठक में शामिल होने को लेकर लिखा कि अब जब ट्रम्प ने घोषणा की है कि वह दक्षिण अफ्रीका में जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे, तो हम निश्चित हो सकते हैं कि स्वयंभू विश्वगुरु स्वयं व्यक्तिगत रूप से भाग लेंगे।

# लखनऊ से चली सहारनपुर के लिए वंदे भारत एक्सप्रेस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से लखनऊ से सहारनपुर के बीच चलने वाली नई वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

लखनऊ जंक्शन पर आयोजित शुभारम्भ समारोह में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, लखनऊ की महापौर श्रीमती रत्ना खारवाल, भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष, रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में यात्रीगण एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। समारोह के दौरान यात्रियों में विशेष उत्साह देखा गया और सबने नई सेवा के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया। यह लखनऊ से चलने वाली दूसरी वंदे भारत एक्सप्रेस है, जबकि राजधानी होकर गुजरने वाली कुल पांच वंदे भारत ट्रेनें लखनऊ से जुड़ गई हैं। इस नई ट्रेन के शुरू होने से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक, व्यापारिक और शैक्षणिक क्षेत्रों से राजधानी लखनऊ तक आवागमन और भी तेज और सुविधाजनक हो गया है। ट्रेन संख्या 26504 लखनऊ से सहारनपुर की ओर सुबह पांच बजे रवानगी होगी और दोपहर बारह पैंतालीस पर सहारनपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 26503 सहारनपुर से दोपहर तीन बजे चलकर रात ग्यारह बजे लखनऊ पहुंचेगी। इस बीच यह ट्रेन सीता. पुर, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीबाबाद और रुड़की स्टेशनों पर रुकेगी। सप्ताह में यह सेवा सोमवार का दिन छोड़कर छह दिन संचालित होगी। वंदे भारत की यह यात्रा सामान्य ट्रेनों की तुलना में लगभग एक घंटे कम समय में पूरी होगी। अत्याधुनिक इंजन, बेहतर ब्रेकिंग सिस्टम और वायुगतिकीय ढांचा इस ट्रेन को अधिक गति और स्थिरता प्रदान करता है।



पीएम मोदी ने किया वर्चुअल शुभारम्भ,यात्रियों में उत्साह, लखनऊ से चलने वाली पांचवीं वंदे भारत बनी

# केवल आधार से नहीं चलेगा काम, देने होंगे ये दस्तावेज

**लखनऊ।** आगामी विधानसभा चुनावों से ठीक पहले उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण का काम तेज कर दिया है। इसी के साथ नए वोटर बनाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में आयोग ने सभी जिलों के डीएम को दिशा निर्देश देते हुए साफ तौर पर कहा है कि नए वोटर बनाने के लिए सपोर्टिंग डॉक्यूमेंट के रूप में केवल आधार पर्याप्त नहीं है। आधार के साथ चुनाव आयोग द्वारा पहचान और नागरिकता के साथ ही जन्म प्रमाण तय करने के लिए निर्धारित कुछ जरूरी दस्तावेज भी दाखिल करने होंगे।

यह निर्देश 9 सितंबर 2025 के आयोग के पत्र और संलग्नक पर आधारित है। ऐसे में नया वोट बनवाने के लिए आधार के अलावा केंद्र/राज्य सरकार या पीएसयू के कर्मचारी/पेंशनभोगी का आईडी या पेंशन ऑर्डर के प्रति लगाई जा सकती है। इसी प्रकार 1 जुलाई 1987 से पहले जारी सरकारी/बैंक/डाकघर/एलआईसी का आईडी को भी वैध माना गया है। आयोग के मुताबिक जन्म प्रमाणपत्र, पासपोर्ट, मैट्रिक सर्टिफिकेट, स्थाई निवास प्रमाणपत्र, वन अधिकार प्रमाणपत्र तथा ओबीसी, एससी व एसटी जाति प्रमाणपत्र, राष्ट्रीय नागरिकता प्रमाण पत्र भी लगाया जा सकता है। चुनाव आयोग ने यह निर्देश मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए किया है। आयोग ने साफ कहा है कि देश में ऐसा कोई नहीं चाहता कि अवैध रूप से रह रहे प्रवासियों को मतदाता सूची में जगह मिले। मतदाता सूची के पुनरीक्षण का उद्देश्य भी यही है। ऐसे में नया वोट बनाते समय ही जरूरी एहतियात बरतने की जरूरत है। इस संबंध में चुनाव आयोग ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीएम)को मोबाइल पर स्पेशल मैसेज भेजा है। इसमें साफ कर दिया है कि संविधान के अनुच्छेद 326 के तहत आधार अकेला मतदाता बनने की योग्यता नहीं देता। यह मैसेज दो हिस्सों में है। पहला हिस्सा मुख्य चुनाव आयुक्त की वीडियो रिकॉर्डिंग के रूप में है, वहीं दूसरे हिस्से में उनकी ओर से लिखित संदेश है। वीडियो में सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा है कि आधार एक्ट की धारा-9 स्पष्ट करती है कि आधार न तो नागरिकता (सिटीजनशिप) का प्रमाण है और न ही निवास (डोमिसाइल) का। इसी प्रकार जन्मतिथि को लेकर भी कोर्ट ने कई बार स्थिति स्पष्ट की है।

# ईडी ने कांग्रेस विधायक की 21 करोड़ की संपत्ति अटैच की

गोवा, वार्ता

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी)ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने कांग्रेस विधायक सतीश कृष्ण सैल और उनके साथियों की 21 करोड़ रुपए संपत्ति अटैच की है। यह कार्रवाई अवैध रूप से लौह अयस्क के निर्यात से जुड़ी है। ईडी की जांच में कई बड़े खुलासे हुए हैं।

ईडी की जांच में पता चला कि सतीश सैल, जो श्री मल्लिकार्जुन शिपिंग प्राइवेट लिमिटेड (एसएमएसपीएल)के एमडी हैं, उन्होंने 2010 में बेले. केरी पोर्ट से बिना अनुमति के बड़ी मात्रा में लौह अयस्क की खरीद की थी और बाद में उसे चीन भेज दिया। इसके लिए उन्होंने हॉन्गकान्ग में फर्जी कंपनी बनाकर पैसे की हेराफेरी (मनी लॉन्ड्रिंग) की। जांच एजेंसियों ने पहले भी सतीश सैल के 15 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें 8 करोड़ रुपए की नकदी और सोना बरामद हुआ था।

### सात नवम्बर को कोर्ट ने बेल रद्द कर दी थी

बाद में उन्हें मिली मेडिकल बेल को अदालत ने 7 नवंबर 2025 को रद्द कर दिया था। अटैच की गई संपत्तियों में गोवा के मुरगांव इलाके में खुली जमीन, कृषि भूमि और वास्को द गामा में स्थित वाणिज्यिक इमारत शामिल है, जिनकी कुल बाजार कीमत करीब 64 करोड़ रुपए बताई जा रही है। एक अन्य कार्रवाई में प्रवर्तन निद. ेशालय ने पॉपुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) से जुड़ी 8 अचल संपत्तियों को अटैच किया है, जिनकी कीमत लगभग 67.03 करोड़ रुपए है। बताया जा रहा है कि ये संपत्तियां अलग-अलग ट्रस्टों और पीएफआई के राजनीतिक संगठन सोशल डेमोक्रेटिक पार्टीआफ इंडिया के नाम पर दर्ज थीं। ईडी की जांच के अनुसार पीएफआई और एसडीपीआई ने देश और विदेश खासकर गल्फ देशों से चंदा, हवाला और दान के ज़रिए पैसे जुटाए। यह पैसा देश में हिंसक और आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल किया गया। जांच में अब तक 131 करोड़ रुपये की अवैध कमाई का पता चला है। ईडी ने अब तक पीएफआई और एसडीपीआई के 28 नेताओं और सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# केजीएमयू में अगले महीने से शुरू होगा बोन मैरो ट्रांसप्लांट, अब दिल्ली-मुंबई नहीं जाना पड़ेगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (केजीएमयू) में अब गंभीर रक्त संबंधी बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए बड़ी राहत आने वाली है। विश्वविद्यालय में अगले महीने से अत्याधुनिक बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट की शुरुआत होने जा रही है।

चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में यह कदम उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। इस नई यूनिट की घोषणा उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य हैख्रहसस्ता, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण इलाज हर मरीज तक पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रदेश के मरीजों को बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए दिल्ली या मुंबई नहीं जाना पड़ेगा, क्योंकि केजीएमयू में वही सुविधा अब राज्य स्तर पर शुरू होने जा रही है। उन्होंने बताया कि यह सेवा न केवल राजधानी बल्कि पूरे उत्तर भारत के लिए एक बड़ी राहत साबित होगी। केजीएमयू के हेमेटोलॉजी विभाग में स्थापित इस यूनिट में आधुनिक तकनीक के साथ संक्रमणरोधी आईसीयू, हाई एफिशिएंसी पार्टिकुलेट एयर (एचइपीए) फिल्टर सिस्टम और विशेष देखभाल सुविधाएं होंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. संजय बिहारी ने बताया कि बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट का ट्रायल पूरा कर लिया गया है और आगामी ग्यारह दिसम्बर से इसमें मरीजों का प्रत्यारोपण शुरू किया जाएगा। शुरुआती चरण में दस बिस्तरों का सेटअप तैयार किया गया है, जिसे आगे चलकर पैंसठ बिस्तरों तक विस्तारित किया जाएगा। इस सुविधा के शुरू होने से रक्त कैंसर (ल्यूकेमिया), लिम्फोमा, ए-प्लास्टिक एनीमिया, थैलेसीमिया और अन्य दुर्लभ रक्त रोगों से पीड़ित मरीजों को नई जीवन-आशा मिलेगी।




अभी तक इन रोगों के इलाज के लिए मरीजों को देश के बड़े महानगरों का रुख करना पड़ता था, जहां खर्च बीस लाख रुपये तक पहुंच जाता था। जबकि केजीएमयू में यह इलाज मात्र पांच से आठ लाख रुपये में संभव होगा। इससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिलेगी।

# वाराणसी से खजुराहो जाने वाली वंदे भारत ट्रेन पहुंची चित्रकूटधाम स्टेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**चित्रकूट।** वाराणसी से खजुराहो तक चलने वाली नई वंदे भारत ट्रेन आज तीर्थनगरी चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन पहुंची, जहां जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने इसका भव्य स्वागत किया।



वाराणसी में इस ट्रेन का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संयुक्त रूप से किया था। चित्रकूटधाम स्टेशन पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व राज्यमंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष महेंद्र कोटार्य, अध्यक्ष जिला कोऑपरेटिव बैंक बांदा-चित्रकूट पंकज अग्रवाल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कर्वी नरेन्द्र गुप्ता, रेलवे के प्रधान मुख्य अभियंता जेसी चौरसिया, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना उपाध्याय और पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर आगे रवाना किया। इस अवसर पर पूर्व सांसद आर के सिंह पटेल ने कहा कि भगवान राम की तपोस्थली चित्रकूट के ऐतिहासिक स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन का शुभारंभ एक गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और रेल मंत्री ने बुंदेलखंड क्षेत्र की प्रगति के लिए जो कदम उठाए हैं, वे ऐतिहासिक हैं। यह ट्रेन काशी, विध्याचल, प्रयागराज और चित्रकूट से होते हुए चंदेलकालीन धरोहर स्थल खजुराहो तक जाएगी, जिससे धाल्र्मक और पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के चलने से तीर्थनगरी चित्रकूट में पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा और स्थानीय स्तर पर व्यापार एवं रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने बताया कि वे हाल ही में वाराणसी से स्थानांतरित होकर चित्रकूट आए हैं और उनके लिए यह सौभाग्य की बात है कि दोनों तीर्थ क्षेत्रों से उनका कार्यकाल जुड़ सका है। कर्वी स्टेशन पर इस अवसर पर स्थानीय विद्यालयों की छात्राओं ने सांस्ख्रतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अतिथियों ने उन्हें प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। स्टेशन परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल रहा, जहां बड़ी संख्या में आमजन, जनप्रतिनिधि, रेलवे अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। वंदे भारत ट्रेन के स्वागत समारोह में भाजपा नेता राम सागर चतुर्वेदी, पीआरओ कौशल सिंह, राजकुमार त्रिपाठी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, शिवाकांत पांडेय, रवि गुप्ता, विकास मिश्रा, अश्वनी कुमार अवस्थी, स्टेशन मास्टर सुरेश कुमार सहित अन्य स्थानीय जन प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## चोरी की घटना का खुलासा, एक गिरफ्तार

**सीतापुर।** कोतवाली महमूदाबाद पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के अमीरगंज कर्बला के निकट छापेमारी की। इस दौरान पुलिस महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी मोहम्मद आजम खान उर्फ हस्सान अतीक पुत्र मोहम्मद अतीक खान को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी शातिर अपराधी है। पुलिस ने उसके कब्जे से 4300 बरामद किए हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी ने 6 नवंबर को महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुरानी बाजार निवासी जुनैद पुत्र मुन्ना के घर से 8 हजार रुपये और सोने चांदी की जेवर चोरी कर लिए थे।

# उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस पर संदेश 'देव भूमि की जनता को अब भी नहीं मिले आकांक्षाओं के अनुरूप परिणामः अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस (09 नवम्बर) की पूर्व संध्या पर उत्तराखंडवासियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख और समृद्धि की कामना की है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तराखंडवासियों के हितों और विकास के लिए सदैव प्रतिबद्ध है और उनके सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ी रहेगी। अखिलेश यादव ने कहा कि 09 नवम्बर 2025 को उत्तराखंड राज्य 25 वर्ष का हो जाएगा। इसके गठन की ऐतिहासिक नींव नेताजी मुलायम सिंह यादव ने रखी थी। उन्होंने जनमत संग्रह कराकर अलग राज्य के रूप में उत्तर प्रदेश के दोनों सदनों से उत्तराखंड राज्य निर्माण का प्रस्ताव पारित कराकर केंद्र सरकार को भेजा था। परंतु पिछले पच्चीस वर्षों में राज्य की जनता को अपनी आकांक्षाओं के अनुरूप परिणाम नहीं मिले। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर पर्यावरण की अनदेखी करते हुए अंधाधुंध जंगल कटान और अवैध खनन ने राज्य को आपदाओं के संकट में डाल दिया है। आज उत्तराखंड भारी वर्षा, बादलों के फटने और भूस्खलन जैसी प्राख्रतिक विपदाओं से लगातार जूझ रहा है, जिससे जनधन की भारी क्षति हो रही है। बेरोजगारी चरम पर है, सीमावर्ती लगभग 1796 गांव वीरान हो चुके हैं, स्वास्थ्य सेवाएं चरमराई हैं और शिक्षा की स्थिति बेहद दयनीय है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तराखंड को भ्रष्टाचार की प्रयोगशाला बना दिया गया है। प्राख्रतिक संसाधनों की खुली लूट जारी है और बिना विशेषज्ञ सलाह या सघन सर्वेक्षण के लागू की जा रही परियोजनाएं आपदा को आमंत्रण दे रही हैं।



## बाइक सवार बदमाशों ने दिन दहाड़े महिला से की छिनैती

**अमेठी।** जिले के बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ बाइक सवार बदमाशों द्वारा छिनैती का मामला प्रकाश में आया है छिनैती की घटना को लेकर पीड़ित महिला द्वारा थाने पर लिखित तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग भी की गई है। थाने पर दी गई तहरीर के मुताबिक साहब देई पत्नी स्व बरसाती ग्राम पूरे दुधौरन मजरे खेममऊ थाना बाजार शुक्ल शनिवार को दोपहर साढ़े बारह बजे दवा लेकर अपने घर जा रही थी कि रास्ते में शुक्ल बाजार रुदौली सड़क मार्ग से पूरे उदनी संपर्क मार्ग पर शिव मंदिर के निकट अज्ञात बाइक सवार दो लोगों ने नाक में पहने चोंगली झपटा मारकर छीन लिया और फरार हो गए पीड़िता ने जब हल्ला गुहार किया तो स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे डायल 112को फोन किया जिसपर डायल 112की पुलिस ने स्थानीय थाने पर लिखित तहरीर देने की बात कही गई तो पीड़ित महिला ने थाने पर लिखित तहरीर देकर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की।

# अलीगढ़ विधानसभा में मतदाता सूची के एसआईआर पर रोक की मांग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश को ज्ञापन देकर मांग की है कि भारत निर्वाचन आयोग के नियमों एवं निर्देशों के अनुरूप अलीगढ़ विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2003 की मतदाता सूची से ही एस.आई.आर. कराया जाए।

यदि 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध नहीं है तो एस.आई.आर. प्रक्रिया पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए ताकि वैध मतदाताओं को सूची से हटने से बचाया जा सके और लोकतंत्र की निष्पक्षता पर कोई प्रश्न न उठे। ज्ञापन में कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की सभी चार सौ तीन विधानसभाओं में एक लाख बासठ हजार चार सौ छियासी मतदान केंद्रों पर चार नवम्बर से एस.आई.आर. प्रक्रिया आरंभ करने के निर्देश दिए हैं, जिसके अंतर्गत बी.एल.ओ. घर-घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित कर रहे हैं। अलीगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुल तीन सौ तिरासी मतदान केंद्रों की 2003 की मतदाता सूची न तो निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है और न ही जिला निर्वाचन कार्यालय या किसी बी.एल.ओ. के पास।

जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 2003 के स्थान पर 2002 की सूची से एस.आई.आर. की प्रक्रिया प्रारंभ कराई जा रही है, जबकि करीब डेढ़ सौ मतदान केंद्रों के बी.एल.ओ. के पास 2002 की सूची भी उपलब्ध नहीं है। ज्ञापन में कहा गया है कि 2003 की मतदाता सूची न होने के कारण बड़ी संख्या में वैध मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटने की आशंका है, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए गंभीर मामला हैऔर आयोग के निर्देशों का उल्लंघन है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को यह ज्ञापन के.के. श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चन्द्र और राधेश्याम सिंह ने सौंपा तथा तत्काल कार्रवाई की मांग की।

# लोकतंत्र तभी तक जीवित है जब तक मताधिकार का अधिकार सुरक्षित हैः आराधना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग की मिलीभगत से पूरे देश में मताधिकार की चोरी की जा रही है।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी तक जीवित है, जब तक मताधिकार का अधिकार सुरक्षित है, लेकिन वर्तमान में एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से देश की जनता के वोट चुराने की साजिश चल रही है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में आराधना मिश्रा ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा वोट चोरी के विरुद्ध उठाई गई आवाज के बाद कांग्रेस पार्टी ने देशव्यापी जनजागरण अभियान चलाया। इस अभियान के तहत 12 और 13 अगस्त को प्रदेशभर में राहुल गांधी की प्रेसवार्ता का प्रसारण प्रोजेक्टरों के माध्यम से किया गया, 14 अगस्त को लखनऊ में कैंडल मार्च निकाला गया और 7 सितम्बर को सीतापुर के बिसवां में 'वोट चोर गद्दी छोड़' राज्य स्तरीय रैली आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि 15 सितम्बर से 8 नवम्बर तक प्रदेशभर में चलाए गए हस्ताक्षर अभियान में एक लाख उनहत्तर हजार पांच सौ सत्तर लोगों ने अपने हस्ताक्षर किए हैं जिन्हें दिल्ली भेजा गया है।

उन्होंने हरियाणा चुनावों का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां दो करोड़ मतदाताओं में से पच्चीस लाख वोट चोरी हुए, यानी हर आठ में से एक वोट का अधिकार छीना गया। कांग्रेस नेत्री ने बताया कि हरियाणा में पांच लाख ब्बीस हजार डुप्लीकेट वोटर पाए गए, जिनके बावजूद चुनाव आयोग दावा करता है कि उसके पास उन्हें हटाने का सॉफ्टवेयर है। उन्होंने कहा कि तैंतीस हजार से अधिक अमान्य पते और उन्नीस लाख से अधिक वोट एक ही पते पर दर्ज हैं, वहीं नकली फोटो वाले एक लाख बारह हजार से अधिक वोट भी पाए गए। उन्होंने बताया कि तीन लाख पचास हजार ऐसे मतदाता हैं जिन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में वोट डाला था, परंतु विधानसभा चुनाव से पहले उनके नाम सूची से हटा दिए गए। आराधना मिश्रा ने कहा कि एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) दरअसल वोट चोरी का नया हथियार है। 1960 के लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार मतदाता सूची में नाम दर्ज करना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है, न कि मतदाता की। उन्होंने कहा कि अब पहली बार मतदाता को ही यह जिम्मेदारी दी जा रही है, जो कानून के विपरीत है। कांग्रेस नेत्री ने बताया कि 2003 के दिशानिर्देशों में स्पष्ट कहा गया था कि नागरिकता निर्धारण गणनाकार का कार्य नहीं है, लेकिन इस बार चुनाव आयोग स्वयं नागरिकता परीक्षण कर रहा है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 1995 के निर्णय का हवाला देते हुए कहा कि अदालत ने भी नागरिकता निर्धारण को आयोग के अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर कार्ड को मान्यता देने से इंकार कर रहा है।

## फंदे पर लटका मिला किशोरी का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सीतापुर।** बिसवां कोतवाली इलाके के ग्राम भीखपुर माजरा नेवराजपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में एक नाबालिक युवती का शव पंखे के गुंडे से लटकता हुआ मिला है। परिजनों ने गांव के ही दूसरे समुदाय के एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है और जिनकी तहरीर कोतवाली बिसवां में दी गई है। मृतका की पहचान सियाराम चौरसिया की 16 वर्षीय बेटी शालिनी चौरसिया के रूप में हुई है। उसका शव उसके ही घर में फांसी के फंदे पर लटकता हुआ मिला है। परिजनों ने गांव के ही महताब पर आरोप लगाया है। परिजनों का आरोप है घर मे वो अकेली थी, उसकी मां और बहन दवाई लेने गयी थी और अकेला पाकर उसकी हत्या कर कुंडे पर लटका दिया।

# ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न

### छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र देकर किया उत्साहवर्धन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंहपुर/अमेठी।** बेसिक शिक्षा विभाग अमेठी के दिशा-निर्देश पर ब्लॉक मुख्यालय सिंहपुर स्थित खेल मैदान में शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता सत्र 2025-26 का आयोजन किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी सिंहपुर हरिओम तिवारी एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह बंटी ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में ब्लॉक के दसों न्याय पंचायतों के प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जूनियर कंपोजिट विद्यालय पन्हौना के अमर ने चार सौ मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर में खो- खो खेल प्रतियोगिता में बालिकाओं की टीम कंपोजिट विद्यालय तोतानगर ने प्रथम एवं बालकों की टीम पूर्व माव विव भीखीपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही प्राथमिक स्तर पर दौड़ प्रतियोगिता में पचास मीटर में करन गौतम प्रथम कंपोजिट विव दल सरैंया, दो सौ व सौ मीटर दौड़ में अर्श अली का प्रथम स्थान प्राथमिक विद्यालय सातनपुरवा का रहा एवं चार सौ मीटर दौड़ में प्रथम स्थान सुहेल कंपोजिट विद्यालय पन्हौना ने प्राप्त किया। खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथियों ने प्रतिभागी विजयी छात्र -छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर उन्हें खेल के प्रति उत्साहवर्धन किया।



इस अवसर पर जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रविकांत श्रीवास्तव, भाजपा नेता शिवाकांत त्रिपाठी, सुरेंद्रनाथ पांडेय, आशीष मौर्या,सत्येंद्र तिवारी, अनुज शुक्ला, सिद्धार्थ द्विवेदी, विकल्प श्रीवास्तव, व्यायाम शिक्षक बृजमोहन सिंह, आलोक शुक्ला मृदुल, वाहिद अली, आशुतोष शुक्ला आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# अस्पतालों का जिला अधिकारी ने किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** महमूदाबाद स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पुरुष व महिला अस्पताल का जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्हें अस्पताल की व्यवस्थाओं में कई कमियां मिलीं। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने जिलाधिकारी को आश्वासन दिया कि सभी कमियों को 15 दिन के भीतर दूर कर लिया जाएगा। निरीक्षण के दौरान, जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी बातचीत की। उन्होंने मरीजों से मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



# डीएम व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में थाना राजापुर में समाधान दिवस आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चित्रकूट।** शासन की मंशा के अनुरूप जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज थाना राजापुर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने प्राप्त शिकायतों तथा प्रार्थना पत्रों की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से भूमि विवादों पर ध्यान देने को कहा और निर्देश दिया कि पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए ऐसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए।




# भाजपा के जिला महामंत्री ने एसआईआर को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिंहपुर/अमेठी।** भाजपा जिला महामंत्री राकेश त्रिपाठी ने शनिवार को पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ ब्लॉक स्तरीय एक बैठक की।

भाजपा नेता राकेश त्रिपाठी ने बैठक में वर्तमान में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान-2025 (एसआइआर) के अंतर्गत लोकसभा अमेठी के मंडल सिंहपुर में आयोजित कार्यशाला के दौरान बूथ अध्यक्षयों एवं बीएलए 2 को अपने-अपने बूथों पर सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए एसआइआर प्रक्रिया को पूर्ण रूप से पारदल्र्शता,निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ संपन्न कराने पर विस्तृत चर्चा की व पुनरीक्षण कार्यो में लगे बीएलओ का सहयोग करने का दिशा-निर्देश दिया। गणना अवधि चार नवंबर से चार दिसम्बर तक है। उन्होंने कहा हम सभी का लक्ष्य है कि एक भी पात्र मतदाता नामांकन से वंचित न रह जाए तथा मतदाता सूची को सटीक,अद्यतन एवं निष्पक्ष बनाकर लोकतंत्र की इस सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया को और अधिक सशक्त निर्माण किया जा सके। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सिंहपुर गौरव श्रीवास्तव,अनिल पांडेय,पूर्व मंडल अध्यक्ष श्याममूल्रत यादव,कुलदीप मिश्रा,दीपू मिश्रा,राहुल पाठक, सुनील पासी आदि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय उर्दू दिवस पर कार्यक्रम

## पत्रकारों, शिक्षकों और उर्दू प्रेमियों को 'राजा गजंफर अली खान अवार्ड' से किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** अंतरराष्ट्रीय उर्दू दिवस के अवसर पर मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार और सेवा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों, शिक्षकों, कवियों और उर्दू प्रेमियों को 'राजा गजंफर अली खान अवार्ड' से भी सम्मानित किया गया।





कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रबंधक मौहम्मद साइम राजा ने अपने संबोधन में कहा कि उर्दू केवल एक भाषा नहीं, बल्कि एक सभ्यता, संस्कृति और एकता के जज्बे की पहचान है। उर्दू ने पूरे सब को जोड़ने का काम किया और प्रेम, सहिष्णुता व इंसानियत का संदेश दिया।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने उर्दू भाषा की महानता पर सुंदर कविताएं और भाषण प्रस्तुत किए। कई विद्यार्थियों ने उर्दू के प्रसिद्ध साहित्यकारों जैसे अल्लामा इकबाल, अमीर खुसरो, मौलाना अल्ताफ हुसैन हाली, सर सैयद अहमद खघन, फिराक गोरखपुरी और जौश मलीहाबादी के योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत कुरआन की तिलावत और नात-ए-पाक से हुई।

उर्दू पत्रकारिता के क्षेत्र में सीनियर पत्रकार मौहम्मद याकूब, कारी मौहम्मद मेहरबान, उर्दू साहित्य में गुलशन बिजनौरी, हैदर किरतपुरी, जहीर अहमद गोहर तथा उर्दू शिक्षकों में अब्दुल वासे (उर्फ नदीम), मास्टर फारूक और मास्टर रफीउल्लाह को 'राजा गजंफर अली खान अवार्ड' से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. डॉ. शमशाद हुसैन ने किया।

समारोह में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, शिक्षकों, कवियों और छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर संस्थान के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने सभी आगंतुकों और अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुस्लिम फंड कमेटी के सचिव मुंशी हसीनुद्दीन, वजाहतुल्लाह खघन, राशिद हुसैन एडवोकेट प्रदीप चौहान, इरशाद अहमद अंसारी हेलिकॉप्टर आदि उपस्थित रहे।

## खेत की मेढ़ पर मिला वृद्ध का शव

**बढ़ापुर।** ग्राम दोदराजपुर निवासी मूला सिंह प्रजापति (58 वर्ष) पुत्र स्व.रामलाल सिंह बीती देर शाम सरदार कुलवंत सिंह की कृषि भूमि पर सिंचाई करने गया था। देर रात तक भी वह वापस नहीं लौटा तो स्वजन ने सोचा कि वहीं ट्यूबवेल पर बने कमरे पर सो गये होंगे। आज सुबह जब स्वजन खेत पर पहुंचे तो मूला सिंह खेत की मेढ़ पर मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। स्वजन ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी व थाना प्रभारी निरीक्षक सर्वेंदर शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की। सीओ नगीना अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि मृतक के शरीर पर कोई भी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। गले पर सर्पदंश के निशान प्रतीत हो रहे हैं। स्वजन की मौजूदगी में शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने पर विधि कार्रवाई की जाएगी। मृतक के दो बेटे और एक बेटी है तीनों की शादी हो चुकी है।

## श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज में गरिमा के साथ गूंजा वंदे मातरम्



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज में आजादी के अमर गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन अत्यंत गरिमामयी वातावरण में आयोजित किया गया। कॉलेज के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक स्वर होकर वंदे मातरम् का 150 वर्ष पूर्ण होने पर गायन प्रस्तुत किया, जिसकी मधुर धुन पूरे परिसर में गूंज उठी।

बंकिम नाथ चट्र्जी द्वारा रचित (वंदे मातरम)7 नवंबर सन् 1875 को लिखा था। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. एनपी सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और ऐसे आयोजनों को युवाओं में देशभक्ति की भावना प्रबल करने वाला बताया। अंत में प्राचार्या डा. ममता सिंह ने कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि हमारी राष्ट्रीय चेतना, सम्मान और मातृभूमि के प्रति समर्पण का प्रतीक है। कॉलेज परिवार ने मिलकर संकल्प लिया कि वे राष्ट्रहित के कार्यों में सदैव अग्रणी रहेंगे। कार्यक्रम में कॉलेज का समस्त स्टाफ रवि, सलोनी चौहान, इकरा, हिमांशु कुमार, चंचल सैनी, प्रशांत एवं छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

# गन्ने से लदे वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए

### धामपुर शुगर मिल ने शुरू किया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** शुगर मिल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा शनिवार को गन्ना लदे वाहनों पर रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा लगाने का अभियान की शुरुआत की गई। जिससे सभी किसान भाई व आम जनता को दुर्घटना से बचाया जा सके।

मिल उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने बताया कि यह अभियान पेराई सत्र के दौरान लगातार चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि गन्ने से लदे वाहनों पर रिफ्लेक्टर व लाल कपड़ा लगाना अनिवार्य है, कोई भी गन्ने का वाहन बिना रिफ्लेक्टर के केन यार्ड में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अनुरोध किया है



कि वह यातायात के नियमों का पालन करें, जिसे स्वयं भी सुरक्षित रहें और आम जनता भी सुरक्षित रहे। कोई भी किसान भाई ट्रक चालक चीनी मिल से नि:शुल्क रिफ्लेक्टर प्राप्त कर सकता है। इस दौरान कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता, महाप्र. बंधक गन्ना ओमवीर सिंह, मनोज चौहान, दिनेश राजपूत, लाल बहादुर सिंह, अजेन्द्र सिंह, राजेश यादव, कामरान अहमद आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम व एसपी ने सुनी समस्याएं

### त्वरित निस्तारण के आदेश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** समाधान दिवस पर जिलाधिकारी जसजीत कौर और पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा थाने पहुंचे और फरियादियों की समस्याएं सुनीं। कई मामलों में मौके पर ही राजस्व व पुलिस अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के आदेश दिए। उन्होंने गन्ना सीजन को देखते हुए चेतावनी दी कि किसी भी गन्ना वाहन पर रिफ्लेक्टर टेप न लगा होने की स्थिति में संबंधित चीनी मिल व चालक के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

डीएम ने नगर के गुरुद्वारा मार्ग चौड़ीकरण कार्य की जानकारी ली और नगर अधिकारियों को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा



कि चौड़ीकरण से नगर में यातायात सुचारु होगा और लोगों को राहत मिलेगी। इसी दौरान पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने थाना परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, बीट बुक, मालखाना, अभिलेख कक्ष व सीसीटीवी कैमरों की जांच की। एसपी ने कहा कि थाना स्तर पर पारदर्शिता व जवाबदेही जरूरी है। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश दिए कि किसी भी शिकायतकर्ता को बार-बार थाने के चक्कर न लगाने पड़ें, बल्कि पहली बार में ही निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित की जाए।

## संविदा कर्मचारियों ने ईपीएफ घोटाला और सुरक्षा उपकरणों की कमी पर उठाए सवाल

### पदाधिकारियों ने सौंपे ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के निविदा/संविदा कर्मचारी संघ की जिला इकाई बिजनौर के तत्वावधान में धामपुर में कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया गया। संघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न उपकेंद्रों से संविदा कर्मचारी शामिल हुए।

संघ के पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता को सौंपे ज्ञापन में कहा कि एक निजी संस्थान द्वारा कर्मचारियों के एक माह के ईपीएफ का लगभग एक करोड़ रुपये का गबन किया गया है। इसके अलावा ईएसआईसी कार्ड अभी तक नहीं बनाए गए हैं और कर्मचारियों के परिजनों के नाम भी शामिल नहीं किए गए हैं।

संघ ने कहा कि पुराने कर्मचारियों को हटाकर अनुभवहीन नए कर्मचारियों को नियुक्त किया जा रहा है, जिससे कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। उन्होंने यह भी बताया कि 12 अप्रैल 2024 को कोतवाली उपकेंद्र पर एक दुर्घटना में कर्मचारी ताविश आलम की मृत्यु हो गई थी, लेकिन अब तक परिजनों को मुआवजा नहीं दिया गया है।

संघ के महामंत्री विवेक शर्मा ने कहा कि कई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण नहीं मिले हैं, जिसके कारण दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। संघ ने कहा कि जब तक सभी बकाया वेतन, ईपीएफ और सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था नहीं की जाती, धरना जारी रहेगा।

# गुलाब सिंह हिन्दू महाविद्यालय मे नशामुक्ति अभियान का आयोजन

### नशे के विरोध में ली शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एक प्रेरणादायक नशा मुक्ति अभियान का सफल आयोजन किया गया।

इस महत्वपूर्ण पहल का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे के गंभीर दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और युवाओं को एक स्वस्थ एवं अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नशे के विरोध में ली गई सामूहिक शपथ थी। एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवकों सहित उपस्थित सभी लोगों ने दृढ़ संकल्प लिया कि वे स्वयं को और अपने आस-पास के लोगों को नशे से दूर रखेंगे। इस शपथ ने सभी में राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को निभाने का भाव जाग्रत किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. साधना ने समाज के सभी वर्गों से जोरदार



अपील की कि वे नशे की बुराई को जड़ से समाप्त करने में सहयोग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा केवल एक व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि उसके पूरे परिवार, समाज और अंतत: राष्ट्र को खोखला कर देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को देश की रीढ़ बताते हुए उनसे खेल, शिक्षा और राष्ट्रहित की गतिविधियों से जुड़कर अपनी ऊर्जा का सकारात्मक उपयोग करने का आग्रह किया गया।

असिस्टेंट प्रो. रामबिलास यादव ने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि प्रत्येक विद्यार्थी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वह अपने आस-पड़ोस में नशे के खिलाफ जागरूकता का दीपक जलाए और किसी भी तरह के नशे से पूर्णत: दूरी बनाए रखे। आज के कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक गण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा अधिसंख्या में छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## घर से सोने के जेवर चोरी

**नहटौर।** मौहल्ला नौधा में एक घर की अलमारी से जेवरात चोरी कर लिए गए।

मौहल्ला नौधा निवासी मौहम्मद शाहिद पुत्र रहमतुल्ला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि जब उसने घर की अलमारी खोलकर देखी तो सोने का हार, एक टीका, दो जोड़ी बूंदे, एक अंगूठी आदि जेवरात गायब मिले। एक युवक पर चोरी करने का आरोप लगाया है। करीब चार तोले सोने के जेवरात चोरी होना बताया जा रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## के.एस. चिल्ड्रंस अकादमी में अंतर सदन खो-खो प्रतियोगिता

### विजेता खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** केएस चिल्ड्रंस अकादमी में एक दिवसीय इंटर हाउस खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें सभी सदनों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का शुभआरंभ प्रधानाचार्या इंद्रपाल सिंह ने फीता काट कर किया। पहला मुकाबला अग्नि सदन और पृथ्वी सदन के मध्य खेला गया, जिसमें पृथ्वी सदन ने 12-8 से मुकाबला अपने नाम किया। दूसरा मुकाबला वायु सदन और जल सदन के मध्य खेला गया, जिसमें जल सदन ने 17-15 से शानदार जीत प्राप्त की।

फाइनल मुकाबला पृथ्वी सदन और जल सदन के मध्य खेला गया, जिसमें जल सदन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 33-23 से मुकाबला जीत लिया। प्रतियोगिता में जल सदन प्रथम व पृथ्वी सदन द्वितीय स्थान पर रहा। जल सदन से अनिष्का, मोनिका, प्रियांशी, मनतशा, शहरीन, अंशिका, फरहीन, शिफा, कशफ, मनीषा, खुशबू, अवनी, मदीहा ने शानदार प्रदर्शन किया।

पृथ्वी सदन से आंचल, सांची, संध्या, अलीशा, सुहाना, जुबैरिया, इनाशा, इकरा, अलीशबा, आराध्य ने भी शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का आयोजन खेल शिक्षिका खुशबू सोढ़ी व कोमल चौधरी ने किया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया व खेल के प्रति सभी विद्यार्थियों को

# भाकियू का अनिश्चितकालीन धरना शुरू

### विभिन्न मांगों को लेकर टोल प्लाजा पर डटे कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर भनेड़ा टोल प्लाजा पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया। धरने की अध्यक्षता राजेंद्र सिंह ने की, जबकि संचालन दिनेश कुमार ने किया।

धरने की सूचना पर पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी आशीष शर्मा मौके पर पहुंचे और किसानों से वार्ता की। किसानों ने अधिकारी को अपनी मांगों से अवगत कराते हुए कहा कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी द्वारा गांव बुढ़पुर नैन सिंह के सामने सर्विस रोड का निर्माण कराया जाए। इसके



अलावा चिड़ियाचाड़क से किरतपुर बिजलीघर अंडरपास के पश्चिम दिशा में सर्विस रोड, हुसैनपुर रोड की मरम्मत, गोपालपुर से सर्विस रोड तथा स्वाहेड़ी गांव से मेडिकल कॉलेज तक सर्विस रोड बनाए जाने की मांग भी रखी गई। धरना स्थल पर भाकियू अराजनैतिक युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह, ब्लाक अध्यक्ष अरविंद राजपूत, बृजेश राजपूत, मनोज राजपूत, चरित्र राणा, राहुल सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत



**चांदपुर।** ग्राम भगोड़ा निवासी वीरेंद्र सिंह (28 वर्ष) पुत्र शेर सिंह चांदपुर में एक चाय की दुकान पर काम करता है। शाम को छुट्टी के बाद अपनी बाइक से अपने घर ग्राम भगोड़ा जा रहा था। वीरेंद्र जब लुहारपुरा बिजली घर के पास पहुंचा तो उसकी बाइक फिसल कर गिर गई और सिर में चोट लगने से वीरेंद्र की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर डायल 112 व बास्टा पुलिस चौकी प्रभारी संदीप पंवार अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। मृतक की पत्नी काजल भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने अग्रिम कार्यवाही हेतु शव को 108 एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी स्याऊ भेज दिया। वीरेन्द्र की मौत से उसके परिवार मे कोहराम मच गया।

### दिलशाद शेख के निधन पर शोक



**किरतपुर।** नगर के मौहल्ला निवासी 55 वर्षीय दिलशाद शेख का शुक्रवार की सुबह निधन हो गया। वो काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। मृतक दिलशाद शेख 25 वर्षों से मुस्लिम फंड में अपनी खिदमत अंजाम दे रहे थे। उनके इंतकाल से पूरे मौहल्ले शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की खबर मिलते ही परिजनों सहित पूरे मोहल्ले में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन और संबंधी गम में डूब गए। मृतक अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मरहूम दिलशाद शेख एक मेहनती, मिलनसार और समाजसेवी व्यक्ति के रूप में जाने जाते थे। उनके निधन से न केवल परिवार बल्कि मौहल्ले वासियों को भी गहरा आघात पहुंचा है। नमाज-ए-जनाजा जुमे की नमाज के बाद मौहल्ला कोटला स्थित जामा मस्जिद के प्रांगण में अदा की गई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। जनाजे में हर वर्ग के लोगों ने शिरकत कर मगफिरत और सब्र-ए-जमील की दुआ की। इसके बाद उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। उनकी मगफिरत के लिए मुस्लिम फंड कमेटी के अध्यक्ष मौहम्मद साईम राजा, सेक्रेट्री मुंशी हसीनुद्दीन, मरगूब अहमद, जीशान मिर्जा, जनरल मैनेजर शेख अकीलुद्दीन, मैनेजर हुमायूं खान, रियाजउद्दीन,शमीम, आरिफ कुरैशी, तौफीक मलिक, आजम, शाहनवाज, शाहाब अतहर खान, मेंहदी हसन, आसिम रजा, कफील, नईम, जावेद, उस्मान अली, हैदर अली, निशात अनवर,शफीकुर्रहमान, आश्कार, मुदस्सिर सुल्तान, अरशद चौधरी आदि ने दुआ की।

### गुरबाणी कीर्तन उच्चारण कार्यक्रम



**धामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सामूहिक गुरबाणी कीर्तन उच्चारण कार्यक्रम एवं गुरमत समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में माता सुंदरी दल के जत्थे ने गुरु वाणी के अमोलक शब्दों की प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान संगत ने वाहेगुरु-वाहेगुरु के सामूहिक उच्चारण से कार्यक्रम स्थल को गुरु वाणीमय बना दिया। उपस्थित गुरमुख परिवारों ने जत्थे की प्रत्येक प्रस्तुति पर पारंपरिक जयकारों के बीच प्रोत्साहन और सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय सरदार रणजीत सिंह मोगा और स्वर्गीय माता प्रीतम कौर मोगा की स्मृति में किया गया। आयोजन में सरदार कुलदीप सिंह मोगा, सरदार सुरेंद्र सिंह मोगा, बीबी मनजीत कौर मोगा, सरदार तेजिंदर सिंह मोगा और सरदार देवेंद्र सिंह मोगा सहित समूचे मोगा परिवार का विशेष योगदान रहा। माता सुंदरी दल के जत्थेदार ज्ञानी जसवीर सिंह खालसा ने उपस्थित संगत को संबोधित करते हुए कहा कि मानव जीवन 84 लाख योनियों के बाद प्राप्त होता है, इसलिए नाम सिमरन, सेवा, दया और परोपकार को जीवन में स्थान देना आवश्यक है। गुरुद्वारा प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट और सचिव सरदार गुरुचरण सिंह चावला ने बताया कि सरदार कुलदीप सिंह मोगा परिवार ने वाहेगुरु की कृपा से प्राप्त सुपोत्री की दात की खुशियां संगत के बीच बांटने की भावना से यह कार्यक्रम आयोजित किया।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन



**धामपुर।** मौहल्ला क्षत्रिय नगर में राजीव रस्तोगी के आवास पर सुंदर कांड का पाठ का आयोजन किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। पंडित हर्षवर्धन शर्मा एवं मोती शर्मा द्वारा सुंदर कांड का पाठ का आयोजन किया गया और भगवान से सभी के परिवारों में खुशहाली, सुख व समृद्धि की कामना की गई। भजनों के माध्यम से बजरंगबली एवं मां भवानी का गुणगान किया गया। सुंदर कांड पाठ में मोहित रस्तोगी, संजीव रस्तोगी, रूपम रस्तोगी, राजीव रस्तोगी, संध्या रस्तोगी, चेतन रस्तोगी, एसके राजपूत, गोविंद शरण गुप्ता, जय गोपाल सक्सेना, रीता राणा, अनु चौहान, शैली, मंगा, पूर्वी कश्यप, उमेश कश्यप आदि शामिल रहे।

### भारोत्तोलन खिलाड़ी तुषार का स्वागत



**कोतवाली देहात।** अन्तर्राष्ट्रीय भारोत्तोलन खिलाड़ी को ग्राम दायमनंगला में सम्मानित किया गया। बीती रात्रि कोतवाली ब्लाक के व्यायाम शिक्षक संजीव कुमार के निवास पर अन्तर्राष्ट्रीय वेटलिफ्टर तुषार चौधरी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर खेलों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी तुषार चौधरी ने कहा कि खेलों से जहां व्यक्ति शरीर से फिट रहता है, वहीं खेलों में कैरियर भी बनाया जा सकता है। खेल में मेहनत के बल पर ही सफलता पाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं से नशे की लत से बचने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों को भारोत्तलन के बारे में विस्तार से बताया और खेलों से जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर ग्राम वासियों द्वारा तुषार चौधरी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया तथा उन्हें प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संजीव कुमार, डॉ. पवनवीर, वीर सिंह, सोहनवीर, सूर्यांश चौधरी, लक्ष्य सिंह, शौर्य, केशव, वंश, हैप्पी, बॉवी, सनी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस-राजद ने बिहार को पहचान के संकट में डाला: योगी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिहार के अतरी विधानसभा क्षेत्र में राजग प्रत्याशी रोमित कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए विपक्ष पर तीखा हमला बोला। योगी ने कहा कि बिहार अब लालटेन की धुंधली रोशनी नहीं, एलईडी के उजाले में चमकने को तैयार है।

एनडीए की सरकार बनेगी, तो बिहार का नौजवान रोजगार पाएगा, अपराधी जेल जाएगा। सीएम योगी ने जनता से अपील की कि अतरी में एनडीए प्रत्याशी रोमित कुमार को भारी मतों से जिताकर बिहार में सुशासन की मजबूत नींव रखें। उन्होंने कहा कि यह वही पावन धरा है, जिसने महात्मा बुद्ध को ज्ञान दिया, भगवान महावीर को जन्म दिया, देश को प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद और लोकनायक जयप्रकाश नारायण जैसे महानायक दिए। लेकिन राजद और कांग्रेस ने इसी गौरवशाली बिहार को पहचान के संकट में डाल दिया। योगी ने कहा कि नालंदा विश्वविद्यालय, चाणक्य और आर्यभट्ट की धरती को राजद-कांग्रेस ने अंधकार में धकेल दिया। दुनिया नालंदा में ज्ञान लेने आती थी, जहां एक साथ दस हज़ार विद्यार्थी पढ़ते थे। लेकिन राजद-कांग्रेस के शासन में वही बिहार साक्षरता में सबसे नीचे पहुंच गया। उन्होंने कहा कि जब एनडीए ने सत्ता संभाली, तब बिहार की साक्षरता दर 33 प्रतिशत थी, जिसे अब बढ़ाकर 75 प्रतिशत तक पहुंचाया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस-राजद के शासन में नरसंहार, अपहरण, जातीय संघर्ष और अराजकता का माहौल था। 60 से ज़्यादा नरसंहार, 30 हज़ार से अधिक अपहरण हुए। यह था उस जंगलराज का चेहरा जहां न व्यापारी सुरक्षित थे, न बेटियां सुरक्षित थीं। ए लोग गरीब का राशन और पशुओं का चारा दोनों खा गए थे। योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में माफिया और अपराधियों को उन्होंने बुलडोजर से पस्त कर दिया। अब उनकी हड्डी-पसली एक हो चुकी है। यूपी में अपराधी पस्त हैं और नौजवान मस्त हैं। उन्होंने कहा कि बिहार को भी यही रास्ता अपनाना होगा, जहां सुशासन और विकास हो, अपराध और भ्रष्टाचार नहीं। एनडीए की सरकार बनेगी, तो बिहार का नौजवान रोजगार पाएगा, अपराधी जेल जाएगा। सीएम योगी ने जनता से अपील की कि अतरी में एनडीए प्रत्याशी रोमित कुमार को भारी मतों से जिताकर बिहार में सुशासन की मजबूत नींव रखें।

## बिहार में अपराधी नहीं, विकास की सरकार की जरूरत: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**पूर्वी चंपारण।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर निशाना साधते हुए कहा कि बिहार की जनता को अपराधी नहीं बल्कि विकास की बयार बहाने वाली सरकार की जरुरत है जिस पर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) फिट बैठता है। मोतिहारी में राजग प्रत्याशी प्रमोद कुमार के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार ने पहले चरण के मतदान में ही यह संकेत दे दिया है कि अब लालटेन की धुंधली रोशनी नहीं, बल्कि एनडीए की एलईडी लाइट में जगमगाता बिहार चाहिए। उन्होंने कहा कि 14 नवम्बर को जब परिणाम आएंगे, तो फिर एक बार एनडीए की सुशासन, विकास और सुरक्षा की सरकार बनने जा रही है। बिहार में अपराधी नहीं, विकास की सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि यह वही धरती है जिसने मां जानकी को शरण दी, जिसने मोहनदास करमचंद गांधी को महात्मा बनाया और जिसने भारत को स्वतंत्रता की दिशा दिखाई। सत्याग्रह की यह भूमि राष्ट्र रक्षा के लिए शस्त्र के आग्रह से भी कभी पीछे नहीं हटती। उन्होंने कहा कि यह धरती नालंदा की ज्ञानगंगा की धारा रही है, आचार्य चाणक्य, आर्यभट्ट, भगवान बुद्ध और भगवान महावीर जैसी विभूतियों की भूमि रही है। उन्होंने कहा कि फिर भी बिहार साक्षरता में पिछड़ गया, उन्होंने बिहार की मेधा और प्रतिभा का शोषण किया, अपने स्वार्थ के लिए बिहार को पिछड़ा बनाए रखा। योगी ने कहा कि पिछले 20 वर्षों में एनडीए की सरकार ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार को स्थिरता, सुरक्षा और सुशासन दिया। उन्होंने कहा कि आज बिहार में सड़कों का जाल है, रेल, एयरपोर्ट, इनलैंड वाटरवे और मेट्रो जैसी सुविधाएं हैं। अब यहां आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम, एम्स और मेडिकल कॉलेजों की श्रृंखला खुल रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज मजबूर नहीं, मजबूत राष्ट्र बना है। उन्होंने कहा कि जब लखनऊ में बनी ब्रह्मोस मिसाइल ऑपरेशन सिदूर के दौरान पाकिस्तान में गिरी तो उसकी सिट्टी-पिट्टी गुल हो गई थी। पाकिस्तान गिड़िगड़ा रहा था कि भारत तबाह कर देगा। सीएम योगी ने कहा कि आज का भारत किसी की धमकी नहीं सुनता। अगर कोई भारत की सुरक्षा में सेंध लगाएगा, तो भारत उसके घर में घुसकर इलाज करेगा। गरीबों की योजनाओं का जिक्र करते हुए योगी ने कहा कि मोदी सरकार ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, 50 करोड़ को स्वास्थ्य बीमा, 12 करोड़ किसानों को सम्मान निधि, 10 करोड़ माताओं को उज्ज्वला योजना का गैस कनेक्शन और 4 करोड़ गरीबों को घर दिया। उन्होंने कहा कि अब दलालों का खेल खत्म। सरकार का पैसा सीधे गरीब के खाते में जा रहा है। यही एनडीए का सुशासन है।

## आनंदीबेन ने उत्तराखंड के स्थापना दिवस पर दी शुभकामनाएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्तराखण्ड राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर वहां के लोगों के सुख, शांति, समृद्धि एवं सतत प्रगति की कामना करते हुए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। अपने बधाई संदेश में राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड अपने अनुपम प्राकृतिक सौन्दर्य, समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, जीवंत लोक परम्पराओं एवं जनजीवन की सादगी के लिए सम्पूर्ण भारतवर्ष में एक विशिष्ट पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियों की उद्गम स्थली होने के साथ-साथ केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार और ऋषिकेश जैसे तीर्थस्थलों की आध्यात्मिक आभा ने उत्तराखण्ड को भारत की आध्यात्मिक चेतना के प्रमुख केन्द्र के रूप में प्रतिष्ठित किया है।

# जिला चिकित्सालय में अमेठी पुलिस ने किया स्वैच्छिक रक्तदान



शाह टाइम्स संवाददाता

**गौरीगंज अमेठी।** शनिवार को वामा सारथी पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जिला अस्पताल गौरीगंज में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा स्वयं रक्तदान किया गया एवं उपस्थित लोगों से समय- समय पर रक्तदान करने से होने वाले सकारात्मक प्रभावो को बताते हुए रक्तदान करने की अपील की गई।

रक्तदान को महादान कहा गया है, क्योंकि रक्तदान करने से जरुरतमन्द की जान बचाई जा सकती है। इस शिविर का उद्देश्य जागरूकता फैलाते हुए अधिक से अधिक रक्तदाताओं का पंजीकरण कर और स्वैच्छिक रक्तदान को बढ़ावा देना है। इसका लक्ष्य जरूरतमंदों, जैसे गर्भवती माताओं, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों, एच.आई.वी., हीमोफीलिया /थैलीसीमिया रोग से ग्रसित बच्चों को समय पर बिना किसी प्रतिस्थापन के रक्त या रक्त उत्पाद उपलब्ध कराना होता है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज, क्षेत्राधिकारी लाइन व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे। उक्त रक्तदान शिविर में पुलिस लाइन, पुलिस कार्यालय के विभिन्न शाखाओं में नियुक्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण द्वारा बढ़चढ़कर भाग लिया गया एवं स्वैच्छिक रुप से रक्तदान किया।

# पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कमरौली अमेठी।** थाने की पुलिस ने गैंगेसटर के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल किया है,

बताया जाता है कि पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना कमरौली पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर गैंगेस्टर एक्ट में वांछित अभियुक्त नाजिर हुसैन पुत्र कदीर निवासी महमदपुर थाना भाले सुल्तान शहीद स्मारक जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष को गिरफ्तार किया गया ।गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना कमरौली पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है । जिसके विरुद्ध पूर्व में जनपद अमेठी, बारा. बंकी व अयोध्या में चोरी, सेंधमारी व आर्म्स एक्ट के आधा दर्जन मुक. दमें पंजीकृत हैं ।

## संक्षिप्त समाचार

### नाव हादसे के पीड़ित परिवारों को नई जगह पर बसाया जाएगा

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के भरथापुर गांव में 29 अक्टूबर को नाव पलटने की दुखद घटना के बाद प्रशासन ने विस्थापितों को पुनर्वासित करने के लिए कदम उठाए हैं। इस घटना में नौ लोगों की जान चली गई थी, जिसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने बहराइच दौरे के दौरान 118 परिवारों को दूसरे स्थान पर विस्थापित करने का आदेश दिया था। इस क्रम में, आज जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी और मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) मुकेश चंद्र ने सेमरहना गांव के निकट स्थित चिन्हित भूमि का निरीक्षण किया। प्रशासन ने यह योजना बनाई है कि नेशनल हाईवे एनएच 927 के किनारे एक कॉलोनी बनाई जाएगी, जहां सभी 118 परिवारों को बसाया जाएगा। प्रशासन ने आज से इस चिन्हित जमीन पर समतल. ीकरण का कार्य भी शुरू कर दिया है, ताकि जल्द से जल्द विस्थापित परिवारों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। डीएम और सीडीओ ने संवाददाताओं से बातचीत में बताया कि यह प्रयास सुरक्षित और स्थाई पुनर्वास के लिए किया जा रहा है, ताकि विस्थापित परिवारों को बेहतर जीवन जीने का अवसर प्राप्त हो सके। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की है और सभी को उम्मीद है कि जल्द ही उनका पुनर्वास संभव हो सकेगा। प्रशासन ने वादा किया है कि इस प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी और विस्थापितों की सभी समस्याओं का हल किया जाएगा।

### अश्विनी वैष्णव ने किया बरेका का दौरा, महिला कर्मचारियों का किया उत्साहवर्धन

**वाराणसी।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) का दौरा किया। इस अवसर पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष सतीश कुमार एवं बरेका के महाप्रबंधक सोमेश कुमार भी उपस्थित रहे। रेल मंत्री ने लोको फ्रेम शॉप, लोको असेंबली शॉप और लोको टेस्ट शॉप का विस्तृत निरीक्षण किया तथा निर्माण प्रक्रिया से जुड़ी तकनीकी जानकारियां प्राप्त कीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कर्मचारियों से संवाद करते हुए लोको निर्माण की बारीकियों पर चर्चा की और विशेष रूप से महिला कर्मचारियों से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। श्री वैष्णव ने कर्मचारियों से लोको निर्माण की गुणवत्ता एवं दक्षता बढ़ाने के लिए सुझाव आमंत्रित किए। कर्मचारियों द्वारा दिए गए उपयोगी सुझावों की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ष्लोको निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होना चाहिए। बरेका की पहचान उच्च गुणवत्ता और नवाचार से बनी रहनी चाहिए। उन्होंने बरेका की उत्पादन क्षमता, स्वच्छता व्यवस्था, पर्यावरण संरक्षण और सामग्री प्रबंधन प्रणाली की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि बरेका भारतीय रेल की तकनीकी आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट उदाहरण है, जहां निरंतर नवाचार और आधुनिक तकनीक का सफल समावेश किया जा रहा है। श्री वैष्णव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए उन्हें देश की प्रगति के इंजन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वन किया।

### प्रयागराज में एक्यूप्रेशर शोध के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज के एक्युप्रेशर शोध प्रशिक्षण और उपचार संस्थान का 27वां राष्ट्रीय व तीसरा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन शनिवार से शुरू हो गया है। यह सम्मेलन 13 नवम्बर तक चलेगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि के तौर पर फूलपुर के विधायक प्रवीण पटेल रहे। अध्यक्षता न्यायमूर्ति राहुल चतुर्वेदी ने किया। इस संबंध में आज शनिवार को मिटो रोड स्थित संस्थान कार्यालय मे मुख्य समन्वयक एके द्विवेदी ने बताया कि इस सम्मेलन में देश भर से करीब 1000 एक्यूप्रेशर एक्सपर्ट शामिल होंगे। एक्यूप्रेशर से जुड़ी हुई सभी प्रचलित प( तियों, परंपरागत चायनीज प( ति, सुजोक, इलेक्ट्रो एक्युपंचक, यौगिक, एक्युप्रेशर आदि पर आधारित सफल उपचार प्रबंधों पर सुपर एडवांस प्रशिक्षण संस्थान के अध्यक्ष जेपी अग्रवाल एवं शोध टीम द्वारा किया गया। इस सम्मेलन में रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम व अलंकरण समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी शामिल होंगे।

### प्रयागराज में दोस्त ने ली युवक की जान

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में प्रयागराज जिले खुल्दाबाद इलाके में शनिवार सुबह एक व्यक्ति की उसके दोस्त ने चापड़ मार कर हत्या कर दी। पुलिस उपायुक्त मनीष कुमार शांडिल्य ने बताया कि पैसे को लेकर हुए विवाद में अयाज ने गुस्से में आकर सेराज (42) की चापध्मारकर हत्या कर दी और फरार हो गया। मृतक फतेहपुर जिले का निवासी है। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

# इन्हौना पुलिस ने नंदलाल को गिरफ्तार कर भेजा जेल



शाह टाइम्स संवाददाता

**इन्हौना/अमेठी।** पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में थाना इन्हौना पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 90/25 धारा 105 बीएनएस थाना इन्हौना जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त नंदलाल पुत्र हुबलाल निवासी दक्खिन मोहल्ला मजरे इन्हौना थाना इन्हौना जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात में उसके गांव का ही रहने वाला जावेद उर्फ राजू शराब के नशे में उसके घर में घुस आया था तथा उसकी पत्नी से अभद्रता कर रहा था जिससे उसने जावेद को बांस के डण्डे से मारा-पीटा था तथा उसके मोबाइल को तोड़कर जला दिया था।

जावेद का मोबाइल व डण्डे वहीं घर से कुछ दूरी पर छिपा दिया था । अभियुक्त की निशानदेही पर मृतक का टूटा व जला हुआ मोबा. इल फोन व मार-पीट में प्रयुक्त बांस के 02 डण्डे (आलाकत्ल) बरामद हुए । इन्हौना थाने की पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया इन्हौना थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी में उ0नि0 राजेश चन्द पाल सिपाही अभिषेक कुमार , शेरुम अंसारी आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# अब विदेशी मेहमान भी वंदे भारत को देखकर अचंभित होते हैं: पीएम मोदी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी दौरे के दूसरे दिन शनिवार को बनारस रेलवे स्टेशन से देशवासियों को चार वंदे भारत ट्रेनों की सौगात देते हुए कहा कि आज वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत आने वाली नई पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं। ए भारत में बनी ट्रेनें हैं। ए हमारे देश की ताकत हैं।

विदेशी अब वंदे भारत को देखकर अचंभित होते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हर हर महादेव से अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि टेक्नॉलाजी के क्षेत्र में जो उत्तम कार्य हो रहा है, उसकी कमान संभालने वाले अश्विनी वैष्णव समेत सभी अधिकारी एवं कर्मी बधाई के पात्र हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ष बाबा विश्वनाथ की इस पावन नगरी में काशी के परिवार. जनों को सभी के प्रणाम। देव दीपावली पर अद्भुत आयोजन हुआ। आज के विकास पर्व की शुभकामनाएं देता हूं। जिस देश में बड़ी प्रगति और विकास होता है, उसके आगे बढ़ने में वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की भूमिका होती है। जिस जगह ट्रेन नहीं, पटरी नहीं, वहां ट्रेन चलने लगे, रोड बन जाए। यानी व्यवस्थाएं विकसित होती हैं तो अपने आप विकास शुरू हो जाता है।

कितने एयरपोर्ट बने, कितनी वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें चलीं। आज देश में नई वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत हुई। चार ट्रेनों के साथ ही देश में 160 से ज्यादा ट्रेनों का संच. ालन होने लगा। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों के लिए वंदे भारत की शुरुआत हुई है। आज वंदे भारत, नमो भारत और अमृत भारत जैसी ट्रेनें भारतीय रेलवे की अगली पीढ़ी की नींव तैयार कर रही हैं। यह भारतीय रेलवे को ट्रांसफॉर्म करने का अभियान है। वंदे भारत भारतीयों की, भारतीयों द्वारा, भारतीयों के लिए बनाई गई ट्रेन है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। श्री मोदी ने कहा कि जिन भी देशों में प्रगति और विकास हुआ है, उनके आगे बढ़ने के पीछे बहुत बड़ी शक्ति वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की है। मान लीजिए कोई इलाका है, लंबे समय से वहां कोई रेल नहीं जा रही है। रेल की पटरी नहीं है, स्टेशन नहीं है। लेकिन जैसे ही वहां पटरी लग जाएगी, स्टेशन बन जाएगा, उस नगर का अपने आप विकास शुरू हो जाता है। किसी गांव के अंदर रोड ही नहीं है, सालों से लोग कच्चे मिट्टी के रास्तों से आते-जाते हैं। जैसे ही वहां रोड बन जाता है, किसानों का माल आने-जाने लगता है। विकास शुरू हो जाता है। कितने एयरपोर्ट बने, कितने स्टेशन बने। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर मतलब बड़े-बड़े ब्रिज, हाइवे ही नहीं होते। वरना पहले ए सोचते थे कि ए हो सकता है क्या। ए तो विद. ेशों में होता था। हमारे देश में अब हो रहा है, हमारे देश के लोग बना रहे हैं, ए देश की ताकत है। अब तो विदेशी यात्री वंदे भारत को देखकर अचंभित होते हैं।

## बच्चों का कवि सम्मेलन हो और उनमें से आठ दस बच्चों को देश भर में ले जाएं: मोदी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी में कहा कि वंदे भारत ट्रेन में कुछ विद्यार्थियों से बात की और बच्चों ने उन्हे कविताएं भी सुनाईं। उनका मन कर रहा था कि इन बच्चों का कवि सम्मेलन हो और उनमें से आठ-दस बच्चों को देश भर में ले जाया जाए। उनसे कविताएं करवाई जाएं। श्री मोदी ने कहा ष सुखद आयोजन के लिए अश्विनी वैष्णव जी को बधाई देता हूं कि जहां वंदे भारत की शुरुआत होती है, वहां बच्चों के बीच अलग-अलग प्रतियोगिताएं होती हैं। विकास के संदर्भ में वंदे भारत, अलग-अलग मुद्दों के साथ विकसित भारत की परिकल्पना के संदर्भ में कविताओं को लेकर होता है। बच्चों से मिला, उनकी जो परिकल्पना थी, उन्होंने जो विकसित भारत के चित्र बनाए थे, जो कविताएं सुनने को मिलीं। काशी के सांसद के नाते मुझे गर्व हुआ। मेरी काशी में होनहार बच्चों से मिला। जो चित्र उन्होंने बनाए, अद्भुत हैं। स्कूलों के शिक्षकों को भी हृदय से आभार करता हूं। उनके माता-पिता को भी बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा ष काशी में गंजारी और सिगरा स्पोर्ट्स स्टेडियम भी हमारे पास हैं। प्रयास है कि बनारस आना, बनारस रहना और बनारस को जीना सभी के लिए खास बने। हमारी सरकार काशी में स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार का प्रयास कर रही है। 11 साल पहले स्थिति यह थी कि गंभीर बीमारी का इलाज कराना हो तो लोगों को सिर्फ बीएचयू का विकल्प होता था। मरीजों की संख्या इतनी ज्यादा होती थी कि पूरी रात खड़े रहने के बाद भी इलाज नहीं मिल पाता था।

# प्रमाणिक मतदाता सूची सशक्त लोकतंत्र की नींव: धर्मपाल सिंह

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि प्रमाणिक मतदाता सूची सशक्त लोकतंत्र की नींव है। उन्होंने कहा कि यह हमारी जिम्मेदारी है कि चुनाव आयोग की एसआईआर प्रक्रिया के तहत हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए और कोई भी अपात्र व्यक्ति का नाम सूची में न रहे।



धर्मपाल सिंह शनिवार को चन्दौसी और गाजीपुर में आयोजित बैठकों में मंडल अध्यक्षों और मतदाता पुनरीक्षण अभियान के विधानसभा संयोजकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मतदाता पुनरीक्षण अभियान सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मतदाता सूची के शुद्धिकरण का कार्य है। अभियान के दौरान एक भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची में छूटे नहीं और कोई भी बोगस नाम न जुड़ पाए, यह सुनिश्चित करना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि अभियान के प्रभावी संचालन के लिए जिला और विधानसभा स्तर पर वॉर रूम बनाए जाएंगे, जो प्रदेश स्तर पर स्थापित वॉर रूम से सीधे जुड़े रहेंगे। संगठनात्मक तालमेल और तकनीकी निगरानी से इस अभियान को लोकव्यापी बनाया जाएगा। धर्मपाल सिंह ने कहा कि बीएलए-1 का दायित्व बीएलए-2 से सतत संपर्क बनाए रखना और उनके कार्य में सहयोग करना है। बीएलए-2 चुनाव आयोग की ओर से भाजपा का अधिकृत प्रतिनिधि होगा।

# संपत्ति विवाद में ली पिता की जान, भाई को किया घायल

**कौशांबी।** उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के करारी क्षेत्र में पैतृक संपत्ति के बंटवारे से नाराज दो भाइयों ने मिल कर लाठी डंडा से अपने पिता और बड़े भाई पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। शनिवार को इलाज के दौरान पिता की मृत्यु हो गई जबकि भाई की हालत गंभीर बनी हुई है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि नेता नगर करारी निवासी दुर्गा (60) ने कुछ दिन पहले अपने दो पुत्र विमलेश और वीरेंद्र से नाराज होकर पूरी जमीन बड़े बेटे ज्ञान सिंह की पत्नी प्रियंका के नाम लिख दी थी। विमलेश और वीरेंद्र को घर से निकल जाने के लिए कहा था। इसी बात को लेकर शुक्रवार रात पिता दुर्गा और उसके पुत्र विमलेश और वीरेंद्र से झगड़ा हो गया। विमलेश और वीरेंद्र लाठी-डंडा लेकर पिता दुर्गा को मारने पीटने लगे। बचाव में उनका बड़ा भाई ज्ञान सिंह आया तो उसकी भी पिटाई कर दिया। मारपीट की इस घटना में दुर्गा और उसका बड़ा लड़का ज्ञानसिंह गंभीर रूप से घायल गए।


**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ निम्न कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | कार्य का नाम | एयर ब्रेक पाइपिंग को एम एस /ई आर डब्ल्यू एस एस पाइप से सीमलेस एस.एस. पाइप में परिवर्तित करना (आई.सी.एफ. कोचों में)। |
| 02 | कार्यस्थल | सवारी डिब्बा कारखाना, आलमबाग, लखनऊ |
| 03 | अनुमानित लागत | रु० 4,44,27,741 मात्र |
| 04 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य। |
| 05 | बिड सिक्युरिटी | रु० 3,72,100/- मात्र |
| 06 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 01 वर्ष। |
| 07 | निविदा जमा करने की तिथि एवं समय | दिनांक- 01.12.2025 समय 15:00 बजे तक। |
| 08 | प्रमाणपत्र | फर्म के सभी Members द्वारा ANNEXURE-A (यदि Company/ Proprietorship फर्म है) के साथ Annexure-A(a) (यदि Partnership/HUF/ JV/LLP फर्म है) के अनुरूप प्रमाणपत्र अवश्य अपलोड किया जाना चाहिए। |
| 09 | खुलने का समय | निविदा फार्म जमा होने के पश्चात निविदा को किसी भी समय खोला जायेगा। निविदाकर्ताओं को निविदा खुलने के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। |
| 10 | कार्यालय जहां से निविदा प्रपत्र क्रय किया जा सकता है। | निविदा सूचना एवं प्रपत्र का पूर्ण विवरण नियम व शर्तो सहित वेबसाइट -www.ireps.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है। |
| 11 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा का पूरा विवरण आदि देखा जा सकता है। | |

निविदा सूचना सं. 2025-ए.एम.ती.- सी एंड डब्ल्यू ईनिविदा - 64 दिनांक 07.11.2025 3477/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# 50 लाख के पार्टस के साथ चार गिरफ्तार

## 10 कारों के पार्ट को काटकर किया था अलग, पुराने मुकदमा की पैरवी में खर्च करते थे पैसे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 पुलिस ने चार वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 10 कारों के कटे हुए पार्टस बरामद किए गए। इनकी कुल कीमत करीब 50 लाख रुपए है। इनके पास से दो कार एक सेंट्रो और दूसरी वैगनार के अलावा कार चोरी करने के उपकरण बरामद किए गए है। इनके नाम मोनू, जगन यादव, इमरान और सोहन बीर है। पुलिस ने इन चारों को सुपरटेक रोमानो तिराहा कट सेक्टर-118 से पकड़ा। इस गैंग का सरगना मोनू है। जिस पर 18 से ज्यादा मुकदमे है।

डीसीपी यमुना प्रसाद ने बताया कि ये चारों रात में कार से निकलते है। इसके बाद रास्ते में पड़ने वाली पार्किंग, मेन रोड, होटल के बाहर खड़ी कार की रेकी करते है। इसके बाद एक सदस्य कार की खिड़की का लॉक तोड़कर उसे अपने साथ




अपने ले जाता है। कार के पार्टस काटकर अलग कर लेते है। जिसे कबाडियों को सस्ते दाम पर बेच देते है। घटना के समय ये लोग मोबाइल पर बातचीत नहीं करते थे। जिससे इन लोगों को ट्रैक नहीं किया जा सके।

**पैरवी में खर्च करते पैसा:** इस तरह से वाहन चोरी कर पार्टस बेचकर मिले पैसों का प्रयोग पैरवी में करते थे। इसके अलावा इन्ही पैसों से ये अपना खर्चा चलते थे। इससे पहले भी इनके ऊपर कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया मोनू 30 साल और 12वीं पास है। जगन 40 साल का 8वीं पास, इमरान 40 साल 6वीं पास और सोहनबीर 32 साल का आठवीं पास है।

## सड़क हादसे में युवती की मौत

**नोएडा।** नोएडा में सड़क हादसे में एक युवती की जान चली गई। युवती अपनी मां के साथ स्कोटेक थर्ड स्थित फैक्ट्री में काम करने जा रही थी। इस दौरान पीछे से एक बस ने युवती को टक्कर मार दी। घायल अवस्था में लोगों ने युवती को अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लिया है। साथ ही बस को कब्जे में लिया है। मामले में परिजनों की ओर से शिकायत दी जा रही है।

युवती की पहचान सुजाता उम्र करीब 19 साल बताई जा रही है। पिता श्रीपाल के साथ सरस्वती एनक्लेव में रहती थी। रोज की तरह शनिवार को भी अपनी मां के साथ फैक्ट्री में काम करने जा रही थी। इस दौरान क्रासा चौराहा पर पीछे से आ रही बस नंबर यूपी 17 टी 7666 ने टक्कर मार दी। गनीमत रही कि मां को टक्कर नहीं लगी। टक्कर लगते ही सुजाता दूर जा गिरी। उसके सिर, हाथ और पैर में चोट लगी।

# महिला के कटे सिर की तलाश जारी, अब तक 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-82 कट के पास नाले में मिली सिर कटी लाश के मामले ने क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। घटना के 24 घंटे से ज्यादा बीतने के बाद भी महिला की शिनाख्त नहीं हो सकी है, वहीं पुलिस को सिर की तलाश में अब तक कोई सुराग हासिल नहीं हुआ है। मामले की गंभीरता को देखते हुए गौतम बुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने 10 विशेष टीमें गठित की हैं, जो लगातार सबूत एकत्र करने में जुटी हैं। अधिकारियों के अनुसार अब तक 500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा चुके हैं, लेकिन हत्या कहां हुई और शव को यहां लाया कैसे गया, इस पर पुलिस को अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है।

जांच टीमें इलाके में लगे कैमरों की फुटेज घटनास्थल से तीन दिन पहले तक की खंगाल रही हैं, ताकि किसी संदिग्ध की गति-विधि का पता लगाया जा सके। सबसे बड़ी मुश्किल महिला की पहचान कराना है। सिर न मिलने की वजह से पुलिस को डेड बॉडी की पहचान कराने में खासी समस्या आ रही है।

आसपास के जिलों से संपर्क कर वहां की गुमशुदगी रिपोर्ट भी मंगाई जा रही है। पड़ोसी जिलों की पुलिस से भी तालमेल बैठाया जा रहा है ताकि किसी भी लापता महिला की शिकायत इस मामले से मेल खा सके। महिला के सिर की तलाश के लिए पुलिस ने घटनास्थल के तीन किलोमीटर के दायरे में बड़ा सर्च ऑपरेशन चलाया। नाले से लेकर आसपास के झाड़ियों, खाली प्लॉट्स, नदी किनारे और रास्तों पर तलाशी अभियान जारी रहा, लेकिन अब तक कोई सफलता नहीं मिली है। फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंचकर सैंपल इकट्ठा कर चुकी है।

पुलिस इस मामले को हत्या का मामला मानकर आगे बढ़ रही है। यह भी आशंका जताई जा रही है कि अपराध किसी और जगह पर हुआ और सबूत मिटाने के लिए शव को यहां फेंका गया। यह भी जांच का विषय है कि हत्या किसी व्यक्तिगत विवाद, घरेलू हिंसा या अवैध संबंध से जुड़ी हो सकती है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए जांच को तेज कर दिया गया है।

पुलिस ने स्थानीय लोगों से भी अपील की है कि यदि किसी ने इलाके में किसी संदिग्ध व्यक्ति या वाहन को आते-जाते देखा है तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## दो सेक्टरों में साफ-सफाई न होने से लोग परेशान

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा वन और बीटा वन में साफ-सफाई ठीक से न होने के कारण लोग परेशान हैं। आरोप है कि कई स्थानों पर कचरे के ढेर लगे हैं, जिन्हें साफ करने के लिए कर्मचारी समय से नहीं आते हैं। वहीं, प्राधिकरण द्वारा भी कोई सुनवाई नहीं की जाती है। सेक्टर बीटा वन में रहने वाले हरेंद्र भाटी ने बताया कि सेक्टरों में त्योहारों के बाद से साफ-सफाई कार्य अब भी लापरवाही के साथ किया जा रहा। कर्मचारी रोज सेक्टरों की साफ-सफाई नहीं कर रहे, जिसके कारण कई स्थानों पर कचरे के ढेर लगे हैं। पार्क के पास सड़क के किनारे घरों के बाहर कचरा पड़ा हुआ है, जिसको उठाने के लिए कर्मचारी नहीं आ रहे हैं।

वहीं, गामा वन के रहने वाले केशव ने बताया कि सेक्टर में मार्केट के पास सबसे अधिक कूड़ा पड़ा रहता है, जिससे संक्रमित बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है।

# प्लॉट की दीवार तोड़ने पर किया था हमला, पांच गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**ग्रेटर नोएडा।** बिसरख कोतवाली पुलिस ने तिगरी गांव में मारपीट में घायल युवक की मौत के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी पर गैर इरादतन हत्या का मुक. दमा दर्ज है। आरोप है कि तीन नवंबर को आरोपियों ने एक प्लॉट की दीवार तोड़ने और गाली गलौज का बदला लेने के लिए एक युवक पर हमला किया था।

आरोपियों के पास से दो कार, एक बाइक और 5 डंडे बरामद किए गए हैं। पुलिस का कहना है कि अभी आरोपियों के तीन से अधिक साथी फरार हैं, जल्द उनको गिरफ्तार कर लिया जाएगा। डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि तीन नवंबर की शाम करीब सात बजे गौरव यादव तिगरी गांव में घर पर बैठा हुआ था। उसका



दोस्त लव कुमार भी साथ था। आरा. प है कि तभी वहां पर सचिन बैंसला निवासी दल्लूपुरा दिल्ली अपने दोस्तों के साथ कार में सवार होकर पहुंचा और मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान गौरव बीचबचाव कराने पहुंचे तो उसके साथ भी मारपीट कर दी और गोली चला दी। गोली गौरव के पैर में लगी। मारपीट करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मूलरूप से बिहार के रहने वाले लव कुमार की मौत हो गई। पुलिस ने गौरव के भाई जसवीर निवासी बहरामपुर की शिकायत पर सचिन बैंसला व नीतीश गुर्जर और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया। बिसरख कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। मुख्य आरोपी सचिन ने शुक्रवार को कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। डीसीपी ने बताया कि शनिवार को पुलिस ने गैर इरादतन हत्या के 5 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान नीतीश भाटी निवासी दल्लूपुरा दिल्ली, संजय निवासी जीडीए कॉलोनी गौड़-सिटी-2, पंकज बाल्मिकी निवासी खेरली हाफिजपुर, अभिषेक भाटी व रितिक भाटी निवासी चक्रसैनपुर दादरी के रूप में हुई है।

## एक नजर

### रजिस्ट्री पर जगी उम्मीद, गंगा और गायत्री टॉवर के खरीदारों को मिला भरोसा

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित महागुन मंत्रा दो के निवासियों की रजिस्ट्री जल्द शुरु हो सकती है। गंगा और गायत्री टॉवर के लगभग 50 खरीदार शनिवार को नोएडा स्थित बिल्डर के कार्यालय पहुंचे। वहां उन्होंने रजिस्ट्री की मांग को फिर से दोहराया। उन्होंने कहा कि सालों से तारीख पर तारीख मिल रही है। उन्हें अब समाधान चाहिए।

निवासियों को महागुन प्रबंधन की ओर से बताया गया कि अधिसूचना के आधार पर, हम गंगा और गायत्री टावरों के लिए भूमि भुगतान के विरुद्ध जमा की जाने वाली राशि के परिमाणीकरण के लिए सोमवार को प्राधिकरण को आवेदन करेंगे। इसके साथ ही 25 से 30 नवंबर के बीच परिमाणीकरण राशि और समय विस्तार शुल्क का भुगतान कर देंगे। निवासियों ने बताया कि उन्हें अब उम्मीद जगी है कि जल्द से जल्द रजिस्ट्री शुरु हो जाएगी। बता दें, आरोप है कि बिना रजिस्ट्री के पजेशन दे दिया है। हर महीने मेंटेनेंस शुल्क लेने के बाद भी ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का बकाया देने का बिल्डर नाम नहीं ले रहा है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक में झूठा आश्वासन दिया गया था। जब तक रजिस्ट्री शुरू नहीं हो जाती। तब तक उन्हें भरोसा नहीं होगा। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्री जब तक नहीं होती वह चुप नहीं बैठेंगे। वह हर संभव प्रदर्शन करते रहेंगे।

### एक महीने में 50 हजार से अधिक वाहन मालिको नोटिस

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** जिले के 50 हजार से अधिक रोड टैक्स बकाएदार वाहन मालिकों को परिवहन विभाग ने नोटिस भेजा है। टैक्स जमा करने के लिए यह नोटिस भेजे गए हैं। इसमें रोड टैक्स के बड़े बकाएदार शामिल हैं। एआरटीओ प्रशासन नंदकुमार ने कहा कि कुछ वाहन मालिकों ने नोटिस मिलने के बाद टैक्स जमा करने की प्रक्रिया के लिए संपर्क भी किया है।

### ठगी करने वाले चार गिरफ्तार



**नोएडा (शाह टाइम्स)।** थाना फेस 3 नोएडा पुलिस द्वारा फर्जी दस्तावेजो का प्रयोग कर बैंक एकाउण्ट बनवाकर, उक्त एकाउण्ट को साइबर अपराधियो को बेचकर डिजिटल अरेस्ट व अन्य साइबर अपराध में सहयोग करने वाले 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया। थाना फेस 3 पुलिस द्वारा बीट पुलिसिंग व गोपनीय/इलैक्ट्रॉनिक सूचना के आधार पर वरूण प्रताप सिंह मैनपुरी, सार्थक गुप्ता मैनपुरी, अर्थव दीक्षित फर्रुखाबाद, मोनु यादव मैनपुरी को ग्रीन बैल्ट सैक्टर 66 से सैक्टर 63 की ओर जाने वाली रास्ते से गिरफ्तार किया गया है। 4 मोबाइल फोन भिन्न भिन्न कम्पनी के, 7 डेबिट कार्ड, एक चैक बुक एक कार बलेनो सफेद रंग रजि0नं0 यूपी 84 एएम 2186 बरामद किए। यह लोग फर्जी दस्तावेजो का प्रयोग कर बैंक एकाउण्ट बनवाकर साइबर अपराधियों को बेचा जाता था। जिसका प्रयोग डिजिटल अरेस्ट व अन्य साइबर अपराधो के लिए करते थे। साइबर अपराध में अर्जित होने वाले प्रतिदिन धन के आधार पर अभियुक्तगण ऐसा एकाउण्ट सप्लाई करते थे जिसकी लिमिट 50 लाख से 5 करोड़ तक होती थी। अन्य फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### बिजली से जुड़ी समस्याओं का व्हाट्सऐप पर त्वरित समाधान होगा

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** विद्युत निगम में नई व्यवस्था के तहत जिले के उपभोक्ताओं की बिजली से जुड़ी समस्या का त्वरित निस्तारण व्हाट्सएप ग्रुप पर होगा। इसके लिए हर उपकेंद्र का व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जा रहा है। संबंधित उपकेंद्र के क्षेत्र के उपभोक्ताओं को उस व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा जा रहा हैं। साथ ही ग्रुप की हर रोज विद्युत निगम के अधिकारी समीक्षा भी कर रहे हैं। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार जिले में नई व्यवस्था के तहत 15 नवंबर से कार्य शुरू किए जाएंगे। इसके लिए हर बिजली उपकेंद्र के सीयूजी नंबर पर व्हाट्सऐप ग्रुप शुरू किया गया है।

# वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप की तैयारियां तेज, लगेंगे चार रिंग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होने वाली वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए आयोजकों की ओर से चार बॉक्सिंग रिंग की व्यवस्था की जाएगी। मुकाबले एक रिंग पर खेले जाएंगे। वहीं, तीन रिंगों पर बॉक्सर अभ्यास करेंगे।

प्रतियोगिता के लिए बॉक्सरों का चयन लकी ड्रॉ के माध्यम से किया जाएगा। ड्रॉ का आयोजन 14 नवंबर को इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 80 से अधिक देशों के विश्व स्तरीय 450 बॉक्सर व 150 ऑफिशियल भाग रहे हैं। भारतीय बॉक्सिंग संघ और उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव प्रमोद कुमार ने बताया कि बॉक्सिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) की मेजबानी में ग्रेटर नोएडा के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के इंडोर स्टेडियम में 14 से 21 नवंबर तक वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर आयोजकों की ओर से युद्ध स्तर पर तैयार शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि बॉक्सरों के ठहरने की व्यवस्था ग्रेटर नोएडा के सूर. जपुर स्थित क्राउन प्लाजा होटल में की गई है। वहीं, ऑफिशियल ग्रेटर नोएडा के ही रेडिसन ब्लू होटल में रहेंगे।

**इन भार वर्गों में होंगे ड्रॉ:** ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में बॉक्सर 47-50, 50-55, 55-60, 60-65, 65-70, 70-75, 75-80, 80-85, 85-90 व 90 से अधिक भार वर्ग में ड्रॉ होंगे। वहीं, महिला वर्ग में 45-48, 48-51, 51-54, 54-57, 57-60, 60-65, 65-70, 70-75, 75-80 और 80 से अधिक किग्रा भार वर्ग में ड्रॉ का आयोजन किया जाएगा।

## छात्र ने तमंचे से गोली मारकर की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर का थाना बादलपुर क्षेत्र के छपरौला गांव में रहने वाले एक 20 वर्षीय बीकॉम के छात्र ने आज तमंचे से खुद को गोली मार ली। इस घटना में उसकी मौत हो गई है। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों के साथ ही यह पता लगा रही है कि छात्र के पास तमंचा कहां से आया है।

थाना बादलपुर के प्रभारी निरीक्षक अमित भड़ाना ने बताया कि छपरौला गांव स्थित एक कॉलोनी में रहने वाले आकाश गिरी पुत्र प्रमोद गिरी उम्र 20 वर्ष जो की बीकॉम प्रथम वर्ष में पढ़ता था। उसने आज अपने घर पर गोली मार लिया।

# यमुना सिटी बनेगी देश की दूसरी 'हाइड्रोजन सिटी', लग्जरी बसों से निकलेगी सिर्फ पानी की भाप

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर) की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए जल्द ही एक नई सौगात मिलने जा रही है। अब सफर होगा लग्जरी, शांत और सबसे बढ़कर प्रदूषणमुक्त। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में देश की पहली ग्रीन लग्जरी बस सेवा शुरू होने जा रही है, जो हाइड्रोजन ईंधन पर चलेगी। इस परियोजना को यमुना प्राधिकरण बोर्ड से हरी झंडी मिल चुकी है।

**लेह-लद्दाख के बाद यमुना सिटी में हाइड्रोजन बसों की गूंज:** लेह-लद्दाख के बाद अब यमुना सिटी देश का दूसरा शहर होगा जहां हाइड्रोजन बसें चलेंगी। नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन की इस परियोजना का उद्देश्य शहर को ग्रीन ट्रांसपोर्ट मॉडल के रूप में विकसित करना है। शुरुआत में तीन लग्जरी एसी बसें सड़क पर उतरेंगी। 45 सीटों वाली ये बसें एक बार ईंधन भरने पर करीब 600 किलोमीटर की दूरी तय करेंगी। इन बसों से न तो धुआं निकलेगा, न कार्बन बस निकलेगी तो केवल पानी की भाप, जो वातावरण को किसी भी तरह प्रदूषित नहीं करेगी।

**15 नवंबर से शुरू होगी सेवा:** एनटीपीसी की ओर से पहले हाइड्रोजन रिफ्यूलिंग स्टेशन का ट्रायल पूरा किया जाएगा। इसके बाद 15 नवंबर से बस सेवा औपचारिक रूप से शुरू करने की योजना है। यह पहल एनटीपीसी के 'ग्रीन एनर्जी मिशन' का हिस्सा है, जो देशभर में स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

**गंदे पानी से बनेगा हाइड्रोजन ईंधन:** इस परियोजना की सबसे खास बात यह है कि बसों में इस्तेमाल होने वाला हाइड्रोजन ईंधन एनटीपीसी के ग्रेटर नोएडा प्लांट में तैयार किया जाएगा और यह भी शोधित गंदे पानी से। बसों में ईंधन भरने और रखरखाव की जिम्मेदारी एनटीपीसी की होगी, जबकि ड्राइवर और परिचालन की व्यवस्था यमुना विकास प्राधिकरण करेगा।

**ग्रीन ट्रांसपोर्ट हब के रूप में उभरेगा यमुना क्षेत्र:** जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को सड़क, एक्सप्रेसवे और हाइवे से जोड़ने की योजना पहले से ही तेजी पर है। अनुमान है कि आने वाले समय में यहां यातायात का दबाव नोएडा और ग्रेटर नोएडा से भी अधिक होगा। ऐसे में हाइड्रोजन बसें पर्यावरण की रक्षा करेंगी।

# मोबाइल टावर से आरआरयू चुराने वाले दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** मोबाइल टावरों से आरआरयू मशीन चोरी करने वाले दो शातिरों को पुलिस ने शुक्रवार रात सेक्टर-88 से गिरफ्तार किया। दोनों बदमाश दिल्ली-एनसीआर में रेकी कर मोबाइल टावरों कीमती उपकरण चोरी करते थे। चोरी के सामान को कबाड़ियों को बेच देते थे।

सेंट्रल नोएडा जोन की एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों पुलिस की टीमें चोरों को पकड़ने में जुटी थी। शुक्रवार रात चेकिंग के दौरान सेक्टर-88 से दो संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि दोनों शातिर किस्म के चोर हैं। मोबाइल टावरों से कीमती उपकरण चोरी करते हैं। आरोपियों की पहचान जिला बलिया के दुमरी गांव निवासी कृष्णा गुप्ता और बिहार के जिला मुंगेर निवासी



शिवम कुमार के रूप में हुई। कक्षा नौ पास कृष्णा वर्तमान में कुलेसरा में और आठवीं पास शिवम भंगेल गांव में किराए पर रहता है। दोनों की निशानदेही पर दो आरआरयू, एक पेचकस, एक कटर, एक प्लास, एक चाबी, एक हैंड टूल और चाकू बरामद हुआ है।

पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह रेकी करके चोरी करते थे। पुलिस से बचने के डर से घटना करने के बाद स्थान बदल देते थे और सिर्फ व्हाट्सएप कॉल पर बात करते थे। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# कंपनी के कार्यालय से डेढ़ हजार से अधिक मोबाइल फोन गायब

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** सेक्टर-57 स्थित एक कंपनी में मरम्मत को आए 1,566 मोबा. इल फोन गायब हो गए। कंपनी के कर्मचारियों और दो सिक्योरिटी गार्ड समेत आठ लोगों पर गबन करने का आरोप लगा है। सेक्टर-58 थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-16 स्थित पैराडाइज ग्रीन विला में रहने वाले सूरज कुमार दास ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-57 स्थित एक प्राइवेट कंपनी में सिविलियन स्विच बोर्ड ऑपरेटर (सीएसबीओ) के पद पर कार्यरत हैं। कंपनी में नामी मोबाइल कंपनी के इस्तेमाल किए हुए मोबाइल फोन कंपनी के माध्यम से मरम्मत होने के लिए आते हैं।

एक विक्रेता के माध्यम से जानक. री हुई कि कंपनी में मरम्मत के लिए आए मोबाइल फोन बाजार में सस्ते दामों पर बिक रहे हैं। आनन-फानन में कंपनी में आंतरिक जांच के लिए टीम गठित की गई। जांच में टीम में शिकायतकर्ता के अलावा कंपनी के प्रबंधक अनिल विश्नोई, स्टॉक इंचार्ज जाहिद और मों. हत ने मिलकर स्टॉक खंगाला। जांच में पता चला कि कंपनी में मरम्मत को आए 1566 मोबाइल फोन गायब हैं। इसके संबंध में जिम्मेदार कर्मचारियों कबीर, अजय कुमार, सुहेल, इंजमाम अली खान, अभिषेक पांडे, अनुज कुमार, सुरक्षा कार्ड पंकज और शिवकुमार से बातचीत की गई। ये मोबाइल फोन इन लोगों की निगरानी में ही गायब हुए हैं। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने यह गबन जुलाई, अगस्त और सितंबर के बीच किया है। कुछ मोबाइल फोन एक कंपनी को और कुछ अन्य लोगों को सस्ते दामों पर बेच दिए। आरोपियों से मोबाइल फोन वापस मांगे तो नहीं दिए। आरोपियों ने कंपनी के साथ धोखाधड़ी की है।

# पहले बच्चे को पीटा फिर दादा और मां के साथ मारपीट

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** बीटा दो कोतवाली क्षेत्र की डिवाइन ग्रेस सोसाइटी में रहने वाले एक परिवार के बच्चे के साथ मारपीट की गई। बच्चे के दादा और मां इसकी शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने दंपति समेत छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

सोसाइटी में रहने वाली अनीता देवी ने पुलिस को बताया कि एक नवंबर को उसके बेटे का जन्मदिन था। पीड़िता के मुताबिक, उसका 10 वर्षीय बेटा पड़ोस में रहने वाले अपने दोस्तों को जन्मदिन के लिए बुलाने के लिए गया था। इसी बीच पड़ोसी सुभाष के 13 वर्षीय बेटे ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के बेटे के साथ मारपीट की। महिला अपने ससुर के साथ आरोपी के घर शिकायत करने पहुंची तो आरोपियों ने महिला और उसके ससुर को भी पीटा। सोसाइटी के लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने इस मामले में दंपति समेत चार नाबा. लिग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# अंडरपास के जरिए एक्सप्रेस वे से जुड़ेगी ग्रेटर नोएडा लिंक रोड

**99.74 करोड़ का आएगा खर्च, 30 से ज्यादा सेक्टर और गांव को फायदा**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नोएडा।** नोएडा को ग्रेटरनोएडा के जरिए जोड़ने वाली लिंक रोड अंडरपास के जरिए एक्सप्रेस वे से कनेक्ट होगी। ये अंडरपास सेक्टर-146 और 147 के बीच बनाया जाएगा। अंडरपास 45 मीटर रोड से होते हुए एक्सप्रेस वे के नीचे दूसरी तरफ जाएगा। इसकी लंबाई करीब 800 मीटर होगी। इसके जरिए ग्रेटरनोएडा और नोएडा के लोग लिंक रोड तक आ जा सकेंगे। निर्माण के लिए कंपनी का चयन किया जा रहा है।

नोएडा और ग्रेटरनोएडा को जोड़ने वाली लिंक रोड 2 किमी से अधिक लंबी है। ये एक्वा लाइन मेट्रो के नीचे सेक्टर 146-147 में 45 मीटर चौड़ी सड़क से शुरू होते हुए हिंडन नदी पर पुल से होते हुए नॉलेज पार्क 3 एलजी चौक तक जाती है। नोएडा की तरफ से एप्रोच रोड का काम पूरा होने वाला है। हिंडन नदी पर पुल का निर्माण चल रहा है। समस्या एप्रोच रोड ग्रेटरनोएडा की ओर है। विवाद निपटारा करने के साथ जल्द वहां निर्माण होगा।

**पहले लिंक रोड का जाने स्टेटस:** नोएडा ग्रेटरनोएडा को जोड़ने वाली लिंक रोड पर हिंडन नदी पर 290 मीटर लंबे पुल के निर्माण का कार्य 70 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। नोएडा प्राधिकरण की ओर से बनाई जा रही एप्रोच रोड का करीब 80 प्रतिशत



काम पूरा हो चुका है। मामला ग्रेटरनोएडा की एप्रोच रोड का है। इसका अभी 10 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है। नोएडा प्राधिकरण को साइड से देखे तो जनवरी 2019 में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस रोड का शिलान्यास किया था। इस योजना को डेढ़ साल में पूरा किया जाना था।

**अंडरपास से एक्सप्रेस वे से जुड़ेगी लिंक रोड:** एक्सप्रेस-वे पर 16.900 किमी चौनेज पर सेक्टर-145, 146 155 और 159 के बीच बनाया जाएगा। इसकी लंबाई 800 मीटर होगी। इसे निर्माण में करीब 99.74 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इससे नवविकसित किए जा रहे औद्योगिक सेक्टर-151, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 162 और 9 गांव को लाभ मिलेगा। ये लिंक रोड से जुड़ेगा। ऐसे में नोएडा और ग्रेटरनोएडा के बीच आने जाने वाली इसका प्रयोग कर सकेंगे।

**अंडरपास डायाफ्राम तकनीक से बनेगा:** एक्सप्रेस वे पर अंडरपास का निर्माण डायाफ्राम वॉल कास्ट से किया जाएगा। इसके बाद दो तरफ जमीन के अंदर यह दीवार बनाकर उसके ऊपर अंडर पास की छत ढाल दी जाएगी। नीचे दोनों दीवारों व छत के बीच की मिट्टी खुदाई कर निकाली जाएगी। इसके बाद नीचे की सड़क का काम शुरू होगा। इसी तरह से दोनों लेन का काम प्राधिकरण करवाएगी। इसके कारण कुछ दिनों तक ट्रैफिक का संचालन प्रभावित रहेगा।

**लिंक रोड से मिलेंगे यह लाभ:** दिल्ली और नोएडा से एक्सप्रेसवे होते हुए परिचौक, एलजी चौक, कलेक्ट्रेट, सूरजपुर, सेक्टर गामा एक, गामा दो, बीटा एक, बीटा दो, उद्योग विहार, उद्योग विहार एक्सटेंशन, गाजियाबाद को जाने वाले लोगों को 16 किमी अतिरिक्त चलना पड़ता था। इसके बनने दूरी कम होगी। लिंक रोड बनने से नोएडा के सेक्टर-151, 153, 154, 155, 156, 157, 159, 160, 162 स्थित आवासीय व औद्योगिक सेक्टरों का ग्रेटर नोएडा के सेक्टर गामा, बीटा, सूरजपुर, साइट बी व सी औद्योगिक क्षेत्र, डेल्टा, पुलिस लाइन, ईकोटेक दो व तीन आदि को लाभ होगा।

शाह टाइम्स
आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।
प्रवेश सिंह दतानियां
जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा
ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर
9810967541, 8920145356
Email: parveshnoida@gmail.com
खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, दहेज हत्या का आरोप

■ पति समेत आठ पर केस दर्ज, सभी आरोपी फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** कोतवाली क्षेत्र के इटौआ गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के भाई ने पति समेत आठ लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

पीलीभीत जिले के अमरिया थाना क्षेत्र के कैचूटांडा निवासी सलीम ने बताया कि उनकी बहन फिजा की शादी 16 मई 2020 को देवरनियां के इटौआ निवासी महबूब शाह से हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज में बाइक और दो लाख रुपये की मांग की जाने लगी। मांग पूरी न होने पर फिजा को लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।



परिजनों का यह भी आरोप है कि ससुराल वाले फिजा को अक्सर मायके आने से रोकते थे। हाल ही में फिजा के ससुराल से उसके बीमार होने की सूचना मिली। जब मायके वाले पहुंचे, तो उन्होंने फिजा का शव एक चारपाई पर पड़ा देखा। शिकायतकर्ता का कहना है कि फिजा की मौत स्वाभाविक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या है।

सूचना मिलने पर देवरनियां थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

थाना प्रभारी आशुतोष द्विवेदी के अनुसार, मृतका के भाई सलीम की तहरीर पर पति महबूब शाह, उसकी मां रुकसाना, पिता महबूब शाह, भाई वसीम, बहन फरीम, भाभी शबाना, सोनम और जीजा आरिफ सहित आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सभी आरोपी घटना के बाद से फरार हैं। दहेज हत्या का मामला होने के कारण इसकी जांच सीओ बहेड़ी को सौंपी गई है। बहेड़ी के सीओ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## जहरीला पदार्थ पीकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव उनासी में शनिवार तड़के एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक शराब पीने का आदी था। मिली जानकारी के अनुसार गांव उनासी निवासी पप्पू पुत्र मोतीराम (50 वर्ष) लंबे समय से शराब पीने का आदी था। शनिवार सुबह तड़के उसने घर में रखी कीटनाशक दवा पी ली जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे आनन-फानन में अस्पताल ले जाने का प्रयास किया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।घटना की सूचना मिलने पर फतेहगंज पश्चिमी पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं।

## एक नजर

## थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती हुई लापता, परिजनों ने जताई अपहरण की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उसकी 20 वर्षीय पुत्री बीते मंगलवार शाम से लापता है। आशंका जताई है कि युवती को कोई बहला-फुसलाकर ले गया है।

थाना क्षेत्र एक गांव निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की मंगलवार शाम करीब पांच बजे मेरी पुत्री घर से दवा लेने वल्लिया जाने को कह कर गई थी।देर रात तक जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने खोजबीन शुरू की। खोजबीन के दौरान पता चला कि गाँव के ही धर्मेन्द्र जो अपनी ननिहाल में ही रहता है,उसके पास रूद्रपुर निवासी एक युवक अतुल का आना-जाना रहता है। बताया जा रहा है कि वह युवक मेरी पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। जब पीड़ित ने धर्मेन्द्र से पूछताछ की तो उसने जानकारी देने से इंकार कर दिया। पुलिस ने दोनों लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सेंथल के लाल ने जीता भारत के लिए गोल्ड मैडल, एशियन चैम्पियनशिप में हुआ सलेक्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**सेंथल।** नेपाल में होने वाली इंडो नेपाल इंटरनेशनल ऐथलेटिक्स चौम्पियनशिप 2025 में एसजीएडीएफ फेडरेशन की तरफ से खेल कर भारत की ओर से

1500 मीटर की रेस में बरेली जिले की सेंथल नगर पंचायत के देव मौर्य ने भारत के लिए गोल्ड मैडल जीतकर नगर तहसील व जिले का नाम रोशन किया, व एशियन चौम्पियनशिप 2026 में सलेक्शन हुआ। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष कम्बर एजाज शानू, डॉ. लेखराज मौर्य, डॉ. आर.बी.लाल मौर्य, झम्मन लाल मौर्य, गेंदनलाल मौर्य, ललित मौर्य, अनिल मौर्य, देवेन्द्र मौर्य, होतेलाल मौर्य, हरिशंकर मौर्य, मुनीश मौर्य, मंगलीराम मौर्य, सेवाराम मौर्य, मदनलाल मौर्य, अविनाश मिश्रा, घनश्याम दास शर्मा, उमाकांत जोशी, आशीष देवल, अनुभव शर्मा, अनुपम पंडित आदि ने बधाई दी।

# तलाकशुदा युवती के घर में घुसकर किया दुष्कर्म



■ रिपोर्ट दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** तलाक शुदा युवती के घर में घुसकर एक युवक ने जबरन दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल को भेजकर आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

कस्बा निवासी एक युवती ने पुलिस को वताया कि वह तलाक शुदा है।और अपने मायके में रह रही है।आरोप है कि शुक्रवार दोपहर को परि. जनों की गैर मौजूदगी में कस्बे के मोहल्ला ईद गाह निवासी बसीम उसके घर में घुस आया और जबरन उसके साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को आरोपित को कस्बे के बिलासपुर बस अड्डे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूंछताछ में आरोपित ने पुलिस को वताया कि वह पिछले पाँच वर्ष से उक्त युवती से प्यार करता था। इसी बीच आरोपित का छः माह पूर्व कस्वे की ही दूसरी युवती के साथ शादी हुई थी।कुछ समय पूर्व प्रेमिका का उसका पति से तलाक हो गया है। इसीलिए वह अपनी प्रेमिका से मिलने गया था। फिलहाल पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# रेलवे फाटक के बीच में ट्रैक्टर की हफ का मुसरा टूटने से यातायात हुआ बाधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** भिटौरा फाटक पर दोनों लाइन के बीच में ट्रैक्टर ट्राली को जोड़ने वाला हफ का मुसरा अचानक टूटने से गन्ना लदा ट्रैक्टर ट्राली फसने से रेलवे ट्रैक और यात्री वाहन यातायात बाधित हो गया। जेसीबी के द्वारा मुश्किल तमाम से ट्राली को हटाया गया। तब करीब पौन घंटे तक रेलवे ट्रैक बाधित रहने के बाद सुचारू हुआ।बिहार से दिल्ली आनंद विहार जाने वाली जन साधारण एक्सप्रेस भिटौरा स्टेशन पर करीब पौन घंटा तक खड़ी रही।स्टेशन मास्टर की सूचना पर ट्रैक्टर ट्राली के खिलाफ आरपीएफ के द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार रहपुरा करीम बक्श सेंटर से ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना लादकर चालक नूर बक्श मीरगंज शुगर मिल जा रहा था। भिटौरा रेलवे फाटक पर करीब डेढ़ बजे रास्ता ऊबड़ खाबड़ होने के कारण दोनों लाइन के बीच में ट्रैक्टर ट्राली को जोड़ने वाला हफ का मुसरा टूटने से ट्राली फंस कर रह गया।करीब दो सौ से अधिक गन्ना लदा होने के कारण ट्रैक्टर की पटिया से ट्राली नहीं उठा। तब चालक किसी तरह से किसी की जेसीबी लेकर आया।जेसीबी से ट्राली उठाकर और धक्का लगा कर मुश्किल तमाम से ट्राली रेलवे ट्रैक से करीब पौन घंटे में बाहर किया गया। इस दौरान भिटौरा स्टेशन पर बिहार से आनंद विहार दिल्ली जाने वाली जन साधारण एक्सप्रेस ट्रेन 51 मिनट तक खड़ी रही।रेलवे ट्रैक खाली होने के बाद करीब सबा दो बजे उसको रवाना किया गया। गेटमैन चमन प्रकाश की सूचना पर स्टेशन मास्टर रमेश चंद्र ने मुरादाबाद डिवीजन को जानकारी दी।जिस पर ट्रैक्टर ट्राली के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।



उधर रेलवे ट्रैक खाली होने के बाद भी फाटक के दोनो तरफ का यात्री वाहन यातायात शाम तक बाधित रहा। वाहन चालकों को करीब 10 किमी अतिरिक्त यात्रा करके फतेहगंज पश्चिमी कस्बा पहुं. चना पड़ा।

,यात्री वाहन दोनों तरफ फंसकर रह जाने के कारण यात्रियों ने पदयात्रा की।दूसरे ट्रैक्टर ट्राली में गन्ना लादकर देर शाम फतेहगंज पश्चिमी शाही रोड सुचारू हुआ। इस दौरान तो कुछ दोपहिया वाहन चालकों ने ट्रैफिक नियम तोड़कर फाटक से हटकर दोनों लाइन पार की। हालांकि तैनात रेलवे पुलिस कार्यवाही करने की धमकी देकर उनको रोकने का प्रयास करती रही।लेकिन फिर दो पहिया वाहन ने उनकी एक नहीं सुनी।स्टेशन मास्टर रमेश चंद्रा ने बताया भिटौरा फाटक के बीच ट्रैक पर गन्ना लदा ट्रैक्टर ट्राली फंस जाने से रेलवे ट्रैक करीब 51 मिनिट बाधित रहा है।जिसके चलते ट्रैक्टर ट्राली के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

## एसआईआर के प्रचार प्रसार में जुटा प्रशासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**नवाबगंज।** एसआईआर (स्पेशल इन्टेसिव रिवीजन) को लेकर तहसील प्रशासन ने अभियान छेड़ रखा है। शनिवार को तहसीलदार दुष्यंत प्रताप सिंह ने क्षेत्र के ग्रामों मिलक अलीनगर व गौशलपुर के साथ ही नगर के मुख्य बाजार में घर-घर व दुकानों मतदाताओं से सम्पर्क कर लोगों को एसआईआर की महत्ता व उपयोगिता समझाते हुए मतदाताओं को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि 18 साल की उम्र वाले किसी भी नागरिक का नाम मतदाता सूची पर जुड़ने से न रह जाएं, इसके लिए सभी को जागरूक होना चाहिए।

# चीनी मिल पेराई सत्र 10 नवंबर से होगा शुरू

■ इस वर्ष एक नया गन्ना क्रय केंद्र बढ़ा, डीएम करेंगे शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** बरेली जिले की एकमात्र किसान सहकारी चीनी मिल सेमीखेड़ा का पेराई सत्र 10 नवंबर सोमवार से शुरू हो रहा है। इस वर्ष मिल से एक नया गन्ना क्रय केंद्र जोड़ा गया है। मिल प्रबंधन ने पेराई सत्र की सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।




मिल के वर्ष 2025-26 के गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ 10 नवंबर को सुबह 11 बजे मिल अध्यक्ष और जिलाधिकारी अविनाश सिंह करेंगे। मिल ने शुरुआती तीन दिनों के लिए गन्ने का इंडेंट भी जारी कर दिया है। मिल प्रबंधन के अनुसार, 11 नवंबर के लिए 20 हजार क्विंटल और 12 व 13 नवंबर के लिए 25-25 हजार क्विंटल गन्ने का इंडेंट जारी किया गया है। इस वर्ष 35 लाख क्विंटल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया है। पिछले वर्ष 38 लाख क्विंटल का लक्ष्य था, लेकिन केवल 23 लाख 20 हजार क्विंटल गन्ने की ही पेराई हो पाई थी। इस वर्ष सेमीखेड़ा चीनी मिल को बहेड़ी चीनी मिल का एक गन्ना क्रय केंद्र हंसा मिला है। अब सेमीखेड़ा मिल के तहत भोजीपुरा प्रथम, अहमदाबाद, परशुनगला, रत्नानंदपुर, भोलामानपुर, घाटमपुरा, दमखोदा बी, ब्यौधा, भोजीपुरा द्वितीय और हंसा सहित कुल 10 गन्ना क्रय केंद्र संचालित होंगे। शनिवार को पेराई सत्र के शुभारंभ की अंतिम तैयारियां चल रही थीं।

# सनातन हिंदू एकता पदयात्रा के समर्थन में गौरक्षा हिंदू दल ने निकाली पदयात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधिश्वर महाराज पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के आवाहन पर दिल्ली से 16 नवंबर तक वृंदावन धाम के लिए सनातन हिंदू एकता पदयात्रा निकाली जा रही है, वहीं पदयात्रा में देश के साधु संत व सभी सनातनी शामिल होंगे, तो वहीं पदयात्रा के समर्थन में गौरक्षा हिंदू दल बहेड़ी तहसील अध्यक्ष मनोज गंगवार के नेतृत्व में नगर में पदयात्रा निकाली गई, पदयात्रा बहेड़ी के रामलीला मैदान से निकलकर राम दरबार, नैनीताल रोड, तिकोनी दुकान, मीना बाजार, थाना कोतवाली व सम्राट पैलेस के सामने होते हुए सिंह गोटिया रेलवे फाटक के पास ब्रह्मदेव मंदिर पर श्री हनुमान चालीसा पाठ के साथ समाप्त हुई। इस दौरान गौरक्षा हिंदू दल के जिला अध्यक्ष देवेंद्र भास्कर, जिला महामंत्री रजत पंडित, जिला प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह, तहसील मंत्री करन, तहसील सहयोजक भूपराम, राहुल, सर्राफा व्यापारी हरवंश गुप्ता, दिल्लीधर गंगवार, योगेन्द्र, सानू गंगवार, भूपेंद्र गंगवार ऊर्फ अंशु, सत्यपाल, विष्णु मौर्य, अनिल शर्मा, राहुल गुप्ता, हेमंत गुजर आदि सनातनी लोग शामिल रहे।



## पत्नी को बुलाने गए युवक पर सास साला और पत्नी ने किया हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पत्नी को लेने ससुराल पहुंचे एक युवक पर परिजनों और पत्नी ने मिलकर जानलेवा हमला कर दिया। लाठी-डंडे और चाकू से किए गए हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के मेथी नवदिया निवासी गुड्डू की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व थाना नवाबगंज के गांव रिछौला किफायतुल्ला निवासी गिरधारी लाल की पुत्री से हुई थी। कुछ दिन पूर्व पत्नी अपने मायके मेहमानी में गई थी, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद भी वह ससुराल नहीं लौटी। बताया गया कि बीते दिन गुड्डू अपनी पत्नी और बच्चों से मिलने तथा उसे घर बुलाने के लिए दोपहर करीब एक बजे ससुराल पहुंचा। आरोप है कि इस दौरान उसकी सास सुनीता, चचिया सास, साला प्रदीप जिसके हाथ में चाकू था और पत्नी ने एक राय होकर उस पर हमला कर दिया। पीड़ित को लाठी-डंडे व चाकू से बुरी तरह पीटा गया जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल गुड्डू को अस्पताल भिजवाया और उसका मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने सास सुनीता, साला प्रदीप, पत्नी और अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कार्यकर्ता एक जुट होकर करें काम: चौधरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** भाजपा कार्यकर्ताओं की शनिवार को क्षेत्र के आदर्श महाविद्यालय में हुई कार्यशाला में पार्टी के बड़े नेताओं ने मतदाता गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के चल रहे अभियान में जुटने का आवाहन किया।

कार्यशाला के मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष और जिले के प्रभारी देवेन्द्र सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं से इस महाअभियान में जी जान से जुटने का आवाहन करते हुए कहा कि जैसे विहार में 60 लाख फर्जी मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटे गए हैं, उसी तरह प्रदेश से भी फर्जी वोट कटवाए जाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने विधानसभा के सभी कार्यकर्ताओं से अपनी जिम्मेदारी का ईमानदारी से निर्भयन करने की अपील की है। उन्होंने लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर 13 नवंबर को क्षेत्र के ग्राम बीजामऊ से शुरू होने वाली पदयात्रा में भारी संख्या में शामिल होने की अपील भी की।




पार्टी के जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा और विधान परिषद सदस्य कुंवर महाराज सिंह, भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर रवीन्द्र सिंह राठौर ने भी जहां 2014 की पूर्व सरकारों पर तीखे हमले किए, वहीं उन्होंने कहा कि अगर कार्यकर्ताओं ने इस अभियान में मेहनत कर ली तो उसे फिर 2027 और 2029 में मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि सही ढंग से फर्जी वोट कट गए, और आपके अपने वोट बन गए तो भाजपा को 15-20 सालों तक कोई हिला नहीं पाएगा। कार्यशाला में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर आशुतोष गंगवार, भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि नीरेंद्र सिंह राठौर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, पूर्व जिला अध्यक्ष पूरन लाल लोधी, मेघनाथ कठेरिया, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष नत्थू लाल आर्य, केशव गुप्ता, भुवनेश गंगवार एड, शशि कपूर, देवपाल, शिवनन्दन, पुष्पेंद्र यादव, अंगन लाल, जमुना प्रसाद फौजी, पूजा गंगवार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यशाला में पार्टी के जिला महासचिव वीरपाल गंगवार ने सभी मंडल अध्यक्षों की कार्यकारिणी के साथ ही बूथ अध्यक्षों की समीक्षा की। कार्यशाला में क्षेत्र से बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# पापा मैं आपका अच्छा बेटा नहीं बन सका

■ आखिरी वीडियो में बोले मुनेंद्र, अब लापता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पापा मैं आपका अच्छा बेटा नहीं बन सका अब मैं सुसाइड कर रहा हूं. किसी ने मेरा साथ नहीं दिया मां की मौत के बाद मैं बिल्कुल टूट गया हूं।यह वो दर्दभरे शब्द हैं जो 23 वर्षीय मुनेंद्र मिश्रा ने अपने आखिरी वीडियो में कहे। कांपती आवाज, नम आंखें और चेहरे पर गहरी मायूसी इन लफ्जों ने हर सुनने वाले का दिल दहला दिया। वीडियो सामने आने के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने पुलिस से मुनेंद्र को किसी भी हाल में जिंदा ढूंढ निकालने की गुहार लगाई है।

मिली जानकारी के अनुसार मुनेंद्र मिश्रा पुत्र रामसेवक मिश्रा निवासी फतेहगंज पश्चिमी क्षेत्र रबर फैक्ट्री के पास, एक्सिस बैंक में क्रेडिट कार्ड एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था। परिवार के मुताबिक, 27 अक्टूबर को वह बिना बताए घर से निकला और उसके बाद वापस नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ मिला। परिजनों ने कई जगह तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद परिवार ने थाना फतेहगंज पश्चिमी में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई।मां की मृत्यु के बाद से ही मुनेंद्र मान. सिक रूप से परेशान बताया जा रहा है। उसके दोस्तों का कहना है कि वह पिछले कुछ दिनों से बहुत चुप और उदास रहने लगा था।पुलिस ने वीडियो की जांच शुरू कर दी है और उसकी लोकेशन ट्रेस करने के प्रयास किए जा रहे हैं। परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## एनएचएआई सदस्य ने की बरेली मंडल में परियोजनाओं की समीक्षा




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के सदस्य (प्रशासन) विशाल चौहान और कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी ने बरेली मंडल में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा की। यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में सड़क निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और समयबद्धता पर विस्तार से चर्चा की गई। एनएचएआई सदस्य ने बरेली, पीलीभीत, बदायूं और शाहजहांपुर के जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडल के अंतर्गत लंबित सड़क निर्माण कार्यों को वर्षा ऋतु शुरू होने से पहले हर हाल में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता स्वीकार्य नहीं होगा, ताकि आवागमन में कोई समस्या न हो। उन्होंने विशेष रूप से जिलाधिकारी पीलीभीत को बरेली-पीलीभीत मार्ग पर बड़ी संख्या में पेड़ों के अवशेष होने का मुद्दा उठाया। इन पेड़ों को हटाए बिना निर्माण कार्य बाधित है। उन्होंने शीघ्र वृक्षों की कटान कर सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए।

एनएचएआई सदस्य ने सभी जिलाधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि जहां सड़क निर्माण पूरा हो चुका है, वहां संबंधित भूमि का म्यूटेशन कार्य तुरंत कराया जाए, ताकि सड़क विधिवत हस्तांतरित होकर उपयोग में लाई जा सके। उन्होंने स्ट्रीट लाइटों के न लगने या खराब होने की शिकायतों पर तत्काल लाइटें लगवाने और खराब लाइटों को ठीक कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को सप्ताह में एक बार प्रगति समीक्षा बैठक करने के निर्देश दिए, ताकि लंबित कार्यों की स्थिति स्पष्ट रहे और समय पर सुधार किया जा सके। निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यों को पूरा करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह, जिलाधिकारी पीलीभीत ज्ञानेन्द्र सिंह, जिलाधिकारी बदायूं अवनीश राय, जिलाधिकारी शाहजहांपुर धर्मेन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने धर्मस्थलों पर मानक से अधिक लगे लाउडस्पीकर उतारे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देश पर शनिवार को थाना क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण अभियान चलाया गया, इस दौरान कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कई धर्मस्थलों से मानक से अधिक लगाए गए लाउडस्पीकर उतरवाए और कई स्थानों पर आवाज कम कराई गई।

अभियान के तहत नगर की जंगले वाली मस्जिद, छोटी मस्जिद, सड़क वाली मस्जिद, इस्लाम नगर की मस्जिद, जरेली गांव की मस्जिद, बरखना हरचंद्रपुर की मस्जिद, कुंडरा की मस्जिद के साथ ही ग्राम समुहा की मस्जिद सहित कई गांवों के मंदिरों से भी तेज आवाज वाले लाउडस्पीकर हटवाए गए।

कोतवाल अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्रवाई ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम के तहत की गई है। सभी धर्मस्थलों को मानक ध्वनि सीमा में ही लाउडस्पीकर उपयोग करने की हिदायत दी गई है। नियमों का उल्लंघन करने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## शिकायत के बाद भी नहीं हटे लाउडस्पीकर

जहां पुलिस प्रशासन धार्मिक स्थलों में मानक से अधिक लगे लाउडस्पीकरों को उतरनवाने में लगा है, वहीं कस्बे के एक नागरिक द्वारा की गई शिकायत पर भी तेज आवाज से बज रहे लाउडस्पीकरों को उतरनवाने से नाकामयाब साबित हुआ है। कस्बे की गोल्डन सिटी के रहने वाले यशपाल द्वारा पड़ोस के एक सभासद द्वारा अपनी छत में तेज आवाज से लाउडस्पीकर बजाए जाने का आरा. प लगाते हुए तहसील दिवस में शिकायत करते हुए उन्हें तत्काल हटाए गए की मांग की थी, लेकिन उसकी इस शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की गई।

## शाह टाइम्स आपके साथ....

### हमें बताएं अपने इलाके की समस्या

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# कम वेतन आने पर भड़के बिजली विभाग के संविदा कर्मचारी

■ वेतन कटौती के विरोध में किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** शनिवार को सब डिवीजन स्वार के समस्त संविदा कर्मचारी एकत्र होकर के स्वार डिवीजन के अधिशासी अभियंता कार्यलय पहुचे उनका आरोप है कि स्वार डिवीजन में जितनी भी संविदा कर्मचारियों के रूप में कार्यरत हैं उनका वेतन बिना बताए काटकर उनके खाते में भेजा है।

जबकि सभी संविदा कर्मचारी उपभोक्ताओं और विभाग हित में दिन



रात मेहनत करके अपनी जान जोखिम में डालकर कार्य करते हैं। और पूरा महीना कार्य करके अपनी सैलरी का इंतजार करते हैं। सैलरी मिलने पर अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं जबकि इस माह हर बिजली घर पर संविदा कर्मचारियों की सैलरी बहुत कम भेजी गई है।

बिना कारण बताएं। जिससे क्षुब्ध होकर आज संविदा कर्मचारी विद्युत संविदा मजदूर संगठन के पदाधिकारी ने अपने अधिशासी अभियंता कार्यालय पर जाकर बात करनी चाही तो आज सेकंड सैटरडे होने के कारण मौके पर कोई भी अधिकारी नहीं मिला पाया यह संविदा कर्मचारियों ने अपना विरोध प्रदर्शन कर जता कर वापस आ गए संविदा कर्मियों का कहना है कि किसी साथी की सैलरी 5512 रु और किसी की 7400 रु आई है आज कार्यालय में कोई नहीं होने के कारण वार्तालाप नहीं हुई अब सभी साथी सोमवार के दिन आकर के कटी हुई सैलरी की बात करेंगे सैलरी काटने से अपने परिवार का खर्च करने में असमर्थ हैं इस बात से संविदा कर्मचारियों में रोष है अगर कटी हुई सैलरी वापस नहीं आती है तो सभी संविदा कर्मचारी धरना देने को मजबूर होंगे विरोध करने वालों में राज. 'श कुमार, फरहान शाहनवाज खान, गिरीश कुमार, रामपाल दीनदयाल, अमान अली, इसरार, इदरीस, शादाब खान, अनीस अहमद, अशोक कुमार, मुशाहिद अली, दीपू, इंद्र कुमार, रफी, दयाराम आदि संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

## क्षेत्र के गांव बड़पुरा में तेंदुए ने फार्म हाउस पर पालतू कुत्ते को बनाया निवाला, सीसीटीवी कैमरे में कैद

शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव बड़ापुरा शेखपुरा में शुक्रवार की शाम फार्म हाउस पर कुत्ते का शिकार कर लिया जिससे गांव मे दहशत का माहौल पैदा हो गया जब तेंदुआ अचानक गाँव में घुस आया। शुक्रवार की शाम करीब सात बजे के करीब ग्रामीण कमल प्रीत सिंह के घर के आँगन में तेंदुआ घुस आया और पालतू कुत्ते को अपना निवाला बनाया कुछ ही सेकंड में वह कुत्ते को उठा ले गया और अंधेरे में ओझल हो गया।

घटना इतनी तेजी से हुई कि कुत्ते को संभलने का मौका तक नही मिला। पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। वीडियो में तेंदुए की चाल, झपट्टा और शिकार करने का पूरा दृश्य साफ दिखाई दिया है, जिसे देखकर गाँव वालों के दिलों में दहशत



का माहौल पैदा हो गया है। ग्रामीणों के मुताबिक पिछले कई दिनों से इलाके के जंगलों में तेंदुए की दस्तक की चर्चा चल रही थी, लेकिन किसी ने सोचा भी नहीं था कि वह घर के आँगन तक पहुँच जाएगा। अब लोगों ने अपने बच्चों और मवेशियों को घरों के अंदर रखना शुरू कर दिया है।

शाम ढलते ही गाँव के रास्ते सुनसान हो जाते हैं और लोग लाठी-डंडे लेकर ही बाहर निकलने की हिम्मत नही जुटा पा रहे है। घटना की सूचना वन विभाग दे दी है। ग्रामीणों ने मांग की है कि गाँव में जल्द से जल्द पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ा जाए ताकि लोगों को राहत मिल सके।

## सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने जनता दरबार लगाकर लोगों की सुनी समस्याएं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने अपने कैंप कार्यालय पर जनता दरबार लगाकर जनता की समस्याएं सुनी। काफी बड़ी संख्या में लोग अपनी शिकायते लेकर आए सांसद नदवी जी ने शिकायतें सुनकर उनका निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

सांसद नदवी ग्राम जुठिया पहुंचे जहां दो दिन पहले इजहार की मां का इंतेकाल हो गया था उनकी मां के लिए मगफिरत की दुआ की।

ग्राम सेमल वाले मुजरे में अभी कुछ दिन पहले सिराजुल नबी प्रधान के पिता का इंतेकाल होने पर सांसद ने उनके घर जाकर मरहूम की मगफिरत की दुआ की।

सांसद नदवी ग्राम तुमडिया में मौलाना अब्दुल कादिर अंसारी की बेटी की शादी में शामिल हुए।

सांसद नदवी स्वार क्षेत्र के ग्राम जहांगीर पर में सुभान एडवोकेट के भाई की शादी में शामिल हुए।

सांसद नदवी ने आज ग्राम नौगवां दबका ग्राम चमरव्वा ग्राम तराना ग्राम पीपल गांव खंडिया कोयली कोयला ग्राम मेहंदी नगर आदि क्षेत्रों का दौरा कर जनता की समस्याएं सुनी।

इस दौरान सांसद मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा एडवोकेट, ओवैस खान, आसिफ अली, हाफिज नूरी, अरशद अली एडवोकेट, अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव राम बहादुर सागर, बदन सिंह यादव, नरेश यादव, नासिर शेख, जुबेर अहमद, जमील सैफी, सलीम मामू, कलवे अली आदि लोग शामिल रहे।

## युवक की हत्या कर शव जंगल में फेंक हत्यारे फरार



■ सिर पर भारी वस्तु से किया गया था बार, हाथ पर गुदे सूरज नाम से हुई शिनाख्त

शाह टाइम्स ब्यूरो

**मिलक/ रामपुर।** सिर पर भारी वस्तु से बार कर एक तीस वर्षीय युवक की अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर शव जंगल में फेक कर फरार हो गए। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामनगर मे ग्राम बेगमाबाद को जाने वाले कच्चे रास्ते के किनारे मनोज पुत्र छदंमी के खेत में एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 30 वर्ष का शव पड़ा था शव देख खेत पर जा रहे ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी पुष्कर सिंह मय पुलिस फोर्स के तुरंत मौके पर पहुंच गए शव को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया था। इसके बाएं हाथ की कलाई पर अंग्रेजी में सूरज गुदा हुआ है। पुलिस ने शव की पहचान कराने की बहुत कोशिश की लेकिन शव की घटनास्थल पर शिनाख्त नहीं हुई पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया। पुलिस द्वारा घटना की सूचना और मृतक के फोटो को सोशल मीडिया के माध्यम से पहचान कराने की कोशिश की तब मृतक की पहचान सूरज पुत्र कड़े राम निवासी रामनगर की गोटिया थाना मिलक रामपुर के रूप में हुई। सूचना पाकर मृतक के घर में कोहराम मच गया और उसके परिजन तुरंत जिला अस्पताल पहुंचे उधर पुलिस ने अपराधियों की तलाश में कई टीमें लगा रखी है।

### नये कोतवाल की पहले दिन की पोस्टिंग पर ही मिली चुनौती

**मिलक/रामपुर।** नए कोतवाल को चार्ज संभालते ही हत्या के रूप में मिली एक चुनौती ज्ञातव्य हो कि पुलिस अधीक्षक रामपुर ने मिलक कोतवाली प्रभारी धनंजय सिंह को हटाकर शुक्रवार को ही पुष्कर सिंह गंगवार मिलक कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक नियुक्त किया है। इससे पहले वह पटवाई थाना के थाना अध्यक्ष थे रात्रि में चार्ज लेने के बाद आज सुबह-सुबह ही रामनगर गांव में एक तीस वर्षीय युवक सूरज पुत्र कड़े राम की हत्या कर हत्यारों ने शव एक खेत में फेंक दिया और फरार हो गए। कोतवाली का चार्ज लेने के पहले दिन हुई हत्या नए कोतवाल को एक चुनौती के रूप में मिली है नए कोतवाल के सामने मृतक की शिनाख्त और जल्द से जल्द हत्यारों को को पकड़ इस हत्याकांड का खुलासा करना होगा।

## डीएम और एसपी की मौजूदगी में कोतवाली टांडा में हुआ समाधान दिवस



शाह टाइम्स संवाददाता

**टांडा।** कोतवाली टांडा में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र की संयुक्त मौजूदगी में किया गया।

इस दौरान जनसुनवाई में ग्रामीण अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।


समाधान दिवस के दौरान राजस्व संबंधी दो शिकायतें प्राप्त हुईं, हालांकि मौके पर किसी भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की गहन जांच कर समयबद्ध और पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि शासन की मंशा जनता को शीघ्र न्याय उपलब्ध कराना है, जिसके लिए सभी अधिकारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें। समाधान दिवस में संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में लापरवाही पर डीएम सख्त

■ चमरौआ, सैदनगर बीडीओ और बीईओ नगर क्षेत्र का वेतन बाधित करने के साथ ही दी प्रतिकूल प्रविष्टि

■ मा. निर्वाचन आयोग के स्तर से तीनों अधिकारियों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई, डीएम ने भेजी संस्तुति



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 (एसआईआर) के अंतर्गत निर्धारित तिथिवार कार्यक्रम में रुचि न लेने और निर्वाचन कार्यों में लगातार लापरवाही बरतने वाले 03 अधिकारियों के विरुद्ध जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने वेतन बाधित करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि निर्गत करने के साथ ही इन अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए मा. निर्वाचन आयोग को संस्तुति पत्र भेज दिया है। विधानसभा क्षेत्र- 37 रामपुर के अंतर्गत खण्ड विकास अधिकारी, चमरौआ प्रमोद कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी सैदनगर प्रदीप कुमार चौधरी व खण्ड शिक्षा अधिकारी, नगर क्षेत्र स्वदीप कन्नौजिया को सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (एईआरओ) के रूप में नियुक्त किया गया है। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य की बूथवार समीक्षा बैठक में ये तीनों एईआरओ उपस्थित नहीं हुए, इससे पूर्व में भी इनके द्वारा निर्वाचन सम्बन्धी कार्यों में लापरवाही बरती जा चुकी है। निर्वाचन कार्य में लापरवाही और संवेदनहीनता के दृष्टिगत प्रशासनिक स्तर से इन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

वर्तमान में मा. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण का कार्य चल रहा है जिसकी प्रगति को लेकर लगातार मॉनिटरिंग भी मा. आयोग द्वारा की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है।

## सही वोट और सही मतदाता सूची से मजबूत होगी लोकतंत्र की नींव: हरीश

■ शहर विधानसभा क्षेत्र के सम्मेलन में बोले भाजपा जिलाध्यक्ष, एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं को किया सजग

बोले प्रत्येक परिवार में 18 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति का अवश्य बने वोट



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए आवश्यक है कि सही मतदाता सूची हो और उस सूची में सही वोट बने हों। एसआईआर से यह कार्य आसान हो जाएगा। सिर्फ बीएलए-2 को इस बात का ध्यान रखना है कि प्रत्येक परिवार में 18 वर्ष या इससे अधिक उम्र के प्रत्येक व्यक्ति का वोट बन जाए और मतदाता सूची में फर्जीवाड़ा न हो।

शनिवार को राम विहार स्थित भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने बूथ स्तर के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को एसआईआर के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि एसआईआर जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि व्यापक घर-घर जनसंपर्क एवं सक्रिय हस्तक्षेप आवश्यक है। विशेष रूप से बूथ-स्तर व ब्लॉक-स्तर के एजेंटों द्वारा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी सामूहिक रूप से काम करें, अर्थात् सिर्फ शीर्ष नेतृत्व नहीं बल्कि ब्लॉक-स्तर व बूथ-स्तर तक सक्रियता बनी हो। उन्होंने एसआईआर को बहुत अहम प्रक्रिया बताया। कहा कि यह पार्टी की चुनावी तैयारी की दृष्टि से अति आवश्यक कार्य है। जिला प्रभारी राजा वर्मा ने एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं को सुझाव दिए। इस अवसर पर राजेश सिंघल, अर्जुन रस्तोगी, हरिवाला यादव, जगपाल यादव, दीक्षा गंगवार, विवेक रूहेला, अवधेश शर्मा, अन्नू सक्सेना, प्रमोद आहूजा, कमल लोधी, भव्य उप्पल, पारूल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## भारत स्काउट और गाइड की जनपदीय रैली के समापन कार्यक्रम में पहुंचे राज्यमंत्री एवं डीएम



शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश के कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख और जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की उपस्थिति में भारत स्काउट और गाइड की जनपदीय रैली के समापन दिवस पर महात्मा गांधी स्टेडियम में प्रार्थना ध्वजारोहण और झंडागान का कार्यक्रम किया गया।

तत्पश्चात सभी प्रतिभागियों को टेंट बनाने की गतिविधियों के कार्य किये गये, जिसमे सभी स्कूलों के प्रतिभागियों के द्वारा सुंदर और आकर्षक टेंट का निर्माण किया गया।

इस दौरान राज्यमंत्री एवं जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों द्वारा सभी रचनात्मक तरीके से बनाये हुए टेंट का अवलोकन किया गया एवं प्रतिभागियों को पुरस्कार मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मा. राज्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि विभिन्न परिस्थितियों में प्रकृति को संरक्षित करते हुए भी आत्मनिर्भर बनें, यह स्काउट और गाइड में सिखाया जाता है।

तीन दिवसीय कार्यक्रम में कलर पार्टी, वर्दी, संकेत वार्ता, मीनार, गांठे बंधन, प्राथमिक चिकित्सा, साहसिक कार्य, कैम्प फायर, कैम्प क्राफ्ट, टेंट पुल गैजेट, टावर गेट और बिना बर्तन के भोजन की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जनपदीय रैली में विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्काउट वर्ग में 14 विद्यालय से लगभग 200 स्काउट, गाइड वर्ग में 14 विद्यालय के लगभग 210 गाइड, इस प्रकार कुल 28 टीमों के 410 स्काउट और गाइड ने प्रतिभाग किया।

नगर माध्यमिक सीनियर स्काउट में विजेता
जैन इंटर कॉलेज, प्रथम स्थान
सुंदर लाल इंटर कॉलेज, द्वितीय स्थान

नगर माध्यमिक जूनियर स्काउट में विजेता
राजकिय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, प्रथम
सन वे सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वितीय

तहसील माध्यमिक सीनियर स्काउट वर्ग में
आदर्श कृषक इंटर कॉलेज किरा, प्रथम
चौ. जमना दास इंटर कॉलेज माट खेड़ा विलासपुर, द्वितीय
राजकीय इंटर कॉलेज पटवाई, तृतीय

ब्लॉक बेसिक स्काउट वर्ग में
पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर कला, प्रथम
कम्पोजिट विद्यालय नरखेड़ा, द्वितीय

तहसील माध्यमिक जूनियर स्काउट में
प्रथम स्थान, दर्शन एकेडमी

नगर माध्यमिक सीनियर गाइड वर्ग में
राजकीय जुल्फीकार कन्या इंटर कॉलेज, प्रथम
विद्या मंदिर कन्या इंटर कॉलेज, द्वितीय
नेहरू नगर पालिका इंटर कॉलेज, तृतीय

नगर माध्यमिक जूनियर गाइड वर्ग में
रामप्रसाद कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, प्रथम
राजकीय जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज, द्वितीय
कन्या इंटर कॉलेज खारी कुआ, तृतीय

तहसील माध्यमिक सीनियर गाइड वर्ग में
राजकीय इंटर कॉलेज मानकपुर बंजरिया, प्रथम
आदर्श कृषक इंटर कॉलेज रामपुर, द्वितीय
डी ए वी कन्या इंटर कॉलेज बिलासपुर, तृतीय

ब्लॉक बेसिक गाइड वर्ग में
पूर्व माध्यमिक विद्यालय इमरता, प्रथम
पूर्व माध्यमिक विद्यालय लालपुर कला, द्वितीय

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल, बीएसए कल्पना देवी जिला मुख्य आयुक्त बलराम सिंह, सचिव ओम प्रकाश सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।

## 11 नफर वारंटी गिरफ्तार किए



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्वार।** सोमवार पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए 11 वारंटी को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर शुक्रवार की रात्रि कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार मलिक के निर्देश पर पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते हुए 1 वारंटी अली पुत्र अली हुसैन 2 नाजिम पुत्र सूखा 3 मुख्तयार अली पुत्र अली हुसैन 4 सुभान, 5 अब्दुल हमीद पुत्र गण सरदार अली 6 बब्लू पुत्र शरीफ निवासी गण पट्टी कला घोसीपुरा 7 जसीम पुत्र मकबूल 8 मकसूद हसन निवासी गण गगन नंगली स्वार 9 शिफातुल पुत्र बफाती निवासी जालफ नगला 10 मो. अजीम पुत्र सगीर निवासी मो.अगलगा 11 खूब चन्द पुत्र मोतीराम निवासी लच्छी वाला स्वार को गिरफ्तार कर सम्बंधित मुकदमे में विविध कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली टीम में उ. नि.अजय कुमार शुक्ला, मनोज कुमार, आदर्श कुमार, सुग्रीव सिंह मय टीमों के साथ आदि मौजूद रहे।

## मदारपुर मणि में गंगा उत्सव का भव्य आयोजन

■ महागंगा आरती के साथ ही 2100 दीप प्रज्ज्वलित कर मनाया गया दीपोत्सव

शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** जिला गंगा समिति, रामपुर के तत्वावधान में बनारस की तर्ज पर मदारपुर मणि तट पर भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। रामगंगा नदी के किनारे श्रद्धालुओं द्वारा 2100 दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव मनाया गया, जिससे पूरा घाट दिव्य आभा से आलोकित हो उठा। कार्यक्रम में विधि-विधान से वाराणसी गंगा आरती के तर्ज पर मदारपुर मणि घाट पर भी भव्य गंगा आरती की गई। आरती के दौरान आकर्षक आतिशबाजी ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। गंगा आरती में बड़ी संख्या में गंगा श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा, जहाँ सभी ने माँ गंगा की स्वच्छता व संरक्षण का संकल्प लिया। दीपों की रौशनी, मंत्रों की गूंज और संस्कृति की झंकार के साथ मदारपुर मणि का पावन तट आस्था और भक्ति से आलोकित हुआ। भव्य आरती और दीपदान के माध्यम से स्वच्छता, नदी संरक्षण और जनभागीदारी का सशक्त संदेश दिया गया।



इस दौरान वन विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश राम, ग्राम प्रधान पूरन सिंह, अखिल भारतीय सर्वेश समाज प्रदेश अध्यक्ष गौरव अग्रवाल एवं प्रतिभा अग्रवाल एवं मदद एक आप फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतीक शर्मा एवं नैपाल सिंह पाल संस्थापक/महासचिव प्रकृति सेवा समिति ट्रस्ट उपस्थित रहे। घाट पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें जी ई सी रामपुर, डालचंद इंटर कॉलेज, धुरई मनोरमा इंग्लिश मीडियम स्कूल, शाहबाद, जनहिद कमला इडेन गार्डन इंटर कॉलेज, शाहाबाद के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई।

कार्यक्रम के उपरांत जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार द्वारा बच्चों को शील्ड, मेडल तथा सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया।

## सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मे मनाया जनजातीय गौरव पखवाड़ा, छात्रा-छात्राओं ने नृत्य का किया प्रदर्शन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी।** नगर के सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मे शनिवार को जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया गया। जिसमे छात्राओं ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोहित कर दिया। छात्रा माही, अनू करना, कनक, नेहा आदि ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोहित कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय प्रकाश दीक्षित ने सभी विधार्थियो को निरन्तर आगे बड़ने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर करूणा चौहान, सीमा कश्यप, निर्मल कौर, गुरपिन्दर कौर, दीपा चौहान, पुष्पा देवल, योगेश चन्द्र परगाई, दिनेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

## महिला से मिलने पहुंचे युवक को परिजनों ने पकड़ा, मचा हंगामा, जिम्मेदार लोगों ने कराया समझौता

शाह टाइम्स संवाददाता

**टांडा।** नगर के एक मोहल्ले में शुक्रवार की रात उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक चोरी-छिपे एक महिला से मिलने उसके घर पहुंच गया। युवक के घर में घुसते ही परिजनों को भनक लग गई। उन्होंने शोर मचाकर युवक को पकड़ लिया, जिससे पूरे मोहल्ले में अफरातफरी फैल गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए।

दोनों पक्षों के बीच कहासुनी होने लगी, जिससे कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण हो गया। बताया जा रहा है कि मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण लोग तेजी से इकट्ठा हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही सभासद और क्षेत्र के जिम्मेदार लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने समझदारी दिखाते हुए दोनों पक्षों को शांत कराया।

बातचीत के बाद दोनों परिवारों में आपसी सहमति से समझौता हो गया और किसी के खिलाफ कार्रवाई न करने पर सहमति जताई गई।

रात करीब देर तक इलाके में लोगों की भीड़ बनी रही।

# किसान सहकारी चीनी मिल का पेराई सत्र शुरू

## रामचरित्र मानस के पाठ से हुआ शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। दि किसान सहकारी चीनी मिल काला खेड़ा के पेराई सत्र 2025-26 का हवन यज्ञ कर विधि विधान के साथ शुभारंभ कर दिया गया। श्री रामचरितमानस का पाठ भी किया गया।

शनिवार को दि किसान सहकारी चीनी मिल काला खेड़ा के पेराई सत्र का विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं मिल की सभापति जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने विधिवध तरीके से शुभारंभ कर दिया। विधायक जिलाधिकारी एवं अन्य अतिथियों ने हवन में आहुतियां दी। चीनी मिल के गेट पर पहले बेल गाड़ी से गन्ना भरकर लेकर आने वाले किसान खेम सिंह गांव भीकनपुर व फकीरचंद को विधायक एवं जिला अधिकारी फूलमाला पहना कर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। किसानों को बर्तन भी दिये गये। गन्ना तोल कांटों की पूजा कर नारियल भी तोड़े गये। विधायक एवं जिलाधिकारी ने चेन में गन्ना डालते हुए बटन दबाकर मिल को चालू कर दिया। विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है। प्रदेश सरकार ने पहले गन्ने पर पैसे बढ़ाये और अब समय से चीनी मिलों के पेराई सत्र को चालू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गन्ना किसानों को किसी भी दशा में परेशान नहीं होने दिया जायेगा। इस अवसर पर विधान परिषद सदस्य डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लों, पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, मिल के उप सभापति राम किशोर सिंह चौहान, ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, गंगेश्वरी के ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र सिंह खड़गवंशी, पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक नागर, अभिनव कौशिक, विधायक पुत्र देवेंद्र खड़गवंशी, काले सिंह, संजीव बालियान, चौधरी दिवाकर सिंह, रामचंद्र सिंह गुर्जर, चमन सिंह चौहान, टेकचंद सिंह चौहान, कृष्ण कुमार शर्मा आदि मौजूद थे।



# आम के हरे पेड़ काटने में ठेकेदार समेत दस फंसे

## कांशीराम कालोनी के पास की घटना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। आम के हरे-भरे पेड़ों का कटान करने के मामले में वन विभाग ने ठेकेदार समेत दस लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। मौके से बरामद लकड़ी को परिचित की सुपुर्दगी में दे दिया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है।

मामले में उप क्षेत्रीय वन अधिकारी राजीव वर्मा ने अमरोहा देहात थाने में तहरीर दी थी। एफआईआर के मुताबिक छह नवंबर की दोपहर थाना क्षेत्र की सीमा में काशीराम कॉलोनी के पास आम के हरे-भरे पेड़ों को काटने की सूचना मिली। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पता चला कि आम के दो पेड़ों को काटा गया था। इस दौरान टीम ने जांच करने के बाद आम के कटे हुए पेड़ों की लकड़ी को मोहल्ला अफगानान के रहने वाले रियाल के सुपुर्द कर दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया के बताया कि अजिमुलशान, इमराना बेगम, शादमानी बेगम, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद अख्तर, मोहम्मद अथहर, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद फाजिल और ठेकेदार अयाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# अंडर-14 एवं 17 में में एसआरएस स्कूल की टीमें रहीं विजेता

## अंर्तविद्यालयी कबड्डी प्रतियोगिता में 22 टीमों ने किया प्रतिभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** बालक वर्ग की अंर्तविद्यालयी कबडडी प्रतियोगिता में एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंडर-14 व अंडर-17 के फाइनल मुकाबले जीतकर ट्राफी अपने नाम की। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन में प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास करते हैं।



शनिवार को एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में जनपद स्तरीय कबडडी प्रतियोगिता में एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, खैतान वर्ल्ड स्कूल गजरौला, ब्लू बर्ड्स इंटरनेशनल स्कूल धनौरा, सेंट मैरीज स्कूल गंदूपाल, जीडी टंडन सरस्वती विद्या मंदिर कैलसा, नागपाल इंटरनेशनल स्कूल गजरौला, शेमफोर्ड फ्यूचरिस्टिक स्कूल अमरोहा, एचएसएस पब्लिक स्कूल हसनपुर, वाईएमएस सीनियर सेकेंड्री स्कूल धनौरा, कारमेल पब्लिक स्कूल गजरौला, गुरु रामराय पब्लिक स्कूल गजरौला, शांति देवी मेमोरियल पब्लिक स्कूल धनौरा, मेस्को पब्लिक स्कूल अमरोहा एवं जेवी इंटरनेशनल स्कूल गजरौला आदि 14 सीबीएसई विद्यालयों की 22 टीमों ने प्रतिभाग किया। अंडर-17 का फाइनल मैच वाईएमएस सीनियर सेकेंड्री स्कूल धनौरा और एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल के बीच हुआ, जिसमें एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल गजरौला ने 19-16 से शानदार जीत दर्ज करते हुए ट्राफी अपने नाम की, इसी तरह अंडर-14 वर्ग में फाइनल मैच में एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल गजरौला ने गुरु राम राय पब्लिक स्कूल गजरौला को 33-12 के अंतर से पराजित कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की। मुख्य अतिथि आरएसएस के जिला प्रचारक योगेन्द्र सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला सहकार्यवाह नरेन्द्र एवं ब्लॉक प्रमुख गजरौला मीनाक्षी चौधरी ने विद्यालय चेयरमैन गुरबचन सिंह एवं प्रबंधक निदेशक चौ.विरेन्द्र सिंह, निदेशक पुनीत सिंह, प्रधानाचार्य धर्मेन्द्र कुमार चतुर्वेदी, समन्वयक साक्षी सिंह के साथ मिलकर विजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्राफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती अमरोहा के जिलाध्यक्ष पुरुजीत सिंह, सुनील भाटी, राजकुमार, साक्षी तोमर, आदेश, मनीष, साक्षी सिरोही, गौरणगी, महिमा, विद्यालय ट्रस्टी आशा चौधरी, खेल प्रशिक्षक संदीप यादव, सुधीर सिंह, जतिन सिंह, श्रीकांत वर्मा, ऋषिपाल सिंह आदि मौजूद रहे। खेल समारोह का समापन राष्ट्रगीत के गायन के साथ हुआ।

### रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर युवक का शव रखकर लगाया था जाम

# जाम लगाने में 24 नामजदों व 60 अज्ञात पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** युवक का शव रखकर स्टेट हाइवे पर जाम लगाने के आरोप में पुलिस ने कस्बा इंचार्ज जोगेन्द्र सिंह की तहरीर पर 24 नामजदों व 60 अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

बता दें कि थाना क्षेत्र के चौबारा गांव निवासी जसवंत सिंह के 25 वर्षीय पुत्र आकाश की गुरूवार की शाम को हत्या कर दी गई थी। शुक्रवार को परि. जनों ने पोस्टमार्टम से आने के बाद आकाश के शव को सड़क पर रखकर घटना में शामिल आरोपियों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने और गिरफ्तारी की मांग को लेकर करीब दो घंटे तक जाम लगाया था। जिसके बाद पुलिस द्वारा जसवंत सिंह की तहरीर पर थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर निवासी अमन व लक्की, बुद्धबाजार गजरौला निवासी जतिन शर्मा व अटारी मुरीदपुर निवासी पंचम के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद ही परिजनों ने आकाश के शव को सड़क से उठाकर

**■ गुरूवार को हुई थी युवक आकाश की हत्या**

जाम खोला था। इस मामले में कस्बा चौकी इंचार्ज जोगेन्द्र सिंह की तहरीर पर पुलिस ने रचित उर्फ पाशा, शेट्टी उर्फ प्रदीप, रिंकू, ओमपाल, निपेन्द्र, अखिलेश, गिरीश, सतीश, अंकित, बिट्टू, साजिद, दीपक, संदीप, कुंव. रपाल, ओमपाल, सुनील, रोहित, पंकज, गुड्डू, प्रदीप, संजीव, कमल, अंकित, पंकज व 50-60 अज्ञात आरो. पियों के विरूद्ध पुलिस पर नाजायज दबाब बनाने के उद्देश्य से मृतक आकाश का शव सड़क पर रखकर जाम लगाने, सरकारी काम में बाधा पहुंचाने, हंगामा करने आदि की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। दर्ज कराई रिपोर्ट में पुलिस का यह कहना है पुलिस ने आकाश के परिजनों को बताया था कि उनकी रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है और विधिक कार्यवाही प्रचलित है, मगर उसके बाद भी उन्होंने पुलिस पर नाजायज दबाब बनाने के लिए जाम लगाया।

## गिट्टी लदे डम्पर को किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र में शनिवार को खनन अधिकारी केवी सिंह ने कार्रवाई करते हुए हाईवे पर गिट्टी लदे एक डम्पर को पकड़ा। बताया जा रहा है कि डम्पर निर्धारित मार्ग के बजाय गलत रास्ते से गुजर रहा था। खनन अधिकारी ने वाहन को रोककर दस्तावेजों की जांच की, लेकिन चालक आवश्यक खनन संबंधित अनुमति व रॉयल्टी पत्र नहीं दिखा सका।इस पर खनन अधिकारी ने डम्पर को थाने लाकर सीज करने की कार्रवाई की। अधिकारियों का कहना है कि बिना वैध अनुमति खनन सामग्री का परिवहन नियम विरुद्ध है। खनन विभाग द्वारा इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# छेड़छाड़ के दोषी को चार साल की कारावास

## गाली गलौच में मां को एक साल की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। न्यायालय ने छेड़छाड़ के आरोपी को चार साल की सजा सुनाई जबकि गाली गलौच व धमकी देने के मामले में उसकी मां को एक साल का कारावास हुआ है। दोनों पर 17 हजार 500 रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

घटना हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की थी। 14 मार्च 2020 को यहां रहने वाले एक किसान की नाबा. लिग बेटी गांव में ही सरकारी नल पर कपड़े धो रही थी। उसी दौरान गांव के रहने वाले शिवा ने उसके फोटो खींच लिए और उसके साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ वहां से भाग गया। इतना ही नहीं आरोपी की मां ऊषा ने पीड़िता के साथ मारपीट करते हुए झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। मामले में हसनपुर कोतवाली पुलिस ने मां-बेटे के खिलाफ, मारपीट, धमकी, गाली गलौज और पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया था। फिलहाल, दोनों जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम की अदालत में विचाराधीन थी। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक रतनलाल लोधी कर रहे थे। शुक्रवार को अदालत में मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। छेड़छाड़ के मामले में शिवा को चार साल कारावास की सजा सुनाई। वहीं, उसकी मां ऊषा को मारपीट, धमकी और गाली गलौज में दोषी ठहराते हुए एक साल कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने मां-बेटे पर 17500 रुपये का जुर्माना भी लगाया।

# नकली प्रोडक्ट बेचते दुकानदार दबोचा

## 850 पीस वीट क्रीम के बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। नगर में रेकिट बैकिजर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नकली उत्पाद बेचने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वसीम पुत्र नासिर अली, निवासी मोहल्ला मनिहारान हसनपुर के रूप में हुई है। दरअसल, कंपनी द्वारा अधिकृत फर्म सेमिता लीगल एडवोकेट्स एंड सॉलिसिटर्स के सीनियर इन्वेस्टिगेटर मोहित कुमार ने कस्बे का सर्वे किया था। उन्होंने पाया कि वसीम जनरल स्टोर पर नकली उत्पाद बेचे जा रहे हैं। इसकी सूचना पर सेमिता लीगल की टीम अधिवक्ता निश्चय जैन और पुलिस बल के साथ दुकान पर पहुंची। तलाशी लेने पर दुकान से 851 पीस वीट क्रीम और 4 पीस लाइजॉल के नकली उत्पाद बरामद हो गये। टीम ने नियमानुसार बरामद माल की सील-बंद सैंपलिंग की। शेष 850 पीस वीट क्रीम और 3 पीस लाइजॉल को पुलिस ने जब्त कर लिया। कोतवाल प्रेमपाल सिंह ने बताया कि सेमिता लीगल के अधिवक्ता




निश्चय जैन की लिखित तहरीर के आधार पर आरा. पी वसीम पुत्र नासिर अली के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। यह कार्रवाई नकली सामान बेचने वालों के विरुद्ध एक बड़ी पहल है।

# ग्रुप से निकालने पर दी जान से मारने की धमकी

## पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। डिडौली थाना क्षेत्र के गांव कटाई में मोबाइल ग्रुप से निक. ालने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडों से हमला कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

गांव कटाई निवासी शहाबुद्दीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपने मोबाइल फोन में ग्रुप कटाई 786 नाम से एक ग्रुप बनाया था। जिसमें गंगदासपुर गांव के अर्श भी सदस्य थे। ग्रुप में गाली-गलौज करने पर अर्श को बाहर कर दिया गया। इस बात से नाराज होकर अर्श ने उनके मोबाइल नंबर पर गाली-गलौज शुरू कर दी।शिकायत करने पर शनिवार की सुबह अर्श और उसके पिता राबुल ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। शहाबुद्दीन का आरोप है कि हमले में उसके सिर में चोट आई है और वह किसी तरह अपनी जान बचाकर भागा। पीड़ित शाहब. ुद्दीन की तहरीर पर पुलिस अर्श और पिता राबुल के विरुद्ध संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## एक नजर

### देश की शान है वंदे मातरम गीत



**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर**। झम्मनलाल पीजी कॉलेज में वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत की 150वीं जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवी, एनसीसी के कैडेट्स व अन्य छात्र-छात्राओं और महाविद्यालय की प्राचार्या डॉक्टर शमा परवीन व समस्त स्टाफ ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत का गायन किया। शनिवार को कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर नीति शर्मा ने राष्ट्रीय गीत पर चर्चा करते हुए कहा कि राष्ट्रीय गीत राष्ट्र का गौरव है। यह मातृभूमि के प्रति प्रेम को दर्शाता है। संविधान सभा द्वारा 24 जनवरी 1950 को राष्ट्रीय गीत घोषित किया गया। यह बंग दर्शन नामक पत्रिका में पहली बार प्रकाशित हुआ और आनंद मठ उपन्यास में भी इसको शामिल किया गया। इस अवसर पर डॉ. हृदेश कुमार ,डॉ. गीतांजलि,श्रीमती कुमुद त्यागी ,मिस निगहत परवीन, कुमारी अंशु चौहान ,श्री सादिक खान, एनसीसी अधिकारी श्री अशरफ आदि उपस्थित रहे।

### दबंगों ने पति-पत्नी को किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता सैदनगली**। थाना क्षेत्र ग्राम फतेहपुर खादर में खेत की मेड के विवाद में दबंगों ने बच्चों समेत पति-पत्नी को बेरहमी से पीटा पीड़ित सतपाल फतेहपुर खादर निवासी ने थाने में तहरीर देकर दबंगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है पीड़ित ने बताया गांव के ही दबंग प्रवृत्ति के अंकित अजीत अरुण एवं यूनेश खेत की मेड के विवाद में बेवजह गालियां देनी शुरू कर दी गाली देने को मना किया तो उक्त लोगों ने परिवार के साथ मारपीट की जिसमें पत्नी गंभीर रूप से घायल हुई है घायल को हसनपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है जहां इलाज जारी है।

# पेड़ की डाली तोड़ने से रोका तो आश्रम के बाबा को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** आम के पेड़ से हरी डालियां तोड़ने से मना किया तो एक व्यक्ति ने बूढ़े बाबा के आश्रम के बाबा के साथ मारपीट की, इतना ही नहीं जान से मारने की धमकी भी दी। बाबा ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है, वहीं घटना से जुड़ा वीडियो भी इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है।

जानकारी के अनुसार नगर के मुहल्ला मायापुरी में स्थित बूढ़े बाबा के आश्रम में प्रेम गिरि नामक बाबा सेवा करते हैं। आरोप

**■ बाबा ने पुलिस को दी आरोपी के विरूद्ध तहरीर**

है कि शनिवार को मुहल्ले का ही एक व्यक्ति उनके आश्रम में आया और यहां खड़े आम के पेड़ से हरी डाली तोड़ने लगा। बाबा ने उससे डाली तोड़ने से मना किया तो व्यक्ति ने बाबा के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। शोर शराबा सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गए। बाबा प्रेम. गिरि ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# बस-बुलेरो भिड़ंत से घंटों लगा जाम

## राहगीरों को उठानी पड़ी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। शनिवार दोपहर शहर का होली पार्क चौराहा अचानक जाम के जाल में फंस गया। दोपहर के समय चांदपुर दिशा से आ रही बोलेरो और सामने से आ रही बस की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों के चालक आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग मौके पर पहुंच गए और बातचीत कहासुनी में बदल गई। मामूली दुर्घटना ने कुछ ही देर में बाईपास रोड से लेकर महादेव चौराहे तक वाहनों की लंबी कतारें खड़ी कर दीं। शहर की तंग गलियों में भी जाम फैल गया। गन्ना मिल जा रहे किसानों की ट्रैक्टर-ट्रॉलियां भी फंस गईं, जिससे स्थिति और बिगड़ गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों ने हंगामा शांत कराया और सड़क से वाहनों को हटवाकर यातायात सुचारू कराया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद जाम




खुल सका। स्थानीय लोगों ने बताया कि छुट्टी के दिन अचानक जाम लगने से बाजार और गलियों में अफरातफरी मच गई। कई लोग अपने वाहनों को छोड़ पैदल ही निकलते नजर आए।

# निकाह से इंकार पर युवक को गोली मारी

## बहन का पीछा न छोड़ने पर दिया घटना को अंजाम, गंभीर हालत में रैफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया**। जयपुर में रहकर नीट की तैयारी कर रही युवती का वहीं पर रहकर तैयारी कर रहे युवक से दोस्ती हो गयी। घर लौटने पर भी दोनों की दोस्ती बरकरार रही। जब भनक भाई को लगी तो उसने युवक पर बहन से शादी का दबाव बनाया। बात बिगड़ने पर गोली मारकर घायल कर दिया। घायल को गंभीर हालत में हायर सैंटर रैफर किया गया है। जबकि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

शनिवार दोपहर की घटना डिडौली कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जोया की है। क्षेत्र के गांव सैतली में मुनव्वर का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी चंद्रप्रभा के अलावा बेटा अरमान सोनू और एक बेटी रेखा रानी है। बताया जा रहा है कि करीब दो साल पहले रेखा रानी नीट की तैयारी करने के लिए जयपुर गई थी, कोचिंग के दौरान वहां उसकी मुलाकात जोया के मोहल्ला टंकी वाला के रहने वाले ताबिश रजा से हुई थी। इसके बाद से दोनों के बीच बातचीत का सिलसिला चल रहा था। रेखा फिलहाल अपने घर पर रहती है वहीं ताबिश रजा अभी भी नीट की तैयारी कर रहा है। शनिवार दोपहर करीब तीन बजे मुनव्वर का बेटा अरमान सोनू अपनी बहन रेखा रानी को लेकर उसके दोस्त ताबिश रजा के घर पहुंचा था। उसने बातचीत पर एतराज जताते हुए बहन का पीछा छोड़ने या फिर उसके साथ निकाह करने की बात कही। इतनी बात पर ताबिश रजा को तैश आ गया और वह घर के अंदर जाकर तमंचा उठा लाया। इसके बाद अंजाम की परवाह किए बगैर ताबिश ने अरमान सोनू पर सामने से फायर झोंक दिया। गोली उसके हाथ में लगकर गर्दन को रगड़ती हुई सामने दीवार में जाकर धंसी। वहीं, गोली मारने के बाद ताबिश रजा मौके से फरार हो गया। फायर की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही डिडौली पुलिस मौके पर पहुंची। लहूलुहान हालत में जमीन पर बेसुध पड़े अरमान सोनू को तुरंत जोया सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। फिलहाल, परिजनों ने घायल अरमान सोनू को पाकबड़ा के निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि मामले में आरोपी ताबिश रजा के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है, उसे जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# थाना दिवस से मायूस होकर लौटे फरियादी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। शनिवार को आयोजित थाना समाधान दिवस फरियादियों के लिए उम्मीद से अधिक निराशा लेकर आया। थाना प्रभारी बालेंद्र कुमार और राजस्व निरीक्षक मनोज कुमार गौतम की मौजूदगी के बावजूद एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। कार्यक्रम के दौरान कुल छह शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से ज्यादातर राजस्व से संबंधित मामले थे। बादशाहपुर के विवेक कुमार ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की, वहीं डींगरा के नरदेव ने पट्टे की भूमि पर कब्जे की बात कही। वासीपुर निवासी चरण सिंह ने दबंग प्रवृत्ति के लोगों पर कार्रवाई न होने का आरोप लगाया। पालनपुर के जसवीर सिंह ने तालाब की भूमि पर कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। राजस्व कर्मी मौके पर मौजूद थे, लेकिन तहसील के उच्चाधिकारियों की गैरमौजूदगी से फरियादियों में नाराजगी साफ झलकी। शिकायतकर्ता अधिकारियों से समाधान की उम्मीद लेकर आए थे, मगर निराश होकर लौटना पड़ा।

# भारत ने 2-1 से जीती सीरीज



## अभिषेक शर्मा बने 'प्लेयर ऑफ द सीरीज'

**ब्रिसबेन, वार्ता।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां और अंतिम टी-20 मुकाबला शनिवार को भारी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया, जिससे भारत ने सीरीज को 2-1 से अपने नाम किया। सीरीज में 163 रन बनाने वाले अभिषेक शर्मा को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' के खिताब से नवाजा गया। मैच रद्द किए जाने क समय तक भारत ने 4.5 ओवर में बिना कोई विकेट खोए 52 रन बनाए थे। अभिषेक शर्मा (23) और शुभमन गिल (29) रन पर नाबाद थे। बारिश और बिजली के खलल के कारण मैच को अंतत: रद्द करना पड़ा। खराब मौसम के कारण मैच शुरू होने के 21 मिनट बाद ही खेल रोक दिया गया था। भारत ने इस तरह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज में अपना अपराजेय रिकॉर्ड बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया 2022 से लगातार चौथी टी-20 सीरीज हारा है। जिनमें से तीन भारत और एक इंग्लैंड के खिलाफ है। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। भारत ने तेजतर्रार शुरुआत की और 4.5 ओवर में 52 ठोक डाले। अभिषेक ने 13 गेंदों पर नाबाद 23 रन एक चौका और एक छक्का लगाया जबकि गिल ने 16 गेंदों पर नाबाद 29 रन में छह चौके लगाये। गिल ने बेन ड्वारश्विस के पारी के तीसरे ओवर में चार चौके मारे। अभिषेक ने हमेशा की तरह आक्रामक शुरुआत की, इस दौरान किस्मत भी उनके साथ थी, पहले ओवर में ग्लेन मैक्सवेल ने मिड-ऑफ पर उनका एक आसान कैच छोड़ दिया और चौथे ओवर में ड्वारशुइस ने एक टॉप एज छोड़ दिया। बेहतरीन फॉर्म में न होने के बावजूद, उन्होंने नेथन की गेंद पर एक छक्का मारा और अपनी पारी के दौरान पूर्णकालिक सदस्य देशों में वह अंतर्राष्ट्रीय टी-20 में सबसे तेज एक हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए।




## जीत का श्रेय सभी खिलाड़ियों को: सूर्या

**ब्रिस्बेन, वार्ता।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज 2-1 से जीतने का श्रेय अपने खिलाड़ियों को दिया है। सूर्यकुमार ने शनिवार को पांचवां टी-20 बारिश के कारण रद्द होने के बाद कहा कि जिस तरह से सभी ने योगदान दिया और जिस तरह से हमने 0-1 से पिछड़ने के बाद वापसी की, उसका श्रेय सभी खिलाड़ियों को जाता है। बल्ले, गेंद और मैदान में भी यह एक अच्छी सीरीज थी।

तेज गेंदबाज और स्पिनर, दोनों ही अपना काम बखूबी जानते हैं। उन्होंने कहा कि 'बुमराह-अर्शदीप एक घातक जोड़ी है। और फिर अक्षर, वरुण आ रहे हैं और वो कर रहे हैं जो वो सबसे अच्छा करते हैं। और वाशी पिछले मैच में काम आए। उन्होंने अब काफी टी-20 क्रिकेट खेल लिया है, वो काफी कुछ लेकर आ रहे हैं और खुद का समर्थन कर रहे हैं। सूर्यकुमार ने कहा कि कई खिलाड़ी वाकई अच्छा कर रहे हैं। तीन मजबूत टीमों -ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड - के साथ खेलना विश्व कप से पहले एक बेहतरीन तैयारी होगी। मैंने हाल ही में देखा कि महिला टीम ने भारत में विश्व कप जीता, दर्शकों का अविश्वसनीय समर्थन मिला। यह एक अच्छी चुनौती होगी, रोमांचक टूर्नामेंट होगा, लेकिन अभी बहुत दूर है। दो और सीरीज बाकी हैं।

### संक्षिप्त खेल समाचार

## ईसीबी ने काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंद का प्रयोग समाप्त किया

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने काउंटी निदेशकों और पेशेवर खेल समिति से मिली प्रतिक्रिया के बाद, 2026 सीजन से काउंटी चैंपियनशिप में कूकाबुरा गेंदों के इस्तेमाल को समाप्त करने का फैसला किया है। काउंटी क्रिकेटरों को अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुकूल कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए तीन साल पहले शुरू किया गया यह परीक्षण, अधिकांश मैचों में बिना किसी घटना के होने के कारण असफल माना गया है। इस सीजन में सरे और डरहम के बीच ओवल में खेला गया मैच, जहां मेजबान टीम ने 9 विकेट पर 820 रन बनाकर पारी घोषित की, इसका एक उदाहरण है।

## ट्राइडेंट ओपन में भाग लेंगे शीर्ष गोल्फर

**चंडीगढ़, वार्ता।** ट्राइडेंट ग्रुप और प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया (पीजीटीआई), जो भारत में पेशेवर गोल्फ की आधिकारिक स्वीकृति संस्था है, ने आज संयुक्त रूप से ट्राइडेंट ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के उद्घाटन संस्करण की घोषणा की, जो 11 से 14 नवम्बर, 2025 तक प्रतिष्ठित चंडीगढ़ गोल्फ क्लब में आयोजित किया जाएगा। इस टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपए है। इस टूर्नामेंट से पहले 8 नवम्बर को एम-एम इवेंट और 9 नवम्बर को प्रो-एम इवेंट होगा। इस टूर्नामेंट को टाइटल प्रायोजक ट्राइडेंट ग्रुप द्वारा समर्थित किया जा रहा है। ट्राइडेंट ग्रुप एक भारतीय व्यावसायिक समूह और वैश्विक खिलाड़ी है, जिसका नेतृत्व गतिशील राजिदर गुप्ता, संसद सदस्य और अध्यक्ष करते हैं। लुधियाना, पंजाब में मुख्यालय वाला ट्राइडेंट भारत और विदेशों में घरेलू वस्त्र उद्योग के सबसे बड़े खिलाड़ियों में से एक है।

## महिला वनडे विश्व कप 2029 को 10 टीमों तक विस्तृत करने पर आईसीसी सहमत

**दुबई, वार्ता।** हाल ही में समाप्त हुए महिला विश्व कप की सफलता को देखते हुए आईसीसी बोर्ड ने महिला विश्व कप के अगले संस्करण (2029) को 10 टीमों तक विस्तृत करने पर सहमति जताई है।

आईसीसी ने 2021 में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला खेल के विस्तार की घोषणा की थी और हाल ही में जारी विज्ञप्ति में 2025 के संस्करण की सफलता के बाद आईसीसी की महिला क्रिकेट के विकास के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि की गई है। 2000 से ही महिला वनडे विश्व कप के मुख्य टूर्नामेंट में आठ टीमों ने ही हिस्सा लिया है। हालिया विश्व कप में जहां 31 मैच खेले गए थे तो वहीं 2029 के संस्करण में 10 टीमों वाले टूर्नामेंट में कुल 48 मैच खेले जाएंगे। महिला टी-20 विश्व कप में भी अब 12 टीमें हिस्सा लेंगी जबकि पिछले साल यूएई में खेले गए विश्व कप में कुल 10 टीमों ने हिस्सा लिया था। आईसीसी की विज्ञप्ति में कहा गया है कि लगभग 3 लाख प्रशंसकों ने मैदान में इस आयोजन को देखा जिसने महिला क्रिकेट में दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस टूर्नामेंट में ऑनलाइन दर्शकों में भी बढ़ोतरी हुई और दुनिया भर में ऑन स्क्रीन दर्शकों के रिकॉर्ड बने, भारत में लगभग 50 करोड़ दर्शक थे। आईसीसी बोर्ड ने आईसीसी महिला क्रिकेट समिति के सदस्यों की नियुक्ति को भी मंजूरी दी, जिनमें ऐश्ली डी सिल्वा, मिताली राज, अमोल मजूमदार, चार्लोट एड्वर्ड्स और सला स्टेला सियाले-वेया शामिल हैं। एलए 2028 और ब्रिस्बेन 2032 ओलंपिक में क्रिकेट बोर्ड ने यह भी बताया कि लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में कुल 28 मैच खेले जाएंगे। प्रत्एक वर्ग में छह टीमें होंगी,इनमें अफ्रीका, अमेरिका, एशिया, यूरोप और ओशिनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीमें शामिल होंगी, साथ ही मेजबान अमेरिका भी खेलेगा। छठी टीम क्वालिफायर के जरिए तय होगी, जिसके बारे में अभी विवरण जारी नहीं किया गया है।

## भारत को जल्द मिलेगी एशिया कप टॉफी




- **बीसीसीआई और एसीसी अध्यक्ष व पीसीबी के चेयरमैन के बीच विवाद सुलझा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशिया कप 2025 की विजेता भारतीय टीम को जल्द ही उसकी ट्रॉफी मिलने की संभावना है, क्योंकि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मो. हसिन नकवी के बीच विवाद सुलझ गया है। इसकी जानकारी बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने समाचार एजेंसी पीटीआई को दी। उन्होंने कहा, बीसीसीआई और पीसीबी प्रमुख मोहसिन नकवी ने एशिया कप ट्रॉफी विवाद को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने का संकल्प लिया है। सैकिया ने आगे कहा कि आईसीसी बैठक से इतर नकवी के साथ अच्छी बातचीत हुई, दोनों पक्ष जल्द से जल्द इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कोई न कोई रास्ता निकालेंगे।श उन्होंने बताया, शबातचीत खत्म हो गई है, अब विभिन्न विकल्पों पर विचार किया जाएगा। सैकिया ने कहा कि मैं आईसीसी की अनौपचारिक और औपचारिक दोनों बैठकों का हिस्सा था। पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी भी मौजूद थे। औपचारिक बैठक के दौरान यह एजेंडा में नहीं था, लेकिन आईसीसी ने एक वरिष्ठ आईसीसी पदाधिकारी और एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी में मेरी और पीसीबी प्रमुख के बीच अलग से बैठक कराई। बातचीत की प्रक्रिया शुरू करना वाकई अच्छा रहा। दोनों पक्षों ने आईसीसी बोर्ड बैठक के दौरान हुई बैठक में सौहार्दपूर्ण ढंग से भाग लिया। सैकिया ने बताया कि जल्द ही समाधान निकाल लिया जाएगा। विवाद की शुरुआत एशिया कप 2025 के फाइनल के बाद हुई, जब पीसीबी के प्रमुख मोहसिन नकवी ने विजेता भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव को ट्रॉफी देने की कोशिश की। लेकिन सूर्यकुमार ने ट्रॉफी लेने से इन्कार कर दिया। टेलीकाम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुता. बिक, सूर्यकुमार ने नकवी से ट्रॉफी स्वीकार नहीं की क्योंकि नकवी पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं और भारत में आतंकवाद को समर्थन देने में उनकी भूमिका को लेकर आपत्ति जताई गई थी। इस पर नकवी ने कहा कि एसीसी के अध्यक्ष होने के नाते ट्रॉफी देने का अधिकार केवल उन्हीं को है। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने ट्रॉफी लिए बिना ही मजाकिया अंदाज में काल्पनिक ट्रॉफी उठाकर अपने साथियों के साथ जश्न मनाया। टेलीकाम एशिया स्पोर्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, सूर्यकुमार ने असली ट्रॉफी लेने से मना कर दिया और अपने साथियों के साथ नकली ट्रॉफी पकड़कर

## द. अफ्रीका 'ए' के खिलाफ चोट लगने के बाद पंत हुए रिटायर हर्ट

- **बेंगलुरू के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे मैच में पंत को शेपो मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी**

**बेंगलुरू, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को दक्षिण अफ्रीका ए दूसरे अनाधिकृत टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को चोट लगने के बाद रिटायर हर्ट होकर वापस लौटना पड़ा। यहां बेंगलुरू के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में खेले जा रहे मैच के तीसरे दिन के पहले सत्र में पंत को तेज गेंदबाज शेपो मोरेकी की गेंदों पर तीन बार चोट लगी। यह चोट उनके शरीर और हेलमेट पर लगी, जिसके बाद उन्हें 34वें ओवर में रिटायर हर्ट होना पड़ा। पंत तीसरे ओवर में नंबर पांच पर बल्लेबाजी के लिए आए थे, जब ओवरनाइट बल्लेबाज केएल राहुल को ओकुन्ले सेले ने 27 रन पर बोल्ड कर दिया। पंत ने शुरुआत में तेजी से रन बनाए और उनके पहले तीन शॉट्स 4, 4 और 6 रन थे। लेकिन शॉर्ट गेंदों पर उनके शरीर पर लगे प्रहारों से उन्हें दर्द महसूस होने लगा। पंत आगे बल्लेबाजी जारी रखना चाहते थे, लेकिन भारत ए के कोच हृषिकेश कानितकर और फिजियो ने एहतियातन उन्हें रिटायर हर्ट होने को कहा। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में होने वाले पहले टेस्ट में भारतीय टीम का हिस्सा हैं। इसे देखते हुए उन्हें एहतियातन मैदान से वापस बुलाया गया है। पहली चोट उन्हें तब लगी, जब उन्होंने मोरेकी की शॉर्ट गेंद पर रिवर्स पिकअप शॉट खेलने का प्रयास किया।

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पहली बार खेली पिता-पुत्र की जोड़ी

- **सुहैल सत्तार 20 वर्ष और यहया सुहैल 17 वर्ष ने बाली में इंडोनेशिया के खिलाफ एक साथ बल्लेबाजी की**




**नई दिल्ली, वार्ता।** टिमॉर-लेस्ट के सुहैल सत्तार (50 वर्ष) और यहया सुहैल (17 वर्ष) अंतर्राष्ट्रीय मैच में एक साथ खेलने वाले पहले पिता-पुत्र की जोड़ी बन गए हैं। उन्होंने यह अनोखी उपलब्धि टिमॉर-लेस्टे के पहले अंतर्राष्ट्रीय मैच में हासिल की, जब उन्होंने 6 नवम्बर को बाली में मेजबान इंडोनेशिया के खिलाफ एक साथ बल्लेबाजी की। हालांकि यहया और सत्तार पहले पैरेंट (माता-पिता) और बच्चे की जोड़ी नहीं हैं, जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय मैच में साथ खेला हो। स्विट्जरलैंड की महिला टीम की मेटी फर्नांडिस और उनकी बेटी नैना मेटी साजू ने इस साल छह टी-20 एक साथ खेले थे। घरेलू क्रिकेट में पिता-पुत्र की कई जोड़ियां साथ या एक-दूसरे के खलिाफ खेल चुकी हैं। शिवनारायण चंद्रपॉल और उनके बेटे तेजनारायण ने गयाना के लिए 11 प्रथम श्रेणी मैच साथ खेले थे। इनमें से एक मैच में शिवनारायण ने अपने बेटे की कप्तानी भी की थी, जो विडवर्ड आइलैंड्स के खलिाफ प्रोविडेंस स्टेडियम में मार्च 2014 में हुआ था। हाल ही में 2025 के स्पगीजा क्रिकेट लीग फाइनल में अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी ने अपने बेटे हसन ईसाखिल के खलिाफ खेला था। हालांकि टिमॉर-लेस्ट की अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट यात्रा की शुरुआत कठिन रही और उन्होंने अपने शुरुआती तीनों मैच दस विकेट से गंवाए हैं।

## असम राइफल्स हाफ मैराथन पांचवां संस्करण 14 दिसम्बर को शिलांग में होगा

- **यह मैराथन पहली बार 2021 में आयोजित की गई थी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** असम राइफल्स हाफ मैराथन का बहुप्रतीक्षित पांचवां संस्करण इस वर्ष 14 दिसंबर को मेघालय के शिलांग में आयोजित किया जाएगा। इसकी घोषणा आयोजकों ने शनिवार को यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की।

भारत के सबसे पुराने अर्द्धसैनिक बलों में से एक, असम राइफल्स, जिसकी स्थापना 1835 में हुई थी और जो गृह मंत्रालय के अधीन कार्यरत है, द्वारा यह मैराथन पहली बार 2021 आयोजित की गई थी। यह मैराथन फिटनेस, सौहार्द और जनभागीदारी को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई थी। पांचवें संस्करण में 12 वर्ष से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु के 3000 से अधिक धावक तीन अलग-अलग दूरियों - 5 किमी, 10 किमी और 21 किमी - में भाग लेंगे। धावक न केवल ऊपरी शिलांग के सबसे मनोरम मार्ग पर अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे, बल्कि 20 लाख रुपए की भारी-भरकम पुरस्कार राशि के लिए भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। आयोजकों ने इस वर्ष की असम राइफल्स हाफ मैराथन के लिए फिनिशर मेडल, ग्रे और मैरून रंग की जर्सी और रूट का भी अनावरण किया।

इस अवसर पर असम राइफल्स मुख्यालय के अधिक. ारी प्रतिनिधि कर्नल नवजोत सिह (एसएम) ने कहा कि मुझे यह घोषणा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि असम राइफल्स हाफ मैराथन का पांचवां संस्करण इस वर्ष 14 दिसंबर को ऊपरी शिलांग में आयोजित किया जाएगा।

## अर्जुन एरिगैसी-पी. हरिकृष्ण ने दर्ज की शानदार जी




- **डी गुकेश और प्रज्ञानंदा ने खेला ड्रॉ**

**पणजी, वार्ता।** यहां जारी फिडे विश्व कप 2025 के तीसरे राउंड के पहले मैच में शुक्रवार को ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी और पी हरिकृष्णा ने सफेद मो. हरों से बेहतरीन खेल दिखाते हुए शानदार जीत दर्ज की जबकि विश्व चैंपियन गुकेश डी ने काले मोहरों से ड्रॉ खेला। इस प्रतियोगिता में सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय अर्जुन ने उज्बेकिस्तान के शमसिद्दीन वोखिदोव को 30 चालों में हराया, जबकि हरिकृष्णा ने एक बार फिर अपनी तैयारी पर नियंत्रण दिखाते हुए बेल्जियम के ग्रैंडमास्टर डैनियल दर्जा को 25 चालों में हराकर चौथे राउंड में प्रवेश कर लिया। कुल 10 भारतीय खिलाड़ी फिडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। यह सिगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट है जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। इस ट्रॉफी का नाम इस भारतीय दिग्गज के नाम पर रखा गया है। अर्जुन और हरिकृष्णा ने एक बार फिर दिखा दिया कि वे खिताब जीतने के प्रबल दावेदारों में से एक क्यों हैं। पहले दौर में बाई मिलने के बाद दूसरे दौर में अपने दोनों मैच जीतने वाले अर्जुन ने वोखिदोव के खिलाफ बिल्कुल भी परेशानी में नहीं दिखे और उन्होंने अपनी चाल पर 10 मिनट से जडादा समय तक सिर्फ तभी विचार किया जब वह जीत के कगार पर थे और इसे जल्दी से खत्म करने और प्रतियोगिता में तीन गेम में तीन जीत दर्ज करने के तरीके खोज रहे थे। कुछ मिनट पहले, हरिकृष्णा तीसरे दौर में जीत दर्ज करने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। इस वर्षीय खिलाड़ी ने सिसिलियन क्लासिकल वेरिएशन में अपने प्रतिद्वंद्वी को चौंका दिया और उसे बहुत जल्दी हार मानने पर मजबूर कर दिया। हरिकृष्णा ने मैच के बाद कहा कि मैंने कुछ नया तैयार किया था। बेशक इससे मुझे मदद मिली, लेकिन मैं इस वेरिएशन में सभी चालें याद नहीं रख पाया। लेकिन कुछ अच्छी चालें चलीं और कुछ चालें मेरे प्रतिद्वंद्वी से छूट गईं।

## सबालेंका-रयबकिना में होगी खिताबी भिड़ंत



- **आर्यना सबालेंक ने अमेरिका की अमांडा को तीन सेटों में हराया**

**रियाद, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने शुक्रवार को अमेरिका की अमांडा अनिसिमा. ेवा को तीन सेटों में हराकर 2025 डब्ल्यूटीए फाइनल्स के फाइनल में जगह बना ली जहां उनका मुकाबला कजाकिस्तान की एलेना रयबाकिना से होगा। सबालेंका और अनिसिमोवा इससे पहले 10 बार आमने-सामने हुई थीं, जिसमें अनिसिमोवा ने 6-4 से बढ़त बनाई थी।

उनका सबसे हालिया मुक. ाबला इस साल के यूएस ओपन फाइनल में हुआ था, जहां सबा. लेंका ने सीधे सेटों में जीत हासिल की थी। मैच की शुरुआत तनावपूर्ण रही, दोनों खिलाड़ियों ने अपने शुरुआती सर्विस गेम जीतने से पहले कई बार ड्यूस का सामना किया। सबालेंका ने पांचवें गेम में पहला ब्रेक हासिल किया। 5-3 से पिछड़ने के बाद, अनिसिमोवा ने दो डबल फॉल्ट किए, जिससे सबालेंका ने फिर से सर्विस ब्रेक की और पहला सेट 6-3 से जीत लिया। दूसरे सेट में, अनिसिमोवा ने तेजी से वापसी की और सबा. लेंका की सर्विस दो बार तोड़कर 4-0 की बढ़त बना ली।

हालांकि बेलारूसी खिलाड़ी ने सेट के लिए सर्विस करते समय वापसी की, लेकिन अनि. सिमोवा ने तुरंत एक और ब्रेक लगाकर दूसरा सेट 6-3 से जीत लिया। निर्णायक सेट में, दोनों खिलाड़ियों ने पहले छह गेम तक सर्विस बरकरार रखी। सबालेंका ने सातवें गेम में एक महत्वपूर्ण ब्रेक लिया और फिर आठवें गेम में एक ब्रेक पॉइंट बचाया। 5-3 से आगे होने के बाद, उन्होंने फिर से सर्विस ब्रेक की और 6-3 से जीत हासिल की। सबालेंका ने बाद में कहा कि सच कहूं तो, मुझे इस बात की कोई परवाह नहीं होती अगर मैं यह मैच हार जाती, क्योंकि मुझे लगता है कि हमने एक बेहतरीन मैच खेला और हम दोनों ही फाइनल में इस जगह के हकदार हैं। यह एक अविश्वसनीय मुकाबला था और मैं जीत हासिल करके बहुत खुश हूं।

## टोक्यो में डेफलिपिक खेलों के लिए भारत ने रिकॉर्ड 111 सदस्यीय दल की घोषणा की

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने 15 नवम्बर से 26 दिसंबर तक जापान के टोक्यो में होने वाले आगामी डेफलिपिक खेलों के लिए 111 सदस्ईय दल की घोषणा की है। इस दल में 73 एथलीट और 38 कोच शामिल हैं। यह डेफलिपिक खेलों में अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल है। केंद्रीय खेल मंत्रालय ने सरकार की लागत के आधार पर इस दल को मंजूरी दी है।

भारत 11 खेलों - एथलेटिक्स, बैडमिंटन, गोल्फ, जूडो, कराटे, निशानेबाजी, तैराकी, टेबल टेनिस, ताइक्वांडो, कुश्ती और टेनिस - में भाग लेगा। डेफलिपिक खेलों का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय बधिर खेल समिति (आईसीएसडी) द्वारा किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त, आईसीएसडी अगस्त 1924 से स्वतंत्रा रूप से कार्य कर रहा है।

आईसीएसडी अंतर्राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति से संब( नहीं है। आईओसी के संरक्षण में आयोजित होने वाले डेफलिम्पिक्स, दुनिया के दूसरे सबसे पुराने अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल आयोजन हैं। आईसीएसडी के सदस्यों में अब 117 विभिन्न देशों के संबद्ध राष्ट्रीय खेल संगठन शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका ने रूस से तेल-गैस खरीदने पर हंगरी को दी प्रतिबंधों से छूट

**वाशिंगटन।** अमेरिका रूस से तेल और गैस खरीदने को लेकर हंगरी पर एक साल तक कोई प्रतिबंध नहीं लगाएगा। बीबीसी ने व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हंगरी को रूसी तेल और गैस की खरीद को लेकर एक साल के लिए प्रतिबंधों से छूट दे दी है। गौरतलब है कि ट्रम्प ने कहा था कि वह हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बान को छूट देने के मुद्दे पर विचार करेंगे। ओर्बान को ट्रम्प का करीबी माना जाता है, लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान हंगरी ने रूस के साथ भी अच्छे संबंध विकसित किए हैं।

### अफगान में हर पांच में से एक बच्चा कठिन श्रम को मजबूर है: यूनिसेफ

**काबुल।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने कहा है कि अफगान में हर पांच में से एक बच्चा बाल श्रम में लगा हुआ है। अफगान में यूनिसेफ के प्रवक्ता ओमिदुर्रहमान फजल ने बच्चों की सुरक्षा के लिए यूनिसेफ की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि चाहे जो भी कारण हो यूनिसेफ बाल श्रम के सभी रूपों को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसलिए, यूनिसेफ इस समस्या के लिए परिवार-आधारित समाधानों पर ज़ोर देता है। अफगानिस्तान के टोलो न्यूज के अनुसार कुछ कामकाजी बच्चों ने अफगान के इस्लामी अमीरात सरकार से से शिक्षा के अवसर और बेहतर जीवन-यापन की स्थिति प्रदान करने की मांग की है।

### तुर्की की कॉस्मैटिक्स फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत

**इस्तांबुल।** तुर्की के उत्तर-पश्चिमी कोकेली प्रांत में शनिवार को एक कॉस्मैटिक्स फैक्ट्री में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। गवर्नर इल्हामी अक्तास के कार्यालय से जारी एक बयान के अनुसार दिलोवासी जिले में स्थित इस कारखाने में आग लगी और आपातकालीन कॉल के बाद आग बुझाने के लिए प्रशिक्षित कर्मियों और उपकरणों के समूहों को भेजा गया। अक्तास ने बताया कि आग पर अंततः काबू पा लिया गया।

### म्यांमार में मलेरिया के 126000 से अधिक मामले मिले

**यांगून।** म्यांमार में जनवरी से अगस्त 2025 के बीच मलेरिया के कुल 126562 मामलों की पहचान हुई और उनका इलाज किया गया। सरकारी रेडियो और टेलीविजन ने शनिवार को बताया कि देश 2030 तक मलेरिया के संक्रमण को खत्म करने का प्रयास कर रहा है और पिछले एक दशक में इस दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। मलेरिया के मामलों में यह कमी उपचार और शिक्षा कार्यक्रमों को निरंतर चलाने के कारण संभव हुई है।

# अफगान-पाक शांति वार्ता फिर विफल

## दोनों देशों के बीच सीमा पर आतंकवाद पर कार्रवाई को लेकर मतभेद कायम रहे


**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच जारी तीसरे दौर की शांति वार्ता बिना किसी ठोस समझौते के समाप्त हो गई। दोनों देशों के बीच सीमा पार आतंकवाद पर कार्रवाई को लेकर मतभेद कायम रहे। पाकिस्तान की ओर से रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बताया कि वार्ता में कोई लिखित समझौता नहीं हो सका और अब चौथे दौर की कोई योजना भी नहीं है।

दो दिन तक चली ये वार्ता बृहस्पतिवार को शुरू हुई थी। पाकिस्तान ने अफगान तालिबान से यह मांग की थी कि वे तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के उन आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करें जो अफगान धरती से पाकिस्तान पर हमले कर रहे हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने एक निजी टीवी चैनल से बातचीत में कहा वार्ता पूरी तरह गतिरोध में है। अफगान पक्ष सिर्फ मौखिक भरोसा देना चाहता था, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय वार्ताओं में मौखिक आश्वासन स्वीकार नहीं किए जा सकते। उन्होंने तुर्की और कतर के ईमानदार प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया, जो दोनों देशों के बीच तनाव कम करने के लिए मध्यस्थता कर रहे थे। आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान का रुख स्पष्ट है हमारी केवल एक मांग है कि अफगानिस्तान यह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों में न हो। आसिफ ने यह भी कहा कि अगर अफगान धरती से कोई हमला होता है, तो पाकिस्तान जवाब देगा।



■ अगर अफगान धरती से कोई हमला होता है, तो पाक जवाब देगा

पाकिस्तान के सूचना मंत्री अत्ताउल्ला तारार ने शनिवार सुबह एक्स (पूर्व ट्विटर) पर लिखा अब जिम्मेदारी अफगान तालिबान की है कि वे आतंकवाद पर नियंत्रण को लेकर अपने अंतर्राष्ट्रीय और द्विपक्षीय वादों को पूरा करें, जिनमें वे अब तक असफल रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान का अफगान जनता से कोई वैर नहीं है, लेकिन वह किसी भी ऐसी नीति का समर्थन नहीं करेगा जो अफगान लोगों या पड़ोसी देशों के हितों के खिलाफ हो। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच पहली वार्ता 29 अक्टूबर को दोहा (कतर) में हुई थी, जबकि दूसरी बैठक 25 अक्टूबर को इस्तांबुल (तुर्की) में आयोजित हुई। दोनों ही वार्ताएं किसी ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचीं। अब तीसरा दौर भी बेनतीजा रहा है। इससे पहले 11 से 15 अक्टूबर के बीच दोनों देशों की सीमा पर सशस्त्र झड़पें हुई थीं, जिनमें दोनों ओर जनहानि हुई थी। दोनों देशों ने 19 अक्टूबर को कतर की राजधानी दोहा में सीजफायर पर सहमति जताई थी, लेकिन शर्तों को अंतिम रूप देने में मतभेद बने रहे।



नई दिल्ली। आनंद विहार में धुंध भरी सुबह के बीच यात्री।

### 'फादर ऑफ डीएनए' प्रसिद्ध नोबेल विजेता जेम्स वाटसन का निधन

**वाशिंगटन।** नोबेल विजेता और दुनियाभर के प्रसि) वैज्ञानिक जेम्स डी वाटसन का 97 साल की उम्र में निधन हो गया। वे 1953 में डीएनए की ट्विस्टेड-लैडर संरचना (डबल हेलिक्स) की खोज के लिए जाने जाते हैं, जिससे चिकित्सा, अपराध जांच, जीनोलाजी और नैतिकता के क्षेत्र में क्रांति आई। वाटसन ने फ्रांसिस क्रिक और मॉरिस विल्किन्स के साथ 1962 में नोबेल पुरस्कार साझा किया। उनकी खोज से यह पता चला कि डीएनए कैसे वंशानुगत जानकारी रखता है और कोशिकाएं विभाजन के दौरान इसे कैसे कापी करती हैं। डबल हेलिक्स ने विज्ञान और समाज में गहरा प्रभाव डाला और अब यह संरचना विज्ञान का प्रतीक बन गई है। हालांकि, जीवन के अंतिम वर्षों में वाटसन विवादित बयान देने के लिए आलोचना और पेशेवर निंदा का सामना कर चुके। उन्होंने अश्वेत लोगों की बुद्धिमत्ता को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं।

# तुर्की की अदालत से नेतन्याहू का गिरफ्तारी वारंट जारी

## गाजा में चल रहे युद्ध को लेकर इजरायली पीएम के अलावा 37 अन्य लोगों के नाम भी आरोपियों में शामिल

**तेल अवीव/गाजा पट्टी।** तुर्की के इस्तांबुल मुख्य अभियोजक कार्यालय ने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू समेत 37 लोगों के खिलाफ जनसंहार के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। इन आरोपों का संबंध गाजा में चल रहे युद्ध से है, जिसे इजरायल ने अक्टूबर 2023 में हमास के हमलों के बाद शुरू किया था।

इस्तांबुल अभियोजन कार्यालय के बयान के मुताबिक, जिन लोगों पर गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है, उनमें इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज, आईडीएफ के चीफ आफ स्टॉफ एयाल जमीर, राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन-गवीर के शामिल हैं। तुर्की के अभियोजकों ने दावा किया है कि इजरायल गाजा में नागरिकों को जानबूझकर निशाना बना रहा है, और यह कार्रवाई जनसंहार की श्रेणी में आती है। उन्होंने 17 अक्टूबर 2023 को अल-अहली बैपटिस्ट हास्पिटल की घटना को भी अपने आरोपों का हिस्सा बनाया है। हालांकि, इजरायल और अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने बाद में यह निष्कर्ष निकाला था कि यह विस्फोट हमास के राकेट की विफल लान्चिंग से हुआ था, न कि इजरायल के हमले से। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन लंबे समय से हमास के समर्थक माने जाते हैं। इसी के साथ, तुर्की की न्याय व्यवस्था की निष्पक्षता पर भी सवाल उठते रहे हैं।



■ इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में अब तक 69 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत, 170685 लोग घायल
■ इजरायल गाजा में नागरिकों को जानबूझकर निशाना बना रहा है और यह कार्रवाई जनसंहार की श्रेणी में आती है

अतीत में तुर्की के कई पत्रकारों और विपक्षी नेताओं, जैसे कि एकरेम इमामओग्लू (जो इस्तांबुल के मेयर और एर्दोआन के राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं) के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी किए जा चुके हैं। बता दें कि 1915 से 1923 के बीच तुर्की पर अपने ही देश में 15 लाख आर्मेनियाई लोगों के जनसंहार का आरोप है। इस अवधि में लाखों आर्मेनियाई मारे गए या भुखमरी से मर गए, जबकि लगभग पांच लाख लोग रूस की ओर पलायन कर गए। अमेरिका, कनाडा, रूस और यूरोपीय संघ के अधिकांश देश इस आर्मेनियाई जनसंहार को आधिकारिक रूप से मान्यता देते हैं। हालांकि, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया और इजरायल जैसे देश अब तक इसे औपचारिक रूप से मान्यता नहीं देते, क्योंकि तुर्की के साथ उनके राजनयिक संबंध प्रभावित हो सकते हैं। लेकिन अगस्त 2025 में नेतन्याहू ने व्यक्तिगत रूप से इस जनसंहार को स्वीकार किया था, हालांकि इसे इजरायल की आधिकारिक मान्यता नहीं माना गया। वहीं इजरायल और हमास के बीच संघर्ष में अब तक 69 हजार से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि मौत का आंकड़ा बढ़कर 69169 हो गया है और 170685 लोग घायल हुए हैं। सात अक्टूबर 2023 को हमास के हमलों को बाद युद्ध शुरू हुआ था। मरने वालों के आंकड़ों में हाल ही में इस वृद्धि हुई है, क्योंकि तबाही वाले इलाकों में राहत और बचाव कार्य के दौरान मलबे के नीचे से शव मिले और उनमें से कुछ शवों की पहचान की गई। यह जानकारी ऐसे समय में सामने आई है, जब इजरायल ने शनिवार को गाजा को 15 फलस्तीनियों के शव लौटाए। इससे पहले हमास के लड़ाकों ने अस्थाई युद्ध विराम समझौते के तहत एक बंधक का शव इजरायल को लौटाया था। अमेरिका की मध्यस्थता में हुए इस अस्थिर संघर्ष विराम की दिशा में शवों की अदला-बदली को महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इस समझौते के मुताबिक, इजरायल ने हर एक इजरायली बंधक के बदले 15 फलस्तीनी शव लौटाए। खान यूनिस के नासेर अस्पताल ने बताया कि वहां 15 शवों को लाया गया है। शव वापसी उस समय हुई, जब इजरायल ने शुक्रवार रात लौटाए गए शव की पुष्टि की, जो हमास के सात अक्टूबर 2023 के हमले में लड़ते हुए मारे गए एक इजरायली पुरुष का था। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय के अनुसार, बंधक की पहचान लियोर रुडाफ के रूप में हुई।

## तुर्की के राष्ट्रपति बाकू में अजरबैजानी और पाकिस्तानी नेताओं से बातचीत करेंगे

**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति आर.टी. एर्दोगन बाकू में सैन्य परेड में शामिल होंगे और अजरबैजान के राष्ट्रपति तथा पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के साथ बातचीत करेंगे। तुर्की के राष्ट्रपति के कार्यालय ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। एर्दोगन के संचार प्रमुख बी. दुरान ने कहा कि राष्ट्रपति 8 नवम्बर को बाकू में विजय दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले समारोह में शामिल होने के लिए अजरबैजान का दौरा करेंगे। एर्दोगन इस यात्रा के दौरा अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीएव और पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से मुलाक़ात करेंगे, जो समारोह में शामिल होने के लिए बाकू पहुंचेंगे। दोनों नेता द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर व्यापक चर्चा करेंगे।



### अमेरिका में 'शटडाउन' के कारण 1000 से अधिक उड़ानें रद्द

**वाशिंगटन।** अमेरिकी इतिहास में संघीय सरकार के सबसे लंबे 'शटडाउन' के दौरान हवाई यातायात नियंत्रक कर्मियों और हवाई यातायात में कमी के कारण शुक्रवार को 1000 से अधिक अमेरिकी उड़ानों को रद्द किया गया। अमेरिकी उड़ान ट्रैकिंग वेबसाइट फ्लाइटअवेयर ने कहा कि शुक्रवार शाम पांच बजे तक 4309 उड़ानें लेट थीं और 1002 को रद्द किया गया। यह घटनाक्रम अमेरिकी परिवहन विभाग और संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) द्वारा बुधवार को एक घोषणा के बाद हुआ है जिसमें कहा गया था कि संघीय सरकार शुक्रवार से 40 स्थानों पर हवाई यातायात में कमी लाएगी। एफएए द्वारा निर्धारित उड़ान निरस्त योजना के अनुसार, शुक्रवार को उड़ानों में चार प्रतिशत की कमी करने की तैयारी थी। अगले मंगलवार तक यह छह प्रतिशत, गुरुवार तक आठ प्रतिशत और शुक्रवार तक 10 प्रतिशत तक बढ़ाया जाना है। एफएए प्रशासक ब्रायन बेडफोर्ड ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि निर्धारित क्षमता में 10 प्रतिशत की कटौती हमारे वायु यातायात नियंत्रकों पर दबाव में कमी लाने के लिए उपयुक्त होगी।

# भारत ने ब्राजील के वन कोष का किया समर्थन

**नई दिल्ली।** ब्राजील में आयोजित संयुक्त राष्ट्र जलवायु सम्मेलन में वैश्विक जलवायु महत्वाकांक्षा को पूरा करने पर जोर दिया गया है। सम्मेलन में शामिल देशों ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों को बचाने पर जोर दिया।

भारत ने शुक्रवार को विकसित देशों से उत्सर्जन कटौती में तेज़ी लाने और वादा के अनुरूप जलवायु वित्त पोषण को पूरा करने का आग्रह किया। भारत उष्णकटिबंधीय वनों के संरक्षण के लिए ब्राज़ील के नए वैश्विक कोष में पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुआ। ब्राज़ील में भारत के राजदूत दिनेश भाटिया ने बहुपक्षवाद और पेरिस समझौते के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि की और ब्राज़ील के बेलेम में सीओपी-30 के नेताओं के शिखर सम्मेलन में भारत के रुख को रेखांकित किया। भारतीय प्रतिनिधि ने ब्राज़ील के नेतृत्व वाले उष्णकटिबंधीय वन कोष में पर्यवेक्षक के रूप में भारत के शामिल होने की घोषणा करते हुए कहा कि भारत उष्णकटिबंधीय वनों के संरक्षण के लिए सामूहिक और निरंतर वैश्विक कार्रवाई की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करने वाली उष्णकटिबंधीय वन फॉरएवर फैसिलिटी (टीएफएफएफ) की स्थापना में ब्राज़ील की पहल का स्वागत और समर्थन करता है।

■ धनी देशों से पेरिस समझौते का पालन करने का आग्रह

### भारतीय NGO को मिला मैग्सेसे पुरस्कार

**मनीला।** भारत की एनजीओ एजुकेट गर्ल्स को प्रतिष्ठित रेमन मैग्सेसे सम्मान मिला है। संस्थाय ने यह सम्मान उन हजारों क्षेत्रीय समन्वयकों, स्वयंसेवकों और युवा मार्गदर्शकों को समर्पित किया है, जिन्होंने देश की लाखों लड़कियों को स्कूल वापस लाने में मदद की है। इस पुरस्कार की घोषणा 31 अगस्त को की गई थी। फिलीपींस के राजधानी शहर में एक औपचारिक समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। एजुकेट गर्ल्स की स्थापना साल 2007 में हुई। यह संस्था उप्र, राजस्थान, मप्र व बिहार के तीस हजार से अधिक गांवों में काम कर रही है। संस्था का मकसद गरीबी और निरक्षरता के चक्र को तोड़ना है। 55 हजार से अधिक स्वयंसेवकों की मदद से इस संस्था ने अब तक 20 लाख से अधिक लड़कियों को स्कूल वापस लाने और 24 लाख से ज्यादा बच्चों को शिक्षा कार्यक्रमों से जोड़ने में मदद की है।

# चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' नेवी में शामिल

## हिंद महासागर से ताइवान तक बढ़ेगा चीन का दबदबा, भारत के लिए 5 चुनौतियां पैदा होंगी

**बीजिंग।** चीन ने अपना नया और अब तक का सबसे आधुनिक एयरक्राफ्ट कैरियर 'फुजियान' आधिकारिक तौर पर नौसेना में शामिल कर लिया है। यह घोषणा चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने की। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने हाइनान प्रांत में आयोजित एक समारोह में फुजियान को नौसेना को सौंपा। उन्होंने जहाज पर जाकर उसका निरीक्षण भी किया। फुजियान चीन का तीसरा एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह जहाज पूरी तरह चीन में ही डिजाइन और बनाया गया है।

इससे पहले दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शानडोंग रूस की डिजाइन पर बने थे। फुजियान एक सुपरमॉडर्न कैरियर है, जिसमें इलेक्ट्रिक सिस्टम बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया गया है। इस पर जे-35 स्टेल्थ फाइटर भी तैनात किए जाएंगे, जिससे ताइवान से लेकर हिंद महासागर तक चीन का दबदबा बढ़ेगा। फुजियान पहला एयरक्राफ्ट कैरियर है जिसे चीन ने पूरी तरह खुद डिजाइन किया और बनाया है। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम (ईएमएएलएस) लगा है।



■ इससे पहले दो एयरक्राफ्ट कैरियर लियाओनिंग और शानडोंग रूस की डिजाइन पर बने थे

यह वही तकनीक है जिसे अमेरिका अपने नए एयरक्राफ्ट कैरियर्स में इस्तेमाल करता है। इस जहाज से चीन ने अपने नए जे-35 स्टेल्थ फाइटर की टेस्ट फ्लाइट कराई है। यह चीन का पहला ऐसा कैरियर है जो स्टेल्थ विमान उड़ा सकता है। भारत से लिए 5 चुनौतियां ला सकता है फुजियान-चीन के फुजियान एयरक्राफ्ट कैरियर से भारत के लिए सीधी सैन्य और रणनीतिक चुनौती दोनों बढ़ सकती हैं। इसमें इलेक्ट्रोमैग्नेटिक कैटापल्ट सिस्टम (ईएमएएलएस) है, जो पहले सिर्फ अमेरिका के पास था। यह सिस्टम चीन को ज्यादा विमान, तेज और भारी विमान लॉन्च करने की क्षमता देता है। इससे उसकी नौसेना की लॉन्ग-रेंज स्ट्राइक क्षमता बढ़ेगी। चीन पहले ही ग्वादर (पाकिस्तान) और जिबूती (अफ्रीका) जैसे बंदरगाहों पर अपनी मौजूदगी बढ़ा चुका है। अब फुजियान जैसे बड़े जहाज के आने से चीन हिंद महासागर में लंबे समय तक ऑपरेशन कर सकेगा। यह क्षेत्र भारत के लिए बहुत अहम है, क्योंकि भारत की तेल सप्लाई और व्यापार मार्ग यहीं से गुजरते हैं। फुजियान में जे-35 स्टेल्थ फाइटर, जेके-600 चेतावनी विमान और जे-15 जैसे आधुनिक विमान तैनात हो सकते हैं। इससे चीन एक साथ एयर डिफेंस, स्ट्राइक और सर्विलांस मिशन चला सकता है। भारत के पास फिलहाल दो एयरक्राफ्ट कैरियर हैं आईएनएस विक्रमादित्य और आईएनएस विक्रांत। ये दोनों ही स्की-जंप रैंप (स्टूबर) तकनीक वाले हैं, जबकि फुजियान कैटापल्टतकनीक का इस्तेमाल करता है, जो ज्यादा आधुनिक है।

# डायबिटीज से जूझ रहे लोगों को अमेरिकी वीजा मिलना मुश्किल

**वाशिंगटन।** डायबिटीज, मोटापा और कैंसर जैसी बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिए अब अमेरिका में प्रवेश पाना मुश्किल हो सकता है। अमेरिकी विदेश विभाग ने दुनियाभर के अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को निर्देश दिया है कि वे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं वाले लोगों को अमेरिका आने या रहने की अनुमति न दें।

यह नियम 'पब्लिक चार्ज' (सार्वजनिक बोझ) नीति पर आधारित है, जिसका मकसद ऐसे अप्रवासियों को रोकना है जो अमेरिकी सरकारी संसाधनों पर निर्भर हो सकते हैं। इसमें वीजा अधिकारियों को सलाह दी गई है कि वे आवेदक के हेल्थ, उम्र और फाइनेंशियल स्टेटस की जांच करें। अगर कोई व्यक्ति भविष्य में महंगी चिकित्सा देखभाल या सरकारी सहायता पर निर्भर होने की संभावना रखता है, तो उसका वीजा रिजेक्ट कर दिया जाएगा। वीजा अधिकारी लोगों के हेल्थ स्टेटस की जांच करेंगे। उनके पूरी तरह स्वस्थ होने पर ही वीजा स्वीकृति मिलेगी। अधिकारियों को दिए गए निर्देश में कहा गया है कि आवेदक के स्वास्थ्य को ध्यान में रखना ज़रूरी है। चिकित्सा स्थितियां जैसे हृदय रोग, सांस की दिक्कत, कैंसर, डायबिटीज, मेटाबालिक डिजीज, न्यूरोलाजिकल डिजीज और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं लाखों डालर की देखभाल की जरूरत पैदा कर सकती हैं।

■ सरकार पर बोझ कम करना मकसद, हेल्थ, उम्र, फाइनेंशियल स्टेटस जांचेंगे अधिकारी

# भारत को 113 तेजस मार्क-1ए इंजन देगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के साथ 1 अरब डॉलर (करीब 8,870 करोड़) की डील की। इसके तहत जीई भारत को 113 जेट इंजन और सपोर्ट पैकेज देगी। एचएएल ने समझौते के बारे में एक्स में पोस्ट कर जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि ये इंजन 97 मार्क-1ए लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (तेजस फाइटर जेट) में लगाए जाएंगे।

इंजन की डिलीवरी 2027 से 2032 के बीच होगी। केंद्रीय रक्षा मंत्रालय ने 25 सितम्बर को एचएएल के साथ 62,370 करोड़ की डील की थी। इसके तहत एचएएल भारतीय वायुसेना के लिए 97 एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान बनाएगा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अधिकारियों ने जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) के अधिकारियों के साथ एक अरब डॉलर की डील की। इससे पहले फरवरी 2021 में सरकार ने एचएएल के साथ 83 तेजस मार्क-1ए खरीदने के लिए 48,000 करोड़ का करार किया था, लेकिन एचएएल अमेरिकी इंजन की डिलीवरी में देरी की वजह से अभी तक एक भी एयरक्राफ्ट नहीं सौंप पाया है। उम्मीद है कि 2028 तक एचएएल सभी एयरक्राफ्ट्स वायुसेना को सौंप देगा। इसके लिए एचएएल को जीई की ओर से अभी तक 4 इंजन भी मिल चुके हैं। एलसीए तेजस मार्क-1ए लड़ाकू विमान को पाकिस्तान बॉर्डर के पास राजस्थान के बीकानेर स्थित नाल एयरबेस पर तैनात करने की योजना है। रक्षा मंत्रालय ने बताया था कि इस जेट में स्वयं रक्षा कवच और कंट्रोल एक्चुएटर होंगे। तेजस मार्क-1ए के 65 फीसदी से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। मार्क 1ए, सिंगल इंजन वाले तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। यह चौथी पीढ़ी का हल्का लड़ाकू विमान है, जो कम वजन के बावजूद बेहद फुर्तीला है। इसमें अपग्रेडेड एवियानिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। तेजस के पुराने वर्जन को भी एचएएल ने डेवलप किया है।



■ एचएएल और अमेरिकी कंपनी में 8870 करोड़ की डील 2027 से 2032 के बीच होगी डिलीवरी

# इथियोपियाई सरकार पर सशस्त्र हमले का आरोप

**अदीस अबाबा।** इथियोपिया में टाइग्रे पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट (टीपीएलएफ) ने सरकार पर अफ़ार क्षेत्र में सशस्त्र हमला करने का आरोप लगाया है, जिसमें कई लोग हताहत हुए हैं। अदीस स्टैंडर्ड अखबार में टीपीएलएफ का यह बयान प्रकाशित हुआ है। शुक्रवार को जारी टीपीएलएफ के बयान में कहा गया है कि ड्रोन हमला 6 नवम्बर की रात को हुआ, जिसमें टीपीएलएफ बलों और स्थानीय निवासियों के बीच संघर्ष में कई लोग हताहत हुए। टीपीएलएफ ने आगे दावा किया कि संघीय बलों और सहयोगी मिलिशिया ने भारी तोपखाने की गोलाबारी शुरू करने से पहले एक सड़क को अवरुद्ध करने का प्रयास किया और उन पर शांति समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। इसके अलावा, गुरुवार को जारी टीपीएलएफ के बयान में आरोप लगाया गया कि इथियोपियाई सरकार ने अफ़ार क्षेत्र में अस्थिरता पैदा करने के लिए भाड़े के सैनिकों को संगठित किया था और उन्हें हथियार मुहैया कराए थे। उत्तरी इथियोपिया में संघर्ष नवम्बर 2020 में तब शुरू हुआ जब टाइग्रे के अधिकारियों ने टीपीएलएफ पर एक सैन्य अड्डे पर हमला करने का आरोप लगाया।

# प्रियंका चोपड़ा राजामौली की अगली फिल्म में करेंगी काम

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनास ने कहा है कि वह एसएस राजामौली की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म का हिस्सा होंगी जिसका नाम संभवत: ग्लोबट्रॉटर होगा। इस फिल्म में महेश बाबू भी मुख्य भूमिका में होंगे। अभिनेत्री प्रियंका ने सोशल मीडिया पर एक लेख का स्क्रीनशॉट साझा किया है, जिसमें इस परियोजना में उनकी कास्टिंग की घोषणा की गई है। यद्यपि फिल्म में उनके काम करने का अभी खुलासा नहीं किया गया है लेकिन इस खबर ने उनके प्रशंसकों के बीच उत्साह की लहर पैदा कर दी है। फिल्म के अमेरिका में वितरण को लेकर भी चर्चा चल रही है।

प्रियंका और महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर फिर से फिल्म के पोस्टर को शेयर किया। उल्लेखनीय है कि प्रियंका चोपड़ा अभी हाल ही में ग्लोबट्रॉटर के निर्माण के बाबत भारत आई थीं और महेश के साथ उन्होंने ऑनलाइन हल्की-फुल्की बातचीत की, जिससे फिल्म में उनकी भूमिका को लेकर कयास लगाए जाने लगे। गौरतलब है कि निर्माता जल्द ही महेश बाबू और प्रियंका चोपड़ा का पहला लुक जारी करने वाले हैं। इस साल की शुरुआत में उन्होंने एक हैशटैग के साथ ग्लोबट्रॉटर के पोस्टर को जारी करके अपने प्रशंसकों को उत्साहित किया था, लेकिन इससे यह पुष्टि नहीं होती थी कि यह आधिकारिक शीर्षक है या नहीं।

महेश बाबू ने भी सोशल मीडिया पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए लिखा, आप सभी के प्यार के लिए धन्यवाद। मैं भी आप सभी की तरह नवंबर 2025 का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं ताकि हम साथ मिलकर ग्लोबट्रॉटर का आनंद ले सकें।ष

हालांकि फिल्म की कहानी के विवरण को अभी बताए जाने से इनकार किया जा रहा है। लेकिन राजामौली की इसे अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक बताया जा रहा है।

# अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक



अनुष्का सात साल बाद फिल्मों में कर सकती हैं कमबैक-

मुंबई। एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा को लीड एक्ट्रेस के तौर पर आखिरी बार साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म जीरो में देखा गया था। इसके बाद उन्होंने फिल्म चकदा एक्सप्रेस की शूटिंग पूरी की थी, लेकिन यह फिल्म अब तक रिलीज नहीं हुई। हालांकि, अनुष्का जल्द ही लीड एक्ट्रेस के तौर पर सात साल बाद कमबैक कर सकती हैं। दरअसल, चकदा एक्सप्रेस क्रिकेटर झूलन गोस्वामी की बायोपिक है, जिसमें अनुष्का शर्मा लीड रोल में हैं। हालांकि यह बायोपिक करीब तीन साल से नेटफ्लिक्स के पास पड़ी है। फिल्म को प्लेटफॉर्म और प्रोडक्शन हाउस क्लीन स्लेट फिल्म्स के बीच अनबन के चलते रिलीज नहीं किया जा रहा है। अब मिड-डे की रिपोर्ट में सामने आया है कि हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के वनडे वर्ल्ड कप जीतने के बाद फिल्म चकदा एक्सप्रेस के प्रोडड्यूसर्स अब इसकी रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। प्रोडड्यूसर्स ने नेटफ्लिक्स इंडिया के शीर्ष अधिकारियों को पत्र लिखकर फिल्म रिलीज करने की अपील की है। कप्तान रह चुकी हैं। एक सूत्र ने बताया, हमने नेटफ्लिक्स इंडिया के टॉप अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से लिखा है कि वे इस विवाद से ऊपर उठकर फिल्म रिलीज करें। झूलन दी जैसी दिग्गज पर बनी बायोपिक दर्शकों तक जरूर पहुंचनी चाहिए। सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म कई सालों से अटकी हुई है क्योंकि नेटफ्लिक्स के अधिकारियों को इसका रिजल्ट पसंद नहीं आया। प्रोडक्शन हाउस का बजट खत्म हो गया था और प्लेटफॉर्म हैड्स को प्रोजेक्ट का साइज ठीक नहीं लगा। फिर भी फिल्म मजबूत है। एक अन्य सूत्र ने बताया कि टीम ने फिल्म पर फिर से चर्चा शुरू की है और इस महीने के भीतर रिलीज को लेकर फैसला लिया जा सकता है। बता दें कि अनुष्का शर्मा ने आखिरी बार साल 2018 में फिल्म श्जीरोश में लीड एक्ट्रेस के तौर पर काम किया था।



# जलवायु परिवर्तन विश्व के समक्ष एक बड़ी चुनौती: जीनत अमान

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री जीनत अमान ने मौसमी बदलावों और जलवायु परिवर्तन को विश्व के समक्ष एक बड़ी चुनौती करार देते हुए कहा है कि यह कोई दूर की समस्या नहीं है बल्कि इस समय हमारे आसपास घटित हो रही है लेकिन हम इसे अनदेखा करते जा रहे है।

अमान ने भारत मंडपम, प्रगति मैदान में मोबियस फ़ाउंडेशन की वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी के सहयोग से बनी बहुप्रतीक्षित 10-एपिसोड की वृत्तचित्र श्रृंखला एम्ब्रेस ऑफ होप: द फाइट फॉर अवर फ्यूचर के प्रीमियर के अवसर पर यह बात कही। अमान ने कहा जलवायु परिवर्तन और उसके खतरों के बारे में हमें यह संदेश हर व्यक्ति तक पहुंचाना होगा। हममें से बहुत से लोग इस विषय को लेकर उतने सक्रिय नहीं है। व्यक्तिगत रूप से और समाज के एक हिस्से के रूप में हम जलवायु परिवर्तन को केवल घटित होते हुए देखते रहे हैं लेकिन अब समय आ गया है कि हम इसे लेकर गंभीर हों और इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई करें।

# हॉलीवुड फिल्म से जुड़ी श्रद्धा कपूर



**मुंबई।** डिज्नी की एनिमेटेड फिल्म जूटोपिया 2 हिंदी में भी रिलीज होगी। इस हॉलीवुड फिल्म के हिंदी वर्जन में एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर फिल्म के किरदार जूडी हाप्स को अपनी आवाज देंगी। यह फिल्म भारत में 28 नवम्बर को हिंदी, तमिल, तेलुगु और अंग्रेजी भाषाओं में रिलीज होगी। वहीं अमेरिका में 2 दिन पहले 26 नवंबर को मूवी रिलीज होगी। फिल्म के हिंदी वर्जन की घोषणा के दौरान इवेंट में श्रद्धा ने बताया कि उन्हें जूडी हाप्स का रोल उनकी पर्सनैलिटी के काफी करीब लगा। श्रद्धा ने कहा, जूडी हाप्स का रोल मुझसे काफी मिलता-जुलता है। वो समझदार है, हमेशा पाजिटिव रहती है और उसका जो हमेशा जोश में रहने वाला स्वभाव है, उससे मैं पूरी तरह जुड़ सकती हूं। जब जरूरत होती है, तो वो सख्त होती है और वक्त आने पर नरम भी। जूडी बनकर काम करना मेरे लिए बहुत मजेदार था। जूडी हाप्स फिल्म जूटोपिया और जूटोपिया 2 की मुख्य किरदार है। श्रद्धा ने आगे बताया कि किसी एनिमेटेड किरदार को आवाज देना एक अलग तरह का अनुभव था। उन्होंने कहा, षकिसी एनिमेटेड कैरेक्टर को आवाज देना बिल्कुल अलग और मजेदार एहसास है। बचपन में हम सब कई लोगों की नकल किया करते थे और अब एक मजाकिया और कूल बनी को अपनी आवाज देना बहुत ही मजेदार रहा। मुझे अपनी आवाज को जूडी के मूड के हिसाब से बदलना पड़ता था, जब वह गुस्से में होती है या जब मस्ती कर रही होती है। यह सब एक्सप्लोर करना बहुत अच्छा लगा। इसके लिए आपको सच में उस कैरेक्टर की आवाज बनना पड़ता है। इवेंट के दौरान मीडिया को फिल्म की एक झलक भी दिखाई गई, जिसमें श्रद्धा की आवाज में जूडी हाप्स के एक्सप्रेशन और एनर्जी को दिखाया गया।

# ऐश्वर्या के भाई वाला रोल करने को तैयार थे सलमान



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान और आमिर खान ने कभी एक ही फिल्म में साथ काम नहीं किया है। अब प्रोडड्यूसर रतन जैन ने बताया कि दोनों को फिल्म जोश में एक साथ कास्ट करने की प्लानिंग थी। हालांकि बाद में शाहरुख और चंद्रचूड़ सिंह ने वो रोल किए जो पहले शाहरुख और आमिर के लिए तय थे। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय भी थीं और ऐश्वर्या के भाई वाला रोल सलमान खान को भी आफर हुआ था। जिसको वो करने के लिए तैयार भी हो गए थे। हाल ही में रतन जैन ने ज्ट9 भारतवर्ष से बातचीत में बताया कि वो चाहते थे शाहरुख फिल्म में मैक्स का रोल करें, लेकिन फिल्म के डायरेक्टर मंसूर खान आमिर को मैक्स के रोल लेना चाहते थे। बता दें कि मंसूर आमिर खान के कजिन हैं। आमिर ने अपने करियर की शुरुआत मंसूर की फिल्म कयामत से कयामत तक से की थी। रतन जैन ने खिलाड़ी, बाजीगर और धड़कन जैसी हिट हिंदी फिल्मों का निर्माण किया है। रतन ने कहा, ष्हमने तय किया था कि आमिर वो रोल करेंगे जो चंद्रचूड़ ने निभाया और शाहरुख मैक्स बनेंगे। मंसूर ने कहा कि आमिर मैक्स करना चाहते हैं। मैंने कहा, 'बिल्कुल नहीं, ये रोल सिर्फ शाहरुख करेंगे, वर्ना मैं फिल्म नहीं बनाऊंगा। रतन ने बताया कि जब शाहरुख को पता चला कि आमिर भी वही रोल करना चाहते हैं, तो उन्होंने डायरेक्टर और टीम से जाइंट नरेशन रखने को कहा। रतन ने बताया, ष्नरेशन शुरू होने से पहले मंसूर ने कहा कि आमिर मैक्स करना चाहते हैं। जिसके चलते शाहरुख ने जूते पहने और चले गए। उन्होंने कहा, 'तो फिर मैं ये फिल्म नहीं करूंगा। शाहरुख के प्रोजेक्ट छोड़ने के बाद मंसूर ने मैक्स के रोल के लिए आमिर को लेने की बात कही, लेकिन रतन इस पर राजी नहीं हुए। बाद में दोनों स्टार्स ने फिल्म छोड़ दी।

## सलमान के हिट गाने ओ ओ जाने जाना का बच्चों पर हुआ था जबरदस्त असर

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मकार और अभिनेता सोहैल खान ने बताया है कि उनके भाई सलमान खान के सुपरहिट गाना ओ ओ जाने जाना का बच्चों पर जबरदस्त असर हुआ था। सलमान खान बॉलीवुड के सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं, जिन्होंने सच में लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। उन्होंने कई शानदार काम किए हैं और अपनी फिल्मी छवि से भी गहरा असर डाला है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण है उनका गाना ओ ओ जाने जानाष में बिना शर्ट दिखना, जिसने पूरी पीढ़ी में बॉडी बनाने का शौक बढ़ाया। इससे सिर्फ बड़े लोग अपनी बॉडी बनाने और फिट रहने के लिए प्रेरित नहीं हुए, बल्कि बच्चों के मन पर भी इसका असर पड़ा। सोहैल खान ने बताया है कि कैसे बच्चे दूध पीना शुरू कर देते थे क्योंकि वे सलमान जैसी बॉडी पाना चाहते थे।




# 28 नवम्बर को रिलीज होगी मनीष मल्होत्रा की फिल्म गुस्ताख इश्क

**मुंबई।** जानेमाने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा निर्मित पहली फिल्म गुस्ताख इश्क 28 नवम्बर को रिलीज होगी।

मनीष मल्होत्रा की फिल्म गुस्ताख इश्क कुछ पहले जैसा ने पुराने जमाने के प्यार और उसकी खूबसूरती को फिर से जदिा करने के लिए खूब चर्चा बटोरी है।अब दर्शकों को थोड़ा और इंतजार करना होगा, क्योंकि यह फिल्म 28 नवम्बर को रिलीज होगी।

गुस्ताख इश्क मनीष मल्होत्रा के लिए बहुत खास है यह उनके प्रोडक्शन हाउस स्टेज 5 प्रोडक्शन के तहत उनकी पहली फिल्म है। यह फिल्म उनके लिए फैशन और कहानी से आगे बढ़कर एक जुनूनी प्रेमकहानी है, जो क्लासिक रोमांस के दौर को फिर से लौटाने जा रही है।फिल्म के मेकर्स ने एक मोशन पोस्टर के जरिए नई रिलीज डेट का ऐलान किया है।

अब तक गुस्ताख इश्क अपने दिल छू लेने वाले म्यूजकि एल्बम से दर्शकों का दिल जीत चुकी है इसके तीन गाने उल जलूल इश्क', आप इस धूप और शहर तेरे लोगों की प्लेलिस्ट में लगातार छाए हुए हैं। ए तीनों गाने भले ही अलग हों, लेकिन इनका एहसास एक ही धागे से जुड़ा है प्यार और जुनून का। गुस्ताख इश्क मनीष मल्होत्रा के करियर का एक नया और रोमांचक अध्याय है एक ऐसी फिल्म जो पुराने जमाने की कहानियों की आत्मा को संजोए हुए है, लेकिन नजरें भविष्य की ओर रखती है।दीनिश मल्होत्रा के साथ मिलकर बनाई गई यह फिल्म विभु पुरी के निर्देशन में बनी है। यह फिल्म 28 नवम्बर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अन्विता का किरदार निभाना ताजगीभरा: सुम्बुल



**मुंबई।** सोनी सब के शो इत्ती सी खुशी में अन्विता का किरदार निभाना ताजगीभरा अनुभव रहा है। सोनी सब का चर्चित शो इत्ती सी खुशी अपनी नायिका अन्विता द्धसुम्बुल तौकीर खानक्ष के माध्यम से एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत कर रहा है ।एक ऐसी महिला की कहानी जो परंपराओं को चुनौती देने का साहस रखती है। जहां आमतौर पर टीवी की नायिकाएं अपने प्रियजनों के लिए हर कष्ट सहने और त्याग करने में ही महानता समझती हैं, वहीं अन्विता दर्दनाक परिस्थिति में खड़े होकर खुद के लिए खड़े होने का साहस दिखाती है।पारंपरिक नायिकाओं से अलग, जो अपनों को बचाने के लिए किसी भी हद तक चली जाती हैं, अन्विता तब भी अपने अस्तित्व को प्राथमिकता देती है जब मामला उसके खुद के परिवार का हो। उसका निर्णय स्वार्थ से नहीं, बल्कि अपने छोटे भाई-बहनों की भलाई के लिए अपनी सेहत और स्थिरता को बनाए रखने की सोच से प्रेरित है।जब उसके पिता सुहास द्धवरुण बडोलाक्ष को लिवर सिरोसिस का पता चलता है और उन्हें तुरंत ट्रांसप्लांट की जरूरत होती है, तब अन्विता को पता चलता है कि उसका लिवर मैच करता है। लेकिन तुरंत फैसला लेने के बजाय, वह ठहरकर अपने परिवार के भविष्य के बारे में सोचती है, खासकर अपने छोटे भाई-बहनों के बारे में, जो पूरी तरह उस पर निर्भर हैं। अपना लिवर दान न करने का उसका फैसला स्वार्थी नहीं, बल्कि गहरी समझ और दूरदृष्टि का प्रतीक है। अन्विता पल भर की भावना में नहीं, बल्कि पूरे परिवार के लंबे भविष्य को ध्यान में रखकर निर्णय लेती है। वह समझती है कि उसकी सेहत और मौजूदगी उसके परिवार की स्थिरता के लिए कितनी जरूरी है। परिणाम को सोच-समझकर तौलने का उसका तरीका आज की आधुनिक और यथार्थवादी प्रेम और जिम्मेदारी की समझ को दर्शाता है। अपने भाई-बहनों की सुरक्षा चुनकर, और एक जीवन की बजाय कई जीवनों को संतुलन में रखकर अन्विता एक नई तरह की सशक्त नायिका बनकर उभरती है। उसकी कहानी दर्शकों के लिए न सिर्फ भावनात्मक बल्कि विचारोत्त. ेजक भी है , जो यह सवाल उठाती है कि क्या प्रेम का अर्थ हमेशा त्याग ही होता है? आने वाले ट्रैक के बारे में बात करते हुए सुम्बुल ने कहा, ऐसा किरदार निभाना बहुत ताजगीभरा अनुभव है, जो अपनी नायकता को आत्मसमर्पण में नहीं बल्कि अपने विश्वास पर अडिग रहने में परिभाषित करती है। अन्विता की यात्रा साहस और करुणा की है। वह अपने पिता और भाई-बहनों से बेहद प्यार करती है, और उसका निर्णय गहरे भावनात्मक संघर्ष से उपजा है। कभी-कभी अपने प्रियजनों की देखभाल का मतलब सबसे कठिन फैसले लेना होता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108